CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, गुरुवार 22 जनवरी 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 7 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम : 19°C
न्यूनतम: 07°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com माघ शुक्ल पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 3 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



विधायिका समाज को दिशा देती है: योगी — पेज 2



बांग्लादेश को भारत में खेलो या बाहर होने का अल्टीमेटम — खेल टाइम्स



नेताजी सुभाष की मृत्यु: आयोग, फाइलें और अधूरा सत्य — सम्पादकीय



अमेरिकी दबदबे वाली व्यवस्था का अंत हुआ: मार्क कार्नी — पेज 12

# पाक सोशल मीडिया अकाउंट से पोस्ट हुआ सेना प्रमुख का वीडियो फर्जी: सरकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सरकार ने सोशल मीडिया पर पाकिस्तान के दुष्प्रचार पर आधारित सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी के उस कथित वीडियो को फर्जी करार दिया है जिसमें दावा किया गया है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान और चीन द्वारा इस्तेमाल की गई प्रौद्योगिकी तक पहुंचने में भारत को कम से कम 50 साल लगेंगे।

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय ने बुधवार को एक फैक्ट चेक पोस्ट में कहा कि सोशल मीडिया पर सेना प्रमुख से जुड़ा एक डिजिटल रूप से छेड़छाड़ किया गया वीडियो सामने आया है। यह वीडियो गलत जानकारी फैलाने और सशस्त्र बलों की विश्वसनीयता को कमजोर करने की कोशिशों के तहत जारी किया गया है। इस कथित वीडियो में जनरल द्विवेदी को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि भारत सैन्य प्रौद्योगिकी के मामले में अपने



विरोधियों से काफी पीछे है। सरकार ने कहा है कि यह बयान पूरी तरह से मनगढ़ंत और फर्जी है। सरकार की ओर से स्पष्ट किया गया है कि जनरल द्विवेदी ने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है और लोगों से अपील की है कि वे सतर्क रहें तथा भ्रामक सामग्री के बारे में जानकारी दें। यह मूल वीडियो 15 जनवरी को जयपुर में सेना दिवस परेड के दौरान जनरल द्विवेदी की मीडिया ब्रीफिंग का है। मूल बयान में सेना प्रमुख ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना की तेज और प्रभावी प्रतिक्रिया की सराहना की थी। उन्होंने बेहतर समन्वय, सटीक कार्रवाई और भविष्य के संघर्षों के लिए तैयारियों पर जोर दिया था। उन्होंने कहा था कि इस ऑपरेशन ने भारतीय सेना की त्वरित प्रतिक्रिया, बेहतर तालमेल और सटीक अभियान चलाने की क्षमता को दर्शाया है। उन्होंने कहा था कि सेना की सोच में बदलाव आया है और वह मौजूदा चुनौतियों के साथ-साथ भविष्य के युद्धों की तैयारी पर भी काम कर रही है।

## पाकिस्तान ने तोड़ा सीजफायर कुपवाड़ा बॉर्डर पर की फायरिंग

- **भारतीय सेना ने इलाके की घेराबंदी की और सर्च ऑपरेशन किया शुरू**

**कुपवाड़ा।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में बॉर्डर पर पाकिस्तान की ओर से 2 राउंड फायरिंग की गई। घटना केरन सेक्टर में मंगलवार देर रात हुई। सेना के सूत्रों के मुताबिक 6 राष्ट्रीय राइफल्स के जवान केरन बाला इलाके में हाईटेक सीसीटीवी कैमरे लगा रहे थे। इसी दौरान फायरिंग की गई। सीजफायर उल्लंघन पर भारतीय सेना ने भी जवाब दिया।

फायरिंग के बाद सेना ने इलाके की घेराबंदी की और सर्च ऑपरेशन शुरू किया। सूत्रों का कहना है कि पाकिस्तान की ओर से की गई फायरिंग घुसपैठियों की मदद के लिए की गई होगी। वहीं, जम्मू-कश्मीर के कठुआ में मंगलवार रात भारत-पाकिस्तान बॉर्डर के पास पाकिस्तानी ड्रोन नजर आया था। भारतीय सेना ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए अपने एंटी ड्रोन सिस्टम एक्टिवेट किए थे। इसके अलावा रामगढ़ सेक्टर में भी ड्रोन देखा गया था। सेना की जवाबी कार्रवाई के बाद ड्रोन पाकिस्तान की ओर लौट गया। 11 जनवरी को जम्मू-कश्मीर के सांबा, राजौरी और पुंछ में 5 ड्रोन देखे गए थे।

# भारत ने 48 रन से जीता पहला टी-20 मुकाबला

- **अभिषेक शर्मा ( 84 ) और रिंकू सिंह ( 44 ) ने खेलीं तूफानी पारियां**

**नागपुर।** भारत ने 48 रन से न्यूजीलैंड को पहले टी-20 मुकाबले में हराकर पांच मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली।

बुधवार को नागपुर के विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने अभिषेक शर्मा (84) और रिंकू सिंह (44) की तूफानी पारियों की मदद से 20 ओवर में सात विकेट पर 238 रन बनाए। यह टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में भारत का इस टीम के खिलाफ सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले भारत ने 2023 में न्यूजीलैंड के खिलाफ 234/4 का स्कोर बनाया था। जवाब में न्यूजीलैंड की टीम निर्धारित ओवरों में सात विकेट पर 190 रन ही बना पाई। उनके लिए ग्लेन फिलिप्स ने 78 रनों की पारी खेली। वहीं, भारत के लिए वरुण चक्रवर्ती और शिवम दुबे ने दो-दो विकेट लिए, अर्शदीप सिंह, हार्दिक पांड्या और अक्षर पटेल ने एक-एक सफलता अपने नाम की। अभिषेक और रिंकू सिंह की तूफानी पारियों की मदद से भारत ने न्यूजीलैंड के सामने 239 रन का लक्ष्य रखा था।

## संक्षिप्त समाचार

### उप्र राजभवन का नाम बदलकर जन भवन किया गया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के आधिकारिक आवास 'राजभवन' का नाम परिवर्तित कर 'जन भवन' किया गया है। बुधवार को यहां जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार 'गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा राज्यपाल के आधिकारिक आवासों के नामकरण के मानकीकरण के संबंध में निर्गत निर्देशों के अनुपालन में उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के आधिकारिक आवास का नाम परिवर्तन किया गया है। विज्ञप्ति के अनुसार पूर्व में 'राज भवन' के नाम से ज्ञात राज्यपाल के आधिकारिक आवास को अब 'जन भवन' नाम दिया गया है।

### ईरान में फंसे भारतीय छात्रों का दूसरा बैच भारत लौटा

**श्रीनगर।** ईरान में फंसे भारतीय छात्रों का दूसरा बैच मंगलवार रात को सुरक्षित भारत लौट आया है। जम्मू-कश्मीर स्टूडेंट्स एसोसिएशन (जेकेएसए) के मुताबिक, मौजूदा हालात के बीच यह वापसी छात्रों और उनके परिवारों के लिए बड़ी राहत लेकर आई है। जेकेएसए ने बताया कि छात्र दुबई और शारजाह के रास्ते एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-996 और एआई-930 से दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचे। सभी छात्र अपने खर्च पर भारत लौटे हैं। अब तक 200 से अधिक भारतीय छात्र ईरान से भारत लौट चुके हैं, जिनमें बड़ी संख्या जम्मू-कश्मीर के छात्रों की है।

### तीन फरवरी से आम लोगों के लिए खुल जाएगा अमृत उद्यान

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान आगामी तीन फरवरी से 31 मार्च तक आम लोगों के लिए खुला रहेगा। राष्ट्रपति सचिवालय ने बुधवार को बताया कि आगंतुक सप्ताह में छह दिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक (अंतिम प्रवेश 5.15 बजे) उद्यान में घूमने आ सकते हैं। उद्यान सोमवार को रखरखाव के लिए और 4 मार्च को होली के कारण बंद रहेगा। अमृत उद्यान के लिए पंजीकरण और प्रवेश नि:शुल्क है। बुकिंग अपेपज-तींजतंचंजपईंअंद-हव अ-पद/ पर की जा सकती है। आगंतुक प्रवेश द्वार के बाहर बने स्वयं सेवा कियोस्क से सीधे टिकट भी ले सकते हैं।

# अवैध खनन से ऐसा नुकसान जिसकी भरपाई असंभव: सुप्रीम कोर्ट

## अरावली पर्वतमाला मामले में शीर्ष अदालत ने की अहम टिप्पणी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- **अपना पुराना आदेश बरकरार रखा**
- **अरावली क्षेत्र में खनन आदि की व्यापक जांच के लिए एक विशेषज्ञ समिति गठित करने का फैसला**
- **कहा: अरावली जैसे संवेदनशील क्षेत्र में अवैध खनन केवल पर्यावरण ही नहीं, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए भी गंभीर खतरा है**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अरावली पर्वतमाला में अवैध खनन को लेकर गंभीर चिंता जताते हुए कहा है कि इससे पर्यावरण को अपूरणीय क्षति पहुंच सकती है। इस मुद्दे पर सख्त रुख अपनाते हुए अदालत ने अरावली क्षेत्र में खनन और उससे जुड़े सभी पहलुओं की व्यापक जांच के लिए एक विशेषज्ञ समिति गठित करने का फैसला किया है।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची तथा न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ ने कहा कि अरावली जैसे संवेदनशील क्षेत्र में अवैध खनन केवल पर्यावरण ही नहीं, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए भी गंभीर खतरा है। अदालत ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी और एमिकस क्यूरी के. परमेश्वर को निर्देश दिए हैं कि वे चार सप्ताह के भीतर खनन से संबंधित मामलों में विशेषज्ञता रखने वाले पर्यावरणविदों और वैज्ञानिकों के नाम सुझाएं, ताकि एक उच्चस्तरीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया जा सके। यह समिति सुप्रीम कोर्ट की निगरानी और मार्गदर्शन में कार्य करेगी। सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि अरावली क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में अवैध खनन की गतिविधियां सामने आ रही हैं। इस पर राजस्थान सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज ने अदालत को आश्वस्त किया कि राज्य में किसी भी तरह का अवैध खनन नहीं होने दिया जाएगा। इस बीच सुप्रीम कोर्ट ने अरावली पहाड़ियों और श्रेणियों की एक समान परिभाषा को लेकर 20 नवम्बर को दिए गए अपने आदेश को फिलहाल स्थगित रखने का निर्णय भी बरकरार रखा है। अदालत ने इससे पहले कहा था कि नई परिभाषा में कुछ गंभीर अस्पष्टताएं हैं, जिनका समाधान किया जाना आवश्यक है। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने 20 नवम्बर को दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात में फैली अरावली पर्वतमाला में नई खनन लीज जारी करने पर रोक लगा दी थी। यह रोक विशेषज्ञों की रिपोर्ट आने तक लागू की गई थी। यह निर्णय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समिति की सिफारिशों के आधार पर लिया गया था, जिसका उद्देश्य दुनिया की सबसे प्राचीन पर्वतमालाओं में से एक अरावली का संरक्षण करना है। अब सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित की जाने वाली विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट के आधार पर ही अरावली क्षेत्र में खनन और संरक्षण से जुड़े आगे के निर्णय लिए जाएंगे।

# सनातन पर उदयनिधि का बयान हेट स्पीच: मद्रास हाईकोर्ट

**चेन्नई, वार्ता**



- **कहा: तमिलनाडु के डिप्टी सीएम का यह बयान नरसंहार या संस्कृतिक नरसंहार का संकेत देता है**

**मद्रास हाईकोर्ट** ने बुधवार को कहा कि तमिलनाडु के डिप्टी सीएम उदयनिधि स्टालिन की सनातन के खिलाफ की गई बातें हेट स्पीच के दायरे में आती हैं। कोर्ट ने यह टिप्पणी स्टालिन के तीन साल पुराने बयान को लेकर की। साल 2023 में उदयनिधि ने सनातन धर्म की तुलना डेंगू और मलेरिया से करते हुए कहा था कि इसे मिटा देना चाहिए। इस बयान का काफी विरोध हुआ।

भाजपा आईटी विभाग के हेड अमित मालवीय ने स्टालिन के भाषण का वीडियो सोशल मीडिया पर डाला। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या यह बयान देश के 80 फीसदी सनातन धर्म मानने वालों के खिलाफ है। हालांकि स्टालिन की डीएमके पार्टी के एक नेता ने उल्टा मालवीय के खिलाफ केस कर दिया। आरोप लगाया कि मालवीय ने स्टालिन के बयान को तोड़-मरोड़ के पेश किया। मालवीय ने एफआईआर के खिलाफ कोर्ट में याचिका लगाई। तीन साल बाद मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै बेंच ने अब एफआईआर को रद्द कर दिया है। जस्टिस एस. श्रीमथी ने कहा कि मालवीय ने स्टालिन के बयान पर केवल प्रतिक्रिया दी थी। ऐसी प्रतिक्रिया पर केस चलाना कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा। हाईकोर्ट ने कहा कि दुख की बात यह है कि हेट स्पीच देने वाले पर कोई केस नहीं, जबकि उस पर प्रतिक्रिया देने वाले पर एफआईआर दर्ज कर दी गई। आज की स्थिति में हेट स्पीच शुरू करने वाले बच जाते हैं और सवाल उठाने वालों को कानून का सामना करना पड़ता है। सनातन को खत्म करने जैसे शब्दों का अर्थ सिर्फ विरोध नहीं, बल्कि उसे मानने वालों के अस्तित्व पर सवाल उठाने जैसा है, जो हेट स्पीच की श्रेणी में आता है। स्टालिन का यह बयान नरसंहार या संस्कृतिक नरसंहार का संकेत देता है।

# वायुसेना का ट्रेनी विमान तालाब में गिरा, दोनों पायलट सुरक्षित

- **दोनों पायलटों ने पैराशूट खोलकर विमान से छलांग लगाई**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में बुधवार को भारतीय वायुसेना का एक ट्रेनी विमान तकनीकी खराबी के चलते दुर्घटनाग्रस्त होकर अचानक एक तालाब में गिर गया।

विमान में सवार दोनों पायलटों ने समय रहते पैराशूट खोलकर विमान से छलांग लगा दी। जिससे उनकी जान बच गई। तेज धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और तालाब में उतरकर दोनों पायलटों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पायलटों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया।

# सोना-चांदी में रिकॉर्ड तोड़ उछाल जारी

- **सोना 1.57 लाख के पार, चांदी भी 3.34 लाख की नई ऊंचाई पर**

**नई दिल्ली।** मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोना बुधवार को पहली बार 1.57 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया।

एक्सचेंज से मिली जानकारी के अनुसार, शाम 4.30 बजे सोना वायदा पिछले दिवस की तुलना में 7,132 रुपये (4.75 प्रतिशत) की तेजी के साथ 1,57,697 रुपये प्रति दस ग्राम बोला गया। यह सोने का अब तक का उच्चतम स्तर है। चांदी ने भी 10,228 रुपये ( 3.16 प्रतिशत) की तेजी के साथ पहली बार 3,33,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंचकर नया रिकॉर्ड बनाया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ग्रीनलैंड मुद्दे पर की गई कार्रवाई और दिए गए बयानों से विदेशों में भी निवेशकों ने सुरक्षित धातु की शरण ली जिससे सोने में तेजी देखी गई। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सोना वायदा 2.12 प्रतिशत उछलकर 4,867 डॉलर प्रति औंस बोला गया। यह पहली बार 4,800 डॉलर पर पहुंचा है। यह लगातार तीसरी तेजी है। चांदी में विदेशों में 0.42 प्रतिशत का उछाल आया और यह 0.394 डॉलर चढ़कर 95.03 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई।

# अनुज चौधरी पर FIR का आदेश देने वाले सम्भल जज का ट्रांसफर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- **उप्र में 14 और जजों के ट्रांसफर किए गए, कुछ जजों की जगह अदला- बदली भी की गई**

**लखनऊ/ सम्भल।** उत्तर प्रदेश का सम्भल पिछले कई महीनों से लगातार चर्चा में बना हुआ है। चर्चा में होने की कई वजहें रही हैं। पहले यहां हुई हिंसा और बाद में हुई कार्रवाई भी चर्चा की वजह बनी रही है। अब यहां मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) विभांशु सुधीर का ट्रांसफर हो गया है। यही वजह है कि एक बार फिर सम्भल फिर चर्चा में आ गया है।

खास बात यह है कि विभांशु सुधीर वही जज हैं, जिन्होंने 9 जनवरी को एएसपी अनुज चौधरी समेत 20 पुलिसकर्मियों पर एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया था। अब सम्भल का नया सीजेएम आदित्य सिंह को बनाया गया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट की तरफ से एक लिस्ट जारी की गई थी। इस लिस्ट में 14 जजों के ट्रांसफर किए गए हैं। कुछ जजों की जगह अदला-बदली भी की गई है। सबसे चौंकाने वाला नाम इस लिस्ट में सम्भल के सीजेएम का था। ऐसा इसलिए क्योंकि वह 9 जनवरी के बाद से ही चर्चा में बने हुए थे। सीजेएम विभांशु सुधीर ने 9 जनवरी को मामले की सुनवाई के दौरान आदेश दिया था कि एएसपी अनुज चौधरी समेत अन्य 20 अन्य पुलिसकर्मियों पर केस दर्ज किया जाए।

### सम्भल में वकीलों का प्रदर्शन

सम्भल में सीजेएम विभांशु सुधीर के ट्रासफर के बाद वकीलों का गुस्सा फूट पड़ा है। बुधवार को दर्जनों वकीलों ने कोर्ट के बाहर जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान वकीलों ने सीजेएम साहब को वापस लाओ के नारे लगाए।

# मॉडर्न वॉर में एयर पावर निर्णायक: वायुसेना चीफ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- **कहा: मजबूत सैन्य ताकत बनने को इस पर फोकस जरूरी**
- **ऑपरेशन सिंदूर में पाक घुटनों पर आया**



**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने आधुनिक युद्ध में वायुसेना की बढ़ती भूमिका पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई हो या संघर्ष क्षेत्रों में ऑपरेशन, एयरफोर्स ने तेज और निर्णायक नतीजे दिए हैं।

नई दिल्ली में आयोजित 22वें सुब्रतो मुखर्जी सेमिनार को संबोधित करते हुए उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान में कई ठिकानों पर कुछ ही घंटों में हमले की क्षमता का जिक्र किया। चीफ मार्शल ने आगे कहा कि यदि हमें एक प्रभावशाली शक्ति बनना है तो इस हिस्से पर ध्यान केंद्रित करना बेहद जरूरी है। चाहे वह संघर्ष क्षेत्र से लोगों को सुरक्षित निकालने की बात हो, आतंकवादी ढांचे और उनके अपराधियों पर प्रहार करना हो। या फिर कुछ ही घंटों में पाकिस्तान के ठिकानों पर हमला कर यह संदेश देना हो कि अब बहुत हो चुका है और उन्हें घुटनों पर लाया जा सके। हर जगह वायु शक्ति ने ही निर्णायक भूमिका निभाई है। ऑपरेशन सिंदूर सैन्य सटीकता और रणनीतिक संघर्ष समाधान का एक महत्वपूर्ण उदाहरण रहा। यह अभियान 7 मई 2025 को शुरू किया गया था। ऑपेशन का मकसद 22 अप्रैल 2025 को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के कब्जे वाले क्षेत्रों में मौजूद आतंकवादी ढांचे को नष्ट करना था। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के 12 से 13 लड़ाकू विमान मार गिराए थे। इनमें जमीन पर मौजूद चार से पांच एफ-16 और हवा में पांच एफ-16 एवं जेएफ-17 शामिल थे। इसके अलावा दो जासूसी विमान भी तबाह किए गए। इससे पहले वायुसेना दिवस के अवसर पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में एयर चीफ ने बताया था कि एस-400 ट्रायम्फ 'सुदर्शन चक्र' लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली का इस्तेमाल कर पाकिस्तान के पांच लड़ाकू विमान गिराए गए थे।

CMYK



## संक्षिप्त समाचार

### महंत नृत्य गोपाल दास की तबियत बिगड़ी मेदांता में भर्ती

**लखनऊ।** श्रीरामजन्मभूमि ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं मणिराम छावनी के महंत नृत्य गोपाल दास की तबीयत अचानक फिर बिगड़ने पर बुधवार को इलाज के लिए उन्हें लखनऊ के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां पर विशेषज्ञों की देख रेख में उनका उपचार चल रहा है। बताया जा रहा है कि महंत ने पिछले 36 घंटे से कुछ भी नहीं खाया है। उल्टी दस्त की समस्या के बाद महंत नृत्य गोपाल दास को लगातार कमजोरी महसूस होने पर चिकित्सक की निगरानी में रखा गया, लेकिन वह कुछ भी अन्न ग्रहण नहीं कर पा रहे हैं। अस्पताल के निदेशक डा. राकेश कपूर ने उनके भर्ती होने की पुष्टि करते हुए कहा कि अभी आधे घण्टे पूर्व आए हैं। इमरजेंसी में महंत नृत्य गोपाल दास की जांच चल रही है। जांच के आधार पर इलाज की दिशा तय की जाएगी।

### पर्यावरण मंत्रालय में 'वंदे मातरम' का सामूहिक गायन

**नई दिल्ली।** पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में बुधवार को यहां वंदे मातरम के सामूहिक गायन का आयोजन किया। मंत्रालय में सचिव तन्मय कुमार के नेतृत्व में इस कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी राष्ट्र गीत की भावपूर्ण प्रस्तुति में शामिल हुए और यहां इंदिरा पर्यावरण भवन में मंत्रालय के परिसर में राष्ट्रीय गीत के सामूहिक गायन की ध्वनि गूंजी। सामूहिक गायन का आयोजन देश के विभिन्न हिस्सों में मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालयों में किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सोमवार 19 जनवरी से रविवार 26 जनवरी तक राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष के स्मरणोत्सव के चरण-2 के हिस्से के रूप में मनाया जा रहा है।

### न्याय, समता और बंधुता भारतीय संविधान की आत्मा

# विधायिका समाज को दिशा देती है : योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ मुख्यमंत्री ने कहा: न्याय कैसे प्राप्त किया जाए, इसका मार्ग विधायिका तय करती है
■ भव्य जनोत्सव के रूप में मनाया जाएगा इस वर्ष उत्तर प्रदेश दिवस-2026: सीएम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि न्याय, समता और बंधुता भारतीय संविधान की आत्मा हैं और इन्हीं मूल्यों के आधार पर देश की विधायिका समाज को दिशा देने का कार्य करती है। मुख्यमंत्री ने यह बात लखनऊ में आयोजित अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कही।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश की राजधानी इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय आयोजन की साक्षी बनी है। उन्होंने कहा कि जो लोग इस सम्मेलन से सीधे जुड़े हैं, वे अपने अनुभवों के माध्यम से इसकी गंभीरता और उपयोगिता को महसूस कर रहे हैं, जबकि अन्य लोग मीडिया के जरिए इसकी जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने सम्मेलन में शामिल सभी पीठासीन अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह मंच केवल संवाद का अवसर नहीं है, बल्कि यह तय करने का भी माध्यम है कि लो. कतांत्रिक संस्थाओं का उपयोग कैसे किया जाए और वे किस दिशा में आगे बढ़ें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि न्याय कैसे प्राप्त किया जाए, इसका मार्ग विधायिका तय करती है, क्योंकि वही ऐसे कानूनों का निर्माण करती है, जो समाज के प्रत्येक वर्ग को न्याय दिलाने में सहायक होते हैं। उन्होंने कहा कि विधायिका समतामूलक समाज की स्थापना का माध्यम है। उन्होंने कहा कि बंधुता का अर्थ यह है कि सहमति और असहमति के बावजूद हम सब एक साथ आगे बढ़ते हैं और लोकतांत्रिक मर्यादाओं का सम्मान करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सशक्त विधायिका ही सशक्त लोकतंत्र की आधारशिला है और ऐसे आयोजनों से देश में बेहतर संसदीय परंपराओं को मजबूती मिलती है। दूसरी ओर उत्तर प्रदेश दिवस-2026 को इस वर्ष व्यापक जनभागीदारी के साथ भव्य जनोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। 24 से 26 जनवरी तक आयोजित होने वाले इस तीन दिवसीय आयोजन में प्रदेश की संस्कृति, शिल्प, व्यंजन और विकास यात्रा को एक साथ प्रस्तुत किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को उत्तर प्रदेश दिवस की तैयारियों की समीक्षा करते हुए यह निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस केवल औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि प्रदेश की पहचान, उपलब्धियों और संभावनाओं को जनसहयोग के साथ सामने लाने का अवसर है। इस वर्ष केन्द्रीय गृह एवं सहका. रिता मंत्री अमित शाह उत्तर प्रदेश दिवस-2026 के मुख्य अतिथि होंगे, जिससे आयोजन को राष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान मिलेगी।

### मुख्यमंत्री योगी ने मेघालय, मणिपुर और त्रिपुरा के स्थापना दिवस पर दी शुभकामनाएं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेघालय, मणिपुर और त्रिपुरा के स्थापना दिवस के अवसर पर इन राज्यों के नागरिकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने इन पूर्वोत्तर राज्यों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं और विकास की निरंतर प्रगति की कामना की। योगी आदित्यनाथ ने मेघालय राज्य के स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पुरातन परंपराओं के अनुपम प्रतीक मेघालय की पहचान उसकी प्रकृति, संस्कृति, संस्कार और लोक आस्था से है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि यह राज्य उन्नति और प्रगति के नए-नए आयाम गढ़ते हुए विकास की नवीन ऊंचाइयों को स्पर्श करता रहे।

# क्षमा याचना से मन हल्का होता है: अखिलेश यादव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बीते दिनों प्रयागराज में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के साथ घटित घटना को लेकर भाजपा सरकार को नसीहत दी है।

अखिलेश ने कहा कि किसी अन्य की गलती के लिए भी यदि कोई व्यक्ति अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ा हो, तो भी क्षमा मांगने से कोई छोटा नहीं हो जाता। बल्कि क्षमा याचना से मन हल्का होता है और वातावरण में सकारात्मकता आती है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए कहा कि महान और विवेकशील लोग जानते हैं कि किसी धृष्टता या अनु. चत व्यवहार के पीछे कई बार किसी अन्य व्यक्ति का व्यक्तिगत कारण अथवा स्वार्थ छिपा होता है। ऐसे में बड़े मन से क्षमा स्वीकार करना और स्नेह-आशीर्वाद देना ही महानता का प्रतीक है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी संस्कृति ने सदियों से क्षमा के महत्व को सर्वोच्च स्थान दिया है और इसी भावना को दर्शाते हुए कहा गया है- 'क्षमा वीरस्य भूषणम।' उन्होंने कहा कि समाज में शांति, सद्भाव और सम्मान बनाए रखना सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।

# लखनऊ बना उप्र का पहला 'शत प्रतिशत कचरा संशोधित' शहर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली/लखनऊ।** शहरी स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है और वह राज्य का पहला 'शत प्रतिशत कचरा संशोधित' (जीरो फ्रेश वेस्ट डंप) शहर बन गया है।

लखनऊ ने यह उपलब्धि 'स्वच्छ भारत मिशन- शहरी' के अंतर्गत लखनऊ नगर निगम (एलएमसी) द्वारा शहर के 100 प्रतिशत ठोस अपशिष्ट (कचरा) के वैज्ञानिक प्रसंस्करण के साथ हासिल की है। इस उपलब्धि की नींव शिवारि ठोस कचरा प्रबंधन संयंत्र (सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट) के शुभारंभ के साथ रखी गई, जिसकी प्रसंस्करण क्षमता 700 मीट्रिक टन प्रतिदिन है। इस प्लांट के शुरू होने के बाद लखनऊ नगर निगम के पास अब कुल तीन आधुनिक कचरा प्रसंस्करण संयंत्र हो गए हैं, जिनकी संयुक्त क्षमता 2,100 मीट्रिक टन प्रतिदिन है। इससे शहर में उत्पन्न होने वाले संपूर्ण दैनिक कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निपटान संभव हो गया है और खुले में कचरा डंप करने की आवश्यकता समाप्त हो गई है। लखनऊ करीब 40 लाख की आबादी और 7.5 लाख से अधिक प्रतिष्ठानों वाला एक तेजी से बढ़ता शहरी केंद्र है। बढ़ती आबादी के साथ कचरा प्रबंधन एक बड़ी चुनौती रहा है, जिसे नगर निगम ने वैज्ञानिक अपशिष्ट निपटान, संसाधन पुनर्प्राप्ति और सतत शहरी विकास की बहु-आयामी रणनीति के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रबंधन किया है। नगर निगम और भूमि ग्रीन एनर्जी के सहयोग से स्थापित तीनों संयंत्रों में प्रतिदिन उत्पन्न लगभग 2,000 मीट्रिक टन कचरे का प्रसंस्करण किया जा रहा है। कचरे का 55 प्रतिशत जैविक और 45 प्रतिशत अजैविक वर्गों में बांटा जाता है। जैविक कचरे से कंपोस्ट और बायोगैस का उत्पादन होता है, जबकि अजैविक कचरे को पुनर्चक्रित अथवा रिफ्यूज डिराइव्ड फ्यूल (आरडीएफ) में बदलकर सीमेंट और कागज उद्योगों में उपयोग किया जा रहा है।

# खड़गे-राहुल मनरेगा श्रमिकों से करेंगे सीधा संवाद

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ कार्यक्रम में देश के 25 राज्यों से 400 से अधिक मनरेगा श्रमिक तथा कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे

कांग्रेस ने गुरुवार को यहां महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना-मनरेगा पर एक राष्ट्रीय संवाद का आयोजन किया है, जिसमें देश के करीब 25 राज्यों से 400 से अधिक मनरेगा श्रमिक तथा कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे और मनरेगा को खत्म करने से हो रहे नुकसान पर व्यापक चर्चा करेंगे।

कांग्रेस रचनात्मक विभाग के प्रमुख संदीप दीक्षित ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मनरेगा लोगों को अधिकार के रूप में मिला है, लेकिन भाजपा सरकार ने इस अधिकार को छीना है और कांग्रेस इसका विरोध कर रही है और इसकी बहाली के लिए देशव्यापी आंदोलन चला रही है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने मनरेगा में काम किया है उनके विचार से रू ब रू होने के मद्देनजर गुरुवार को यहां जवाहर भवन में संवाद कार्यक्रम रखा गया है, जिसमें मनरेगा से जुड़े देशभर से आए लोग चर्चा करेंगे और आगे के लिए रणनीति बनाएंगे। इस कार्यक्रम में करीब 25 राज्यों से मनरेगा के रूप में काम करने वाले श्रमिकों के साथ ही मनरेगा के लिए काम करने वाले लोग भी शामिल होंगे और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी मनरेगा श्रमिकों के साथ सीधा संवाद करेंगे। उन्होंने कहा कि मनरेगा को बदलकर भाजपा जिस नए एक्ट (वीबी-जी राम जी) को लाई है, उसका कांग्रेस लगातार विरोध कर रही है। कई राज्यों और जिलों में 'मनरेगा बचाओ अभियान' चलाया जा रहा है। आखिर सरकार ने श्रमिकों के अधिकारों पर हमला किया है। पंचायत के लोग इस कार्यक्रम में बताएंगे कि किस तरह से मनरेगा ने उनकी मदद की है और उनके गांवों में विकास कार्य हुआ है इन सब मुद्दों पर इसमें चर्चा की जाएगी। कांग्रेस नेता ने कहा कि मनरेगा योजना कोविड के समय में करोड़ों लोगो के लिए एक संजीवनी बनी थी। मनरेगा ने लोगों के मन में अपनी जगह बना ली थी। ऐसे में हमने तमाम ऐसी संस्थाओं से संवाद किया, जो किसानों और मजदूरों के अधिकारों के लिए काम करते रहे हैं। संवाद और चर्चाओं में एक ही बात निकल कर आई है कि लोगों के अधिकार छीने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में मनरेगा पर संवाद होगा और जो कार्यकर्ता हैं वे अपने विचार रखेंगे। ये वो लोग हैं, जिन्होंने

### खड़गे ने केरल कांग्रेस के नेताओं की दिल्ली में बुलाई बैठक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केरल विधानसभा चुनाव को देखते हुए प्रदेश कांग्रेस के नेताओं की दिल्ली में बैठक बुलाई है। पार्टी सूत्रों ने बताया कि यह बैठक पार्टी मुख्यालय इंदिरा भवन में 23 जनवरी को होगी। आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटा कांग्रेस नेतृत्व एक के बाद एक चुनावी राज्यों के नेताओं के साथ दिल्ली में बैठक कर रहा है। इस वर्ष विधानसभा चुनाव वाले राज्य पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और पुड्डुचेरी के नेताओं के साथ बैठक का दौर जारी है।कांग्रेस नेतृत्व ने 23 जनवरी को केरल कांग्रेस के अध्यक्ष, प्रभारी और राज्य के वरिष्ठ नेताओं को दिल्ली बुलाया है।

---



सेंसेक्स 84695.54
निफ्टी 25942.10



सोना रु. 138161
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 243883
प्रति किलो



# शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन टूटा सेंसेक्स में 1282 अंक का उतार-चढ़ाव

**मुंबई, वार्ता**



ग्रीनलैंड को लेकर जारी वैश्विक अनिश्चितता के बीच घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट रही और बीएसई के 30 शेयरों वाले संवेदी सूचकांक सेंसेक्स में 1,282 अंक का उतार-चढ़ाव देखा गया। घरेलू स्तर पर रुपये पर जारी दबाव का असर भी देखा जा रहा है।

रुपया फिलहाल मंगलवार के मुक. ाबले 74 पैसे नीचे 91.71 रुपये प्रति डॉलर पर है। भारतीय मुद्रा पहली बार इस स्तर तक टूटी है। सेंसेक्स सुबह 386 अंक नीचे खुला। यह दोपहर से पहले 81,124.45 अंक तक उतरने के बाद दोपहर बाद 82,407.05 अंक तक चढ़ा। इस प्रकार सूचकांक ने एक ही दिन में 1,282 अंक का उतार-चढ़ाव देखा। अंत में पिछले कारोबारी दिवस की तुलना में 270.84 अंक (0.33 प्रतिशत) नीचे 81,909.63 अंक पर बंद हुआ, जो 08 अक्टूबर 2025 के बाद का निचला स्तर है। इससे पहले, मंगलवार को सेंसेक्स 1,066 अंक गिरा था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक एक समय 312 अंक तक टूटने के बाद अंत में 75 अंक यानी 0.30 प्रतिशत नीचे 25,157.50 अंक पर बंद हुआ। यह सूचकांक का 14 अक्टूबर 2025 के बाद का निचला स्तर है। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचक. ांक 1.10 अंक और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.90 अंक लुढ़क गया। धातु (0.57 प्रतिशत) और तेल एवं गैस (0.27 प्रतिशत) समूहों के सूचकांकों में तेजी रही, जबकि अन्य सभी सेक्टरों के सूचकांक लुढ़क गए। सेंसेक्स की कंपनियों में आईसी आईसीआई बैंक का शेयर दो प्रतिशत के करीब टूटा। ट्रेंट, बीईएल, एचडीएफसी बैंक और एलएंडटी में एक से दो प्रतिशत की गिरावट रही। भारतीय स्टेट बैंक, मारुति सुजुकी, एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, आईटीसी, एशियन पेंट्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और हिंदुस्तान यूनीलिवर के शेयर भी लाल निशान में रहे। इटरनल का शेयर पांच प्रतिशत चढ़ा। अल्ट्राटेक सीमेंट और इंडिगो में भी एक से दो प्रतिशत की तेजी रही। रिलायंस इंडस्ट्रीज, अडानी पोर्ट्स, पावरग्रिड, टाटा स्टील, टीसीएस, बजाज फिनसर्व और टेक महिंद्रा के शेयरों में भी तेजी रही।

### आने वाले समय में होगा अधिक विद्युत क्षेत्र का विस्तार: मनोहर लाल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि बढ़ती अर्थव्यवस्था को आज की कल्पना से कहीं अधिक एक समृद्ध विद्युत क्षेत्र की आवश्यकता है आने वाले समय में विद्युत क्षेत्र का अधिक विस्तार होने वाला है। खट्टर से बुधवार को यहां विद्युत वितरण उद्योग सम्मेलन (ईडीकॉन) 2026 के उद्घाटन के बाद कहा कि बढ़ती अर्थव्यवस्था को आज की कल्पना से कहीं अधिक एक समृद्ध विद्युत क्षेत्र की आवश्यकता है। ऐसे में, हमारे डीएससीओ का मजबूत, समृद्ध और आर्थिक रूप से सशक्त होना अत्यंत महत्वपूर्ण है। मजबूत डीएससीओ का अर्थ बेहतर सेवाएं और उपभोक्ताओं की जरूरतों के प्रति अधिक संवेदनशीलता है। उन्होंने राज्य विद्युत नियामक आयोगों से लागत के अनुरूप टैरिफ की दिशा में आगे बढ़ने का आग्रह किया। उन्होंने साथ ही विद्युत अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार जरूरतमंद उपभोक्ताओं के लिए लक्षित सब्सिडी सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया। खट्टर ने इस दौरान छह अलग-अलग श्रेणियों में 12 वितरण कंपनियों को स्वर्ण और रजत पुरस्कार प्रदान किए।

# चावल, गेहूं, खाद्य तेलों में तेजी दालों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। गेहूं और खाद्य तेलों में भी तेजी रही, जबकि चीनी की कीमत स्थिर बनी रही। दालों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत दो रुपये बढ़कर 3,856 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं तीन रुपये महंगा हुआ और 2,856 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। वहीं आटे की कीमत 10 रुपये घटी। दाल-दलहनों में मिश्रित रुख रहा। तुअर दाल और उड़द दाल औसतन छह रुपये प्रति क्विंटल चढ़ी। चना दाल और मूंग दाल पांच-पांच रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। वहीं मसूर दाल में 17 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 60 रिंगिट की मजबूती के साथ 4,154 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल का मार्च वायदा 0.61 प्रतिशत चढ़कर 52.87 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल औसतन 63 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। वनस्पति में 72 रुपये और सूरजमुखी तेल में 41 रुपये की तेजी रही। पाम ऑयल 37 रुपये मजबूत हुआ। सोया तेल 29 रुपये और मूंगफली तेल 28 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हो गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव तीन रुपये प्रति क्विंटल बढ़े। चीनी कमोबेश पिछले दिवस के स्तर पर ही रही। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन : दाल चना 7785.27 रुपये, मसूर काली 8127.73 रुपये, मूंग दाल 10103.95 रुपये, उड़द दाल 10433.24 रुपये, तुअर दाल 10637.48 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2859.32 रुपये और चावल 3855.86 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3296.16 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4292.49 रुपये और गुड़ 4989.41 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

# अविमुक्तेश्वरानंद ने मेला प्राधिकरण को नोटिस का जवाब भेजा

**प्रयागराज, वार्ता**

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने प्रयागराज मेला प्राधिकरण के नोटिस का जवाब उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ता ए के मिश्रा के माध्यम से भेज दिया है।

अधिवक्ता की तरफ से कल रात आठ पन्नों का प्रयागराज मेला प्राधिकरण को भेजे गए है इस विस्तृत जवाब में मेला प्राधिकरण के आरोपों को सिरे से नकार दिया गया है। नोटिस के जवाब में कहा गया है कि ब्रह्मलीन शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी ने जीवनकाल में ही अविमुक्तेश्वरा नंद को उत्तराधिकारी नियुक्त किया था। 11 सितम्बर 2022 को ब्रह्मलीन हुए थे शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज 12 सितम्बर 2022 को वैदिक विधिविधान के साथ स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का विधिवत अभिषेक किया गया एवं सार्वजनिक समारोह में शंकराचार्य पद पर प्रतिष्ठापन किया गया था। उच्चतम न्यायालय के संज्ञान में लाया गया कि अभिषेक पहले ही हो चुका था, 14 अक्टूबर 2022 के आदेश में यह तथ्य दर्ज है शंकराचार्य पद पर बने रहने को लेकर किसी भी न्यायालय से कोई स्थगन आदेश नहीं है। श्रृंगेरी, द्वारका और पुरी पीठ के शंकराचार्यो का समर्थन होने का दावा किया गया है। भारत धर्म महामंडल द्वारा भी मान्यता का उल्लेख किया गया है। ब्रह्मलीन शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती की पंजीकृत वसीयत को वैध बताया गया है। गुजरात उच्च न्यायालय ने वसीयत को चुनौती देने वाली याचिका खारिज की थी। यह जानकारी नोटिस के जवाब में दी गई है। विरोधी पक्ष के बयानों को लेकर दिल्ली उच्च न्यायालय में मानहानि वाद दायर किया गया था, लेकिन विरोधी द्वारा दायर आवेदन बाद में वापस लिया गया कुछ व्यक्तियों पर उच्चतम न्यायालय में गलत जानकारी देने का आरोप भी लगा था। फर्जी दस्तावेज पेश करने और भ्रम फैलाने का दावा किया गया है। इस नोटिस में प्रयागराज मेला प्राधिकरण के पत्र को अधिकार क्षेत्र से बाहर बताया गया है। इस प्रशासनिक हस्तक्षेप को असंवैधानिक करार दिया है मामला उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन तीसरे पक्ष के बयान को न्यायाधीन बताया गया है। शंकराचार्य पद को लेकर भ्रम फैलने से सामाजिक और प्रतिष्ठा की क्षति का दावा किया गया है नोटिस के जवाब में यह कहा गया है कि अगर 24 घंटे में अगर मेला प्रशासन ने नोटिस वापस नहीं लेता है तो न्यायालय की अवमानना और शंकराचार्य परंपरा एवं स्वामी जी की छवि धूमिल करने के लिए विधिक कार्यवाही की जाएगी। नोटिस का जवाब प्राधिकरण उपाध्यक्ष को मेल के जरिए भी भेजा गया है।

# कीटनाशकों के ई-कॉमर्स के लिए बनें कड़े कानून: संगठन

**नई दिल्ली, वार्ता**



कीटनाशक बनाने वाली 17 बड़ी कंपनियों के संगठन 'क्रॉपलाइफ इंडिया' ने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर इनकी बिक्री के लिए कड़े कानून बनाने की मांग की है, ताकि घटिया या नकली उत्पादों से किसानों को संभावित नुकसान की स्थिति में जवाबदेही तय की जा सके।

क्रॉपलाइफ इंडिया के अध्यक्ष और क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन के कार्यकारी अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अंकुर अग्रवाल ने बुधवार को यहां ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर फसलों की सुरक्षा से संबंधित उत्पादों पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन से इतर संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि मौजूदा समय में कीटनाशकों का विनियमन इनसेक्टिसाइड्स एक्ट, 1968 के तहत होता है। सरकार ने साल 2022 में इसमें संशोधन कर ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर आम उत्पादों की तरह कीटनाशकों की बिक्री के लिए भी अनुमति प्रदान की थी। अब सरकार पेस्टिसाइड मैनेजमेंट विधेयक लाने की तैयारी कर रही है, जिसका प्रारूप तैयार हो चुका है। सरकार ने संगठन से 04 फरवरी तक अपने सुझाव सौंपने के लिए कहा है। विधेयक के प्रारूप का स्वागत करते हुए श्री अग्रवाल ने कहा कि जिस प्रकार विक्रेता को लाइसेंस की जरूरत होती है उसी तरह ऑनलाइन प्लेटफॉर्मों के लिए भी लाइसेंस या मान्यता अनिवार्य की जानी चाहिए। वर्तमान समय में यह सुनिश्चित करने का कोई तरीका नहीं है कि ऑनलाइन बिक रहा पेस्टिसाइड असली है या नकली। उन्होंने कहा कि यदि कोई कंपनी बिना लाइसेंस के कीटनाशक बेच रही है, तो उस पर भी नकली उत्पाद की तरह ही कार्रवाई होनी चाहिए। कार्यक्रम को केंद्रीय कृषि आयुक्त पीके सिंह और केंद्रीय कीटनाशक बोर्ड एवं पंजीकरण समिति के सचिव सुभाष चंद ने भी संबोधित किया। अग्रवाल के अनुसार इस समय देश का घरेलू कीटनाशक बाजार लगभग 26 हजार करोड़ रुपये का है और निर्यात 40 हजार करोड़ रुपये है।

उन्होंने कहा कि घरेलू बिक्री में एक प्रतिशत से कुछ कम हिस्सेदारी ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म की है। इसमें कई बार नकली और घटिया कीटनाशकों की खबरें भी आती हैं। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की जिम्मेदारी तय करने के लिए कोई नियम नहीं होने के कारण उसके माध्यम से नकली उत्पादों की बिक्री और आसान हो जाती है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर कीटनाशकों पर भारी छूट के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि जरूरी नहीं है कि उत्पाद घटिया हों, कंपनियों की बाजार पर कब्जे की कोशिश भी एक कारण हो सकता है।

उन्होंने कहा कि वे किसी अधिकतम या न्यूनतम मूल्य का समर्थन नहीं करते। विधेयक के प्रारूप में प्रावधान है कि कंपनियों को आवेदन के 12 महीने के भीतर लाइसेंस नहीं मिलने पर उसे मंजूर मान लिया जाएगा। अग्रवाल ने इसे उचित बताते हुए इससे सेफ्टी के साथ समझौते की आशंकाओं को खारिज कर दिया। उन्होंने बताया कि आज भी देश में कीटनाशकों का इस्तेमाल काफी कम होता है। यह करीब 500 ग्राम प्रति हेक्टेयर है, जबकि कई विकसित देशों में यह औसत चार-पांच हजार ग्राम प्रति हेक्टेयर है। अग्रवाल ने बताया कि अगले 10 साल में कीटनाशक उद्योग में औसतन 8.10 प्रतिशत सालाना की दर से वृद्धि की उम्मीद है।

CMYK

# करंट की चपेट में आने से लाइनमैन की मौत

**विद्युत विभाग पर लगाया लापरवाही का आरोप**

शाह टाइम्स संवाददाता

**बुढ़ाना/फुगाना।** विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते करंट की चपेट में आकर एक लाइनमैन की मौत हो गयी। इस घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे मृतक के परिजनों ने जमकर हंगामा काटा और विद्युत विभाग के स्थानीय अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए। फुगाना पुलिस ने मृतक के परिजनों को समझा बुझाकर शांत करते हुए मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए पूरे मामले की जांच शुरु कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह फुगाना थाना क्षेत्र में स्थित एक खेत में लाइनमैन शट डाउन लेकर बिजली की खराब लाइन को ठीक कर रहा था। इसके बाद भी बिजली की लाइन में अचानक से करंट दौड़ गया। जिस में लाइनमेन को जोरदार झटका लगा और वह काफी ऊंचाई से विद्युत खंभे से नीचे गिर गया। मृतक लाइनमैन की पहचान फुगाना गांव के निवासी दीपक कुमार पुत्र मदन लाल के रूप में हुई। वह फुगाना स्थित बिजलीघर पर तैनात था और बुधवार की सुबह खेत में खराब हुई विद्युत लाइन को ठीक करने गया था। घटनास्थल पर मौजूद लोगों और उसके साथियों द्वारा तुरंत दीपक कुमार को शामली जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया और उधर घटनास्थल पर सैंकड़ों ग्रामीणों का जमावड़ा लग गया। मौके पर फुगाना पुलिस भी पहुंची और आक्रोशित परिजनों को शांत किया। उधर शामली जिले के चिकित्सकों ने लाइनमैन दीपक को मृत घोषित कर दिया। दीपक की मौत से परिजनों में शोक व्याप्त है। इस गंभीर हादसे के बावजूद विद्युत विभाग का कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा और ना ही पीड़ित परिवार से मिलने की जहमत उठाई।

विद्युत विभाग के इस रवैये को लेकर ग्रामीणों और परिजनों में गहरा रोष व्याप्त है। इस बारे में ग्राम प्रधान जितेंद्र मलिक ने बतलाया कि लाइनमैन दीपक के पिता मदन लाल की मौत भी पहले करंट लगने से हुई थी। अब दीपक अपने पिता के स्थान पर ही काम कर रहा था कि आज फिर दीपक की इसी तरह के हादसे में पिता की तरह ही मौत हो गयी।

## ई रिक्शा व एंबुलेंस में टक्कर, कई छात्राएं घायल

**पुरकाजी।** गांव गोधना के एकेएम पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राएं प्रैक्टिकल देने जा रहे थे, जब उनकी ई रिक्शा का टकराव एक एंबुलेंस से हो गया। इस हादसे में कई छात्राएं घायल हुई, जिनमें से दो की हालत गंभीर है और उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया।

गांव गोधना एकेएम पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राएं बुधवार सुबह 8 बजे भोपा थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर आर्य इंटर कॉलेज में प्रैक्टिकल देने ई रिक्शा से जा रही थीं। कोहरा अधिक होने के कारण गोधना के तुगलकपुर के बीच नहर पटरी पर सामने से आ रही एंबुलेंस से उनकी जबरदस्त टक्कर हो गई। हादसे में ई रिक्शा सवार छात्रा शगुन, निशा, आंचल, प्रीति, निशु, अलीमा घायल हो गईं। टक्कर से कोहराम मच गया। वहीं लोगों की मदद से घायल छात्राओं को पुरका. जी स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद निशा व ई रिक्शा चालक मोनू की हालात गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रैफर कर दिया।

# जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्रों में अनियमितता पर लिपिक को हटाया

**पटल के कई और कर्मचारी संदेह के दायरे में**

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** नगरपालिका में जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया में लगातार मिल रही जन शिकायतों और अनियमित. ताओं पर चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने शिकंजा कसते हुए संबंधित पटल पर कार्यरत लिपिक को तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। उनसे सभी कार्य लेकर उनको पटल मुक्त करने के साथ ही नये लिपिक की नियुक्ति भी कर दी है, ताकि लंबित आवेदनों पर जल्द से जल्द विचार करते हुए निस्तारण किया जा सके इसी के साथ पटल पर पनप रहे भ्रष्टाचार में कई और कर्मचारी संदेह के दायरे में है।

नगर पालिका में जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र पटल और स्वच्छ भारत मिशन से जुड़े कार्यों की जिम्मेदारी निभा रहे लिपिक मनोज कुमार पाल के खिलाफ लंबे समय से शिकायतें चली आ रही थीं। नागरिकों ने पालि. काध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी को लिखित रूप से पत्र सौंपकर भी उन पर आरोप लगाया था कि लिपिक द्वारा आवेदन पत्रों को गुम कर दिया जाता है, उन्हें अनावश्यक रूप से इधर-उधर भटकाया जाता है, आदेशों का अनुपालन नहीं किया जाता और कार्यों के प्रति गंभीरता नहीं बरती जाती। इन शिकायतों का संज्ञान लेते हुए पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने आदेश जारी कर लिपिक मनोज पाल को तत्काल प्रभाव से दोनों दायित्वों जन्म-मृत्यु शपथ पत्र पटल और स्वच्छ भारत मिशन कार्य से मुक्त कर दिया है। बताया जाता है कि जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने के नाम पर नगर पालिका में बड़ा खेल चल रहा है जिसकी शिकायत कई बार जिला. धिकारी तक भी पहुंची है चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने भ्रष्टाचार और अनियमित पर लगाम करने के लिए यह कदम उठाया है।

# हरसोली चौकी इंचार्ज पर लगाए गंभीर आरोप

**बरवाला के युवकों ने एसपी देहात से की शिकायत**

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुज़फ्फरनगर।** कि ग्राम बरवाला के युवाओं ने बुधवार को पुलिस कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन करते हुए हरसौली चौकी इंचार्ज पर गंभीर आरोप लगाए है। छात्रों का कहना था कि उन्होने जातिसूचक शब्द कहते हुए मारपीट की है।

बुधवार की सवेरे शाहपुर थाना क्षेत्र के गांव बरवाला के कई दर्जन युवक पुलिस कार्यालय पहुंचकर एसएसपी से शिकायत की है आरोप है कि हरसोली पुलिस चौकी इंचार्ज प्रवीण शर्मा और दो अन्य पुलिसकर्मियों ने उनके साथ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया और बेरहमी से मारपीट की। प्रदर्शन कर रहे युवकों का कहना था कि चौकी इंचार्ज और पुलिसकर्मियों ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया है। यह मामला पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल के दरबार में पहुंचा तो उन्होने इस मामले की जांच सीओ बुढ़ाना को सौंपी है। उधर यह भी चर्चा थी कि हरसौली चौकी इंचार्ज प्रवीण शर्मा को यहां से हटाया गया है। प्रदर्शनकारी युवक पुलिसकर्मियों के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट के तहत कार्यवाही की मांग कर रहे थे। एसपी देहात ने यहां पहुंचे युवकों को निष्पक्ष कार्यवाही का आश्वासन दिया तो युवक वापस लौट गए।

# उत्तराखंड के सीएम धामी अचानक पहुंचे मुजफ्फरनगर



शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बुधवार को अचानक मुजफ्फरनगर पहुंचे। वे दिल्ली से देहरादून सड़क मार्ग से जाते समय कुछ देर के लिए यहां रुके। इसके बाद मुख्यमंत्री पुलिस लाइन से हेलिकॉप्टर द्वारा देहरादून के लिए रवाना हुए। मुख्यमंत्री के पुलिस लाइन पहुंचने पर उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल समेत कई भाजपा नेता और पदाधिकारी उनके स्वागत के लिए मौजूद थे। मुख्यमंत्री का यह दौरा संक्षिप्त और अनौपचारिक बताया गया।

मुजफ्फरनगर पुलिस लाइन में मीडिया से बात करते हुए मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि मुजफ्फरनगर उत्तराखंड के पड़ोस में है और राज्य स्थापना से जुड़ी कई यादें इस स्थान से जुड़ी हैं। उन्होंने रामपुर तिराहा कांड का भी जिक्र किया और कहा कि वे हर साल 2 अक्टूबर को उत्तराखंड के आंदोलनकारियों और शहीदों को श्रद्धांजलि देते हैं।

चारधाम यात्रा में मोबाइल बैन के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा का स्वरूप लगातार बढ़ रहा है। यात्रा पर आने वाले सभी श्रद्धालुओं की सुरक्षा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सुरक्षित और परेशानी मुक्त यात्रा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक प्रावधान किए जा रहे हैं। प्रयागराज माघ मेले में शंकराचार्य और सरकार के बीच विवाद पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यह राजनीतिक विषय नहीं है और इस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह विवाद जल्द समाप्त हो जाएगा, क्योंकि सरकार अपने स्तर पर इस पर कार्य कर रही है।



मुजफ्फरनगर: किसान दिवस में अपनी समस्याएं उठाते किसान नेता।

# राज्यमंत्री ने कोऑपरेटिव हाउसिंग सोसायटी का किया लोकार्पण

**मुज़फ्फरनगर।** (गाँधी कॉलोनी सोसायटी का ऑफिस बना भव्य) गाँधी कॉलोनी को ऑपरेटिव हाउसिंग सोसायटी के गाँधी वाटिका स्थित कार्यालय का राज्यमंत्री कपिल देव ने लोकार्पण किया। वर्तमान कमेटी ने कार्यालय को अत्याधुनिक रंग रूप देकर कार्यक्रम को भव्य बनाया है। इस अवसर पर गाँधी कॉलोनी के अनेकों गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बुधवार सवेरे गाँधी वाटिका में स्थित गाँधी कॉलोनी को-ऑपरेटिव हाऊसिंग सोसायटी के प्रशासनिक कार्यालय का लोकार्पण करने उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री व नगर विधायक कपिल देव पहुँचे। इस दौरान उन्होंने सरदार सतपाल सिंह को भाजपा पार्टी में शामिल भी कराया।

गांधी वाटिका के प्रशासनिक कार्यालय के लोकार्पण के दौरान राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने उपस्थित जनसमूह को एसआईआर के अंतर्गत नए मतदाताओं के वोट बनवाने की अपील भी की, उन्होंने कहा गाँधी कॉलोनी के लोग बहुत जागरूक हैं इस वक्त इससे महत्वपूर्ण कोई काम नहीं है, अत: आप सभी अपने बच्चों के या जिनके वोट नहीं बने हैं वह लोग अपने वोट बनवाले। गांधी कॉलोनी के सरदार सतपाल सिंह (टैंट वाले) ने भारतीय जनता पार्टी की कार्यप्रणाली से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल होने का मन बनाया। जिसके चलते आज राज्यमंत्री कपिल देव ने स्वयं भाजपा पार्टी का भगवा पटका पहनाकर सतपाल सिंह को भाजपा में शामिल किया। इस दौरान उनके समर्थकों में काफ़ी जोश भर गया।इस दौरान सोसायटी के चेयरमैन पवन छाबड़ा, ओम प्रकाश अरोरा, रमेश साईं, सुखदर्शन सिंह बेदी, अशोक बाठला, भानु प्रताप, भगवान दास कटारिया, राजकुमार रहेजा, विनोद छाबड़ा, भारत, अशोक डोडा, सरदार तरणजीत सिंह, प्रवीण भाटिया व रमन जलौत्रा आदि उपस्थित रहे।

# किशोरी से दुष्कर्म में युवक को उम्र कैद की सजा

शाह टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरनगर। कोर्ट ने किशोरी के दुष्कर्म और उसके गर्भवती होने के मामले को गंभीरता से सुना और सबूत व गवाहों के आधार पर तथा अधिवक्ताओं द्वारा कोर्ट में पेश की गई दलीलों को सुनते हुए आरोपी को उम्र कैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपी पर जुर्माना भी लगाया है।

ग्राम वाजिदपुर कवाली थाना जानसठ निवासी एक पीडित ने 8 अगस्त 2019 को थाना जानसठ में अपनी नाबालिग बेटी को बेहला फुसलागर भगा ले जाने और दुष्कर्म के बाद किशोरी के गर्भवती होा जाने का मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने इस घटना का मुकदमा राजपाल सैनी पुत्र बलदेव के खिलाफ दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही करते हुए बारह अगस्त 2019 को राजपाल सैनी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। और 06 सितम्बर 2019 को कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया गया। इस मुकदमे की पैरोकारी एडीजीसी विनय अरोरा द्वारा की गई। यह मामला अपर सत्र न्याायाधीश पोक्सो कोर्ट द्वितीय में विचाराधीन था। कोर्ट ने इस मामले को गंभीरता से सुना और दोनो पक्षों द्वारा कोर्ट में पेश किए गए सबूत व गवाहों के आधार पर आरोपी राजपाल को उम्र कैद की सजा सुनाई। कोर्ट ने आरोपी पर 70 हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया है।

## दुष्कर्म व मारपीट में युवक को आजीवन कारावास

**मुजफ्फरनगर।** कोर्ट ने किशोरी को बंधक बनाने और मारपीट तथा दुष्कर्म के आरोपी को सबूत व गवाहों के आधार पर दो को बीस वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। और उन पर जुर्माना भी लगाया है। और एक को पांच वर्ष की कैद की सजा सुनाई है।

फुगाना थाना क्षेत्र के गांव डूंगर निवासी एक पीडित ने फुगाना पुलिस को 11 जुलाई 2023 में बालेन्द्र पुत्र संसार, हजारी पुत्र गिरवर निवासी ग्राम बरवाला थाना रमाला बागपत व प्रेम पुत्र जिला पर आरोप लगाया था कि उक्त आरोपियों ने उसकी नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर ले गए और तीन जून 2023 से दस जून 2023 तक उसकी बेटी को बंधक बनाकर मारपीट की गई और दुष्कर्म भी किया गया। पुलिस ने इस मामले को तहरीर के आधार पर दर्ज करते हुए प्रेम, हजारी को 30 जुलाई व बालेन्द्र को 13 अगस्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसके बाद पुलिस ने मामले की पूर्ण जांच पडताल व छानबीन कर 27 अगस्त 2023 को कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। इसके बाद यह मामला कोर्ट में विचाराधीन था और कोर्ट की पैरोकारी एडीजी प्रदीप बालियान द्वारा की गई। यह मुकदमा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश स्पेशल जज पोक्सो एकट कोर्ट नम्बर प्रथम में विचाराधीन था। दोनो पक्षों के वकीलो की दलीले सुनने के बाद कोर्ट ने सबूत व गवाहों के आधार पर बालेन्द्र, हजारी, प्रेम को बीस वर्ष की कैद और उन पर जुर्माना किया है।

# जानसठ लैण्टर मामले में मकान मालिक व ठेकेदार को दस-दस वर्ष की कैद

**मुजफ्फरनगर।** अवैध रूप से बिना सुरक्षा उपकरण के लैण्टर उठाने के मामले में मकान मालिक व ठेकेदार को दस वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई है।

बता दे कि 14 अप्रैल 2024 को कस्बा जानसठ में मुरसलीन पुत्र अकील निवासी कस्बा मुआना जनपद मेरठ जोकि मकान मालिक है और ठेकेदार अजब सिंह पुत्र जगदीश सिंह निवासी रायपुर मजारा थाना सैफनी रामपुर के खिलाफ एक मामला दर्ज हुआ था जिसमें बताया गया था कि उक्त आरोपियों ने बिना लाइसेंस और बिना किसी सुरक्षा उपकरणों व विशेषज्ञों की अनुपस्थिति में दो मंजिला मकान का लैण्टर जैक द्वारा उठाया गया जिसमें एक दर्दनाक हादसा हुआ। इस घटना का मुकदमा धारा 288, 304, 34, 308, 34 आईपीसी व 7 सीएलए के तहत दर्ज किया गया था। पुलिस ने मकान मालिक मुरसलीन व ठेकेदार अजब सिंह को पन्द्रह अप्रैल 2024 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। और 17 जून 2024 को कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया गया। यह मामला अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट नम्बर 6 में विचाराधीन था। कोर्ट ने सबूत व गवाहों को सुनते हुए मुरसलीन और अजब सिंह को दस वर्ष की कैद की सजा सुनाई है कोर्ट ने उन पर 36 हजार का जुर्माना भी लगाया है।



मुजफ्फरनगर: विकास भवन में मॉक ड्रिल संबंधित बैठक लेते अधिकारी।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ जय समता पार्टी की भूख हड़ताल शुरू

**तीन दिसम्बर से कलेक्ट्रेट परिसर में चल रहा है धरना**

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुज़फ्फरनगर।** कलेक्ट्रेट परिसर में जिला कारागार की भ्रष्टाचार के विरूद्ध जय समता पार्टी का चल रहा धरना अब भूख हड़ताल तक पहुंच गया है। जय समता पार्टी के पदाधिकारियों ने भ्रष्टाचार पर व अन्य गंभीर आरोप लगाते हुए तीन दिसम्बर को धरना शुरू किया था, हालांकि इस बीच सिटी मजिस्ट्रेट और जेल के अधिकारी धरने पर बैठे जय समता पार्टी के पदाधिकारी के बीच जाकर कार्यवाही का आश्वासन दे चुके है, लेकिन धरने पर बैठे लोगों का यही कहना है कि जब तक कार्यवाही भ्रष्टाचार के खिलाफ अमल में नहीं लाई जाती तब तक धरना इसी तरह चलता रहेगा। और अब भूख हडताल होने से मामला और गंभीर बन गया है। धरने पर बैठे लोगों का कहना है कि अधिकारियों द्वारा उन्हे अभी तक सिर्फ आश्वासन के अलावा कुछ नहीं दिया गया, लेकिन जिस मकसद से वह धरने पर बैठे थे कि डिप्टी जेलर के भ्रष्टाचारों की जांच कराकर उनके खिलाफ कार्यवाही की जाए, यह मांग अभी तक भी पूरी होती नजर नहीं आ रही है। आरोप यह है कि प्रशासन उनकी हर मांग को अनदेखा कर रहा है। और दोषियों पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। इसी उपेक्षा के चलते अब पार्टी ने आंदोलन को निर्णायक मोड़ देने का फैसला लिया है। धरना स्थल पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे, जिन्होंने भ्रष्टाचार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आंदोलन को समर्थन दिया। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। फिलहाल प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है, लेकिन भूख हड़ताल को देखते हुए हालात पर नजर रखी जा रही है।






# 23 जनवरी को डीएवी कॉलेज मैदान मे होगी ब्लैक आउट मॉक ड्रिल

**मॉकड्रिल की तैयारी को विकास भवन सभागार में बैठक का किया आयोजन**

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश दिवस पर आगामी 23 जनवरी को आयोजित होने वाली ब्लैक आउट मॉकड्रिल की तैयारी हेतु विकास भवन सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। यह मॉकड्रिल नेता जी सुभाष चन्द्र बोस के जन्मदिवस पर पूरे प्रदेश में एकसाथ आयोजित होगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गजेन्द्र कुमार ने कहा कि इस मॉकड्रिल के माध्यम से आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने का विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। उन्होनें बताया कि 23 जनवरी को शाम 6 बजे आर्य समाज रोड स्थित डी0ए0वी0 इंटर कॉलेज के मैदान में यह मॉकड्रिल होगी, जिसमें नगर पालिका, विद्युत, अग्निशमन, परिवहन, पुलिस, लोक निर्माण, स्वास्थ्य सहित अन्य विभागों की जिम्मेदारी तय की गयी। बैठक में मुख्य अग्निशमन अधिकारी अनुराग कुमार, एआरटीओ प्रशासन सुशील कुमार मिश्रा, ईओ नगर पालिका प्रज्ञा सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार, जिला विकास अधिक. ारी दिग्विजय नाथ तिवारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा सजितेन्द्र गुप्ता, नायब तहसीलदार सदर हरेन्द्र कुमार, गाइड कैप्टन डा राजेश कुमारी, विवेक गोयल व नागरिक सुरक्षा एवं आपदा सहायक नासिर हुसैन उपस्थित रहे।

मॉक ड्रिल से पहले आपदा मित्रों और सिविल डिफेन्स वॉलंटियर्स को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। मुजफ्फरनगर जिले में आगामी 23 जनवरी को शाम 6 बजे प्रस्तावित मॉक ड्रिल को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। इसी क्रम में कलेक्ट्रेट स्थित इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर (म्व्ब) पर आपदा मित्रों और सिविल डिफेन्स के स्वयंसेवकों का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) गजेंद्र कुमार और नागरिक सुरक्षा उपनियंत्रक कश्मीर सिंह ने स्वयंसेवकों को आपदा से निपटने के व्यावहारिक तरीके बताए और जरूरी दिशा-निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी गजेंद्र कुमार ने बताया कि आपात स्थिति, विशेषकर हवाई हमले, भूकंप, आग, बाढ़ या किसी बड़े हादसे के दौरान आम जनता की जान बचाना सबसे बड़ी प्राथमिकता होती है। ऐसे में सिविल डिफेन्स और आपदा मित्रों की भूमिका बेहद अहम होती है। उन्होंने कहा कि संकट के समय घबराने के बजाय संयम, सतर्कता और टीमवर्क के साथ काम करना चाहिए। उन्होंने स्वयंसेवकों को यह भी समझाया कि हवाई हमले जैसी स्थिति में खुले स्थानों से तुरंत सुरक्षित जगह पर जाएं, खिड़कियों और कांच से दूरी बनाए रखें, अफवाहों से बचें और केवल प्रशासन की सूचना पर ही भरोसा करें, घायलों को प्राथमिक उपचार देकर सुरक्षित स्थान तक पहुंचाएं।

वहीं नागरिक सुरक्षा उपनियंत्रक कश्मीर सिंह ने कहा कि मॉक ड्रिल का मकसद सिर्फ अभ्यास नहीं, बल्कि यह देखना है कि वास्तविक आपदा के समय कौन-सी टीम किस तरह से काम करेगी। उन्होंने स्वयंसेवकों को रेस्क्यू, प्राथमिक चिकित्सा, भीड़ नियंत्रण और संचार व्यवस्था से जुड़े जरूरी टिप्स दिए। प्रशिक्षण के दौरान स्वयंसेवकों को डेमो के जरिए आपात हालात में रेस्क्यू ऑपरेशन, स्ट्रेचर का उपयोग, घायल को सुरक्षित निकालने और प्राथमिक उपचार की भी जानक. ारी दी गई।

यहाँ आपदा सहायक नासिर हुसैन, गुलफाम अहमद, प्रवेश कुमार, प्रिन्सी चंदेल, मौ. इमरान खान के साथ आपदा मित्र जिया उलहक़, विशाल कुमार, प्रिया, अनुज कुमार, शिवम्, दीपा, कपिल, अभिषेक, प्रियंका, रश्मि शर्मा आदि मौजूद रहे।

# सचिन मामले में पुलिस पर लगा खानापूर्ति का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** गांव नगवा का दलित युवक सचिन अब इस दुनिया मे है या नही यह तो बुढ़ाना पुलिस की जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा मगर फिलहाल सचिन की फैमली के लोग उक्त मामले में बुढ़ाना पुलिस की कार्यवाही से असंतुष्ट दिखाई से पड़ रहे हैं। बुधवार के दिन सचिन की भाभी मीनाक्षी ने बताया कि उसका देवर सचिन पुत्र बरियाम सिंह बीती 14 दिसम्बर की सुबह घर से घूमने के लिए निकला था लेकिन वह घर पर नहीं आया।

जिसको हम सभी ने हर जगह तलाश कर बुढाना पुलिस को उसके गुम होने की तहरीर दी थी। अब दो दिन पूर्व हमें गांव के ही खेतों में उसकी शर्ट मिली व जूता मिला जो उसी का था। मौके पर खोपड़ी भी मिली। हमें शर्ट व जूते से पता लगा कि जो खोपडी मिली है वह सचिन की ही है। मीनाक्षी ने बुढ़ाना पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस गांव में रोजाना आ रही है लेकिन कुछ भी नहीं कर रही है। हम चाहते हैं कि जहां से सचिन गायब हुआ है और जहां उसके कपड़े मिले हैं उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे पुलिस खंगाले ताकि यह पता लग सके कि घर से बाहर जाने के बाद उसे रास्ते में कौन कौन मिला और वह कहां गया और कौन उसको अपने साथ ले गया ये सब अगर पुलिस करे तो पता लग जाए कि सही क्या है। मीनाक्षी ने यह भी बताया कि उनकी सास उर्मिला देवी अपने पुत्र के सदमे में है। उसके तीनों भाई प्रवीण, नवीन



और विपिन भी इस घटना को लेकर हैरान हैं कि कोई उनके भाई की इस तरह से भी दूर्दशा कर सकता है। उन्होंने बुढाना पुलिस से उक्त केस में पूरी दिलचस्पी से सही तरीके से निष्पक्ष काम करने की गुहार लगाई है। उधर पुलिस का कहना है कि उक्त केस के सही खुलासे के लिए वे लगे हुए हैं। जल्द ही केस का खुलासा कर दिया जाएगा। पुलिस इस मामले में किसी भी तरह की ढील नहीं बरत रही है। किसी को भी झूठा नहीं भेजा जाएगा और जो दोषी होंगे वे बख्शे नहीं जाएंगे।

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में ज्ञानस्थली के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरांपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। कक्षा 8 की छात्रा श्रद्धा ने जानसठ तहसील स्तर पर प्रथम स्थान तथा कक्षा 7 की आराध्या चौधरी ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

नवंबर 2025 में आयोजित की गई इस परीक्षा का परिणाम मंगलवार को घोषित किया गया। परीक्षा में विद्यालय के कुल 475 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। नैतिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय मूल्यों के विकास के उद्देश्य से आयोजित इस परीक्षा में देश-विदेश से लाखों छात्र प्रतिवर्ष भाग लेते हैं। विद्यालय के विभिन्न वर्गों में भी विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर सराहनीय उपलब्धि हासिल की। कक्षा 5 से ऋषित चौधरी, कक्षा 6 से उन्नति, कक्षा 7 से आराध्या,




कक्षा 8 से श्रद्धा, कक्षा 9 से कृतिका प्रजापति, कक्षा 10 से वाणी, कक्षा 11 से ऋषिका तथा कक्षा 12 से छवि चौधरी ने अपनी-अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

आयोजक संस्था की ओर से सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र तथा उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

परीक्षा संयोजक विकास कुमार ने सभी विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएँ दीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपक कुमार धीमान ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाएँ छात्रों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और विद्यार्थियों को बढ़-चढ़कर इनमें भाग लेना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# सनातन धर्म का अपमान बर्दाश्त नहीं :अमित



**मुजफ्फरनगर।** अखिल भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय कार्यालय पर आज हिमाचल प्रदेश के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष अमित सिंह वर्मा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष योगेंद्र वर्मा ने भगवा पटका पहनकर स्वागत किया और उन्हें नियुक्ति पत्र भी प्रदान किया इस अवसर पर राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष योगेंद्र वर्मा ने कहा कि सनातन धर्म का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा क्योंकि यदि धर्म है तो देश सुरक्षित है वरना देश भी नहीं बचेगा प्रयागराज में हुई घटना दर्शाती है कि सनातन का अपमान हुआ है ऐसे अधिकारी जिन्होंने शंकराचार्य जी के साथ पूर्ण व्यवहार किया है उनके खिलाफ सरकार तुरंत कार्रवाई करें शंकराचार्य भारतीय संस्कृति की धरोहर है उनका अपमान मतलब सनातन का अपमान प्रदेश के मुखिया हिंदू हृदय सम्राट योगी महाराज को इस बात का संज्ञान लेना चाहिए और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने का आदेश पारित करें नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष अमित सिंह वर्मा हिमाचल प्रदेश ने कहा कि देश में जगह-जगह पर अनेक मजरे सरकारी जमीन पर बनी हुई है इस प्रकार सरकार की जमीन का अवैध कब्जा सामाजिक तत्वों ने किया है ऐसी मजारों की पहचान कर उन्हें तुरंत हटाने का आदेश भी भारत सरकार को देना चाहिए हिमाचल प्रदेश में हिंदू महासभा को मजबूत किया जाएगा और जल्दी हिंदू महासभा का एक प्रदेश अधिवेशन हिमाचल प्रदेश में आयोजित किया जाएगा जिस प्रकार इस समय सनातन का धर्म विश्व में एकमात्र ऐसा धर्म है जो आदिकाल से चला आ रहा है सनातन धर्म का किसी भी कीमत पर अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा क्योंकि इतिहास गवाह है यदि धर्म सुरक्षित है तो देश सुरक्षित है बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष योगेंद्र वर्मा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष साक्षी वर्मा, हिमाचल प्रदेश अध्यक्ष अमित सिंह वर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमरीश त्यागी ,उत्तर प्रदेश अध्यक्ष अरुण चौधरी, विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट बृजभूषण शर्मा, जिला अध्यक्ष संदीप मित्तल, जिला उपाध्यक्ष सावन प्रजापति उपस्थित रहे।

# रियावली में हुई एआईएमआईएम की बैठक

**बुढ़ाना।** विधानसभा बुढ़ाना क्षेत्र के नंगला रियावली गांव में बुधवार की देर रात ग्राम रियावली नंगला के आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी के ग्राम अध्यक्ष साजिद अब्बासी ने जिला अध्यक्ष मौलाना इमरान कासमी के आदेश अनुसार विधानसभा अध्यक्ष अब्दुल रहीम की अनुमति से एक प्रोग्राम किया। जिसमें कई लोगों ने एआईएमआईएम पार्टी ज्वाइन की और आने वाले वक्त में मजलिस को घर घर तक पहुंचाने के लिए संकल्प लिया और बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी के हाथों को मजबूत करने पर विचार विमर्श किया। यहां ग्राम नंगला रियावली ग्राम अध्यक्ष साजिद अब्बासी, गोल्डी, डाक्टर मेहरबान एब्यूजर, मेहरबान, सरफराज, आफताब, गुलफाम, सनव्वर, अफसर, रियासत, जुल्फिकार, आमिर, जुल्फा, आफताब, मुरसलीन, साजिद, माजिद और राशिद तमाम लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली।

## शुकतीर्थ में भागवत कथा का शुभारम्भ

**मोरना।** तीर्थनगरी शुकतीर्थ के भागवत पीठ श्री शुकदेव आश्रम स्थित प्रत्यक्षानंद भागवत भवन में पुणे, महाराष्ट्र के भक्तों के द्वारा आयोजित भागवत कथा का पीठाधीश्वर स्वामी ओमानंद महाराज ने दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया। उन्होंने व्यासपीठ पर नागपुर से पधारे कथाव्यास आचार्य मोहन कुबेर को सम्मानित कर महाराष्ट्र के विद्वान सन्त स्वामी कृष्णानंद द्वारा भागवत के दशम स्कंध में भगवान श्री कृष्ण और उद्धव के संवाद पर आधारित ग्रंथ शुक उवाच का विमोचन भी किया।स्वामी ओमानंद महाराज ने कहा कि महाराष्ट्र तपस्वी सन्त महात्माओं, भक्तों और वीरों का प्रांत है। महाराष्ट्र और वहां के लोगों ने देश को बहुत कुछ दिया। महाराष्ट्र ने सन्त तुकाराम, सन्त एकनाथ, सन्त ज्ञानेश्वर, सन्त रामदास और सन्त नामदेव जैसे परम् तपस्वी विद्वान और शिवाजी जैसे वीर दिये हैं, जिन्होंने अपने विलक्षण पुरुषार्थ, तपोबल, आत्मबल और आध्यात्मिक बल से मानवता का तो उद्धार किया ही है इसके साथ साथ भारत के इतिहास की धारा को बदलकर एक नई गति और दिशा देने का स्तुत्य कार्य किया। उन्होंने कहा कि इन संतों का साहित्य जन-जन का कल्याण कर रहा है। सन्त तुकाराम का काव्य भागवत प्रेम का पूर्ण प्रतीक है। सन्त ज्ञानेश्वर ने ज्ञानेश्वरी की रचना कर श्रीमद् भगवद गीता के उपदेश को जन-जन तक पहुंचाया। महाराष्ट्र में जन्मे वीर शिवाजी का जीवन चरित्र प्रेरणा का स्रोत है।

# कलयुग में मानव के लिए अमृत है श्रीमद्भागवत कथा



**बुढ़ाना।** श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर बुढ़ाना में बुधवार को श्रीमद भागवत कथा के चौथे दिन कथावाचक श्री श्री 108 श्री रामेश्वरदास जी महाराज जी ने कहा कि श्रीमद कथा कलयुग में भवसागर से निकलने के लिए एक नौका है।

जिसमें बैठकर इस संसार से पार पाया जा सकता है। वेद व्यास जी ने इसको वेद का कल्पवृक्ष कहा है।

जिसकी संगति लेने से सारी मन की मनोकामना पूरी हो जाती है। यह भागवत हमें जीवन मरण के चक्कर से मुक्त करती है। हमें मोक्ष प्राप्त करने के लिए श्रीमद भागवत कथा का श्रावण जरूर करना चाहिए। इस अवसर पर यहां मुख्य रूप से सुशील सैनी, सुभाष त्यागी, इलम चंद सैनी, महेश राज, विशाल त्यागी, सविता त्यागी, मीना त्यागी, आदेश त्यागी, सुदेश त्यागी, राम गोपाल सैनी, मीना सैनी, शुभलेश सैनी, शीलू सैनी, सरला त्यागी, सुमन त्यागी, सरला कोरी, संतोष त्यागी, बाला त्यागी, मीरा पुजारिन, भगीरथ सिंह, लक्ष्मी देवी, सुमन त्यागी उकावली, बिट्टू कुमार, मोनू कुमार, भोलू त्यागी, शीलता त्यागी और प्रतिभा गोयल आदि सुन्दर साथ भी उपस्थित रहे।

# भारतीय ज्ञान परंपरा का बढ़ता कदम बना पहचान

**मुज़फ्फरनगर।** सनातन धर्म कॉलेज द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा (IKS) परीक्षा को लेकर किया गया प्रयास अब एक बड़ी शैक्षिक उपलब्धि के रूप में सामने आया है। महाविद्यालय से कुल 1600 छात्र-छात्राओं का पंजीकरण कराया गया, जो न केवल संस्थान बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। महाविद्यालय प्रशासन के अनुसार भारतीय ज्ञान परंपरा परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, दर्शन, विज्ञान एवं परंपरागत ज्ञान से जोड़ना है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कॉलेज स्तर पर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए और बड़ी संख्या में छात्रों ने उत्साहपूर्वक पंजीकरण कराया।

सनातन धर्म कॉलेज, मुज़फ्फरनगर ने महाविद्यालय स्तर पर अकेले ही सर्वाधिक 1600 विद्यार्थियों का पंजीकरण कर एक विशिष्ट एवं ऐतिहासिक उपलब्धि प्राप्त की है।

डॉ. सुधीर कुमार पुंडीर

अध्यक्ष विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान, मेरठ प्रांत एवं



कॉलेज के प्राचार्य ने बताया कि यह सफलता विद्यार्थियों की रुचि, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा प्रशासन के सुनियोजित प्रयासों का परिणाम है।

उन्होंने कहा कि 1600 छात्रों का पंजीकरण यह दर्शाता है कि युवा पीढ़ी भारतीय ज्ञान प्रणाली को समझने और अपनाने के लिए आगे आ रही है। परीक्षा आयोजन के लिए महाविद्यालय में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। छात्रों को परीक्षा संबंधी दिशा-निर्देश, अध्ययन सामग्री तथा मार्गदर्शन उपलब्ध कराया गया, जिससे वे परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। शिक्षकगण का मानना है कि इस प्रकार की परीक्षाएं छात्रों के बौद्धिक विकास के साथ-साथ उनमें सांस्कृतिक चेतना को भी मजबूत करती हैं। भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़ाव विद्यार्थियों को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करता है। महाविद्यालय परिवार ने इस अवसर पर सभी पंजीकृत विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और भविष्य में भी ऐसे प्रयासों को निरंतर जारी रखने की बात कही।

# ओलंपियाड 2025 में शिखर शिक्षा सदन का लहराया परचम

**मीरापुर।** हिन्दी ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित तथा भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय एवं शिक्षा मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न अंतरराष्ट्रीय हिन्दी ओलंपियाड 2025 में शिखर शिक्षा सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मुजफ्फरनगर के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

विद्यालय से कक्षा 1 से 12 तक के कुल 64 विद्यार्थियों ने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में सहभागिता की। प्रतियोगिता के प्रथम चरण में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल सात स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक प्राप्त किए तथा अनेक विद्यार्थियों को रैंक सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया। कक्षा 1 से दीवी व शिविका ने स्वर्ण, हुमायरा व माही ने रजत तथा आहान तोमर, गरुवाणी और अवजोत सिंह ने कांस्य पदक प्राप्त किया। कक्षा 2 से अमायरा खान ने स्वर्ण, जबकि आरव, आरव पाल एवं मिस्बाह ने रजत पदक हासिल किया। इस वर्ग में 11 विद्यार्थियों को रैंक सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। कक्षा 3 से 12 के वर्ग में लक्ष्य सिंह कक्षा 3, आफिया कक्षा 5, ईशानवी कक्षा 6, इरम कक्षा 7 तथा आराध्या राजवंशी कक्षा 8 ने स्वर्ण पदक प्राप्त किए। वहीं अलीमा जहरा कक्षा 7 एवं आराध्या रस्तौगी कक्षा 8 ने रजत पदक अर्जित किया। इस वर्ग में सात विद्यार्थियों को रैंक सर्टिफिकेट मिले।

विशेष उपलब्धि के तहत ईशानवी एवं आराध्या राजवंशी ने द्वितीय चरण के लिए क्वालिफाई किया है, जो अब राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होगा। प्रधानाचार्य पुनीत राजपूत ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएँ भाषा के प्रति रुचि और आत्मविश्वास बढ़ाती हैं। डायरेक्टर राजेश कुमार शर्मा व चेयरमैन सुशील कुमार शर्मा ने भी सभी को शुभकामनाएँ दीं। विद्यालय प्रशासन ने इस सफलता का श्रेय हिन्दी शिक्षिका गीता शर्मा के मार्गदर्शन को दिया।

### खोया पाया

में मोनिका पुत्री नितेंद्र/इंद्राणी निवासीगण गांव फलौदा जिला मुजफ्फरनगर यूपी की निवासी हूं। मेरी राजकुमार जनता इंटर कालेज फलौदा मुजफ्फरनगर की हाई स्कूल की माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज की सन 2003 की मार्कशीट जिसका अनुक्रमांक नंबर 0438604 है और सनद व माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज की इंटरमीडिएट की सन 2005 की मार्कशीट जिसका अनुक्रमांक नंबर 0184786 है और सनद वास्तव में कहीं पर खो गयी है।

### न्यायालय अपर आयुक्त (प्रशासन), सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर

वाद संख्या-1674/2025
कम्प्यूटरीकृत वाद सं0- सी2025 09000001674
धारा 207, उ0प्र0 राजस्व संहिता 2006, ग्राम नसीरपुर परगना व तहसील व जिला मुजफ्फरनगर।
करण सिंह **बनाम** मेघराज आदि

**नोटिस बनाम**

विपक्षी सं0-1 मेघराज पुत्र नानू निवासी ग्राम नसीरपुर परगना व तहसील व जिला मुजफ्फरनगर, 2-चन्दन चौहान पुत्र संजय चौहान निवासी 188 सिविल लाईन दक्षिणी मु0नगर, 3-अनुभव राय, 4-भानुप्रताप सिंह राय, 5-चेतन प्रताप राय, 6-हेमन्त कुमार पुत्रगण रामचरण राय, 7-श्रीमती कृष्णा देवी पत्नी रामचरण राय, 8-श्रीमती राजदुलारी पत्नी पंवन सिंह समस्त निवासीगण ग्राम नसीरपुर परगना व तहसील व जिला मुजफ्फरनगर, 9-अजीज पुत्र मजीद निवासी ग्राम बागोवाली परगना व तहसील व जिला मुजफ्फरनगर, 10-ग्राम पंचायत ग्राम नसीरपुर परगना व तहसील व जिला मुजफ्फरनगर द्वारा प्रधान।

प्रस्तुत अपील, मृतक करण सिंह पुत्र भोलू प्रतिस्थापनी 1/1-मनोज कुमार पुत्र करण सिंह निवासीगण ग्राम नसीरपुर परगना व तहसील व जिला मुजफ्फरनगर द्वारा न्यायालय अपर उपजिलाधिकारी सदर जनपद मुजफ्फरनगर के वाद संख्या-9025/2022, कम्प्यूटरीकृत वाद संख्या-टी202209550109025, मेघराज बनाम अजीज आदि अन्तर्गत धारा 116, उ0प्र0 राजस्व संहिता 2006 में पारित आदेश दिनांक 05.12.2024 एवं डिक्री दिनांक 23.12.2024 के विरुद्ध इस न्यायालय में योजित हुई है, जिसमें आपको भी पक्षकार बनाया गया है तथा इस अपील में दिनांक 06.02.2026 नियत है। अत: इस नोटिस सूचना के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 06.02.2026 को प्रात: 10:00 बजे अपने अधिवक्ता सहित अपील में पैरवी हेतु न्यायालय में उपस्थित हो। यदि सूचना के बाद आप उपस्थित नहीं होते हैं तो यह समझा जायेगा कि आपको इस सम्बन्ध में कुछ नहीं कहना है तथा न्यायालय द्वारा आदेश पारित किये जायेंगे। दिनांक: 12.01.2026

**आज्ञा से**
**अपर आयुक्त (प्रशासन)**
**सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर।**

### न्यायालय अपर आयुक्त (प्रशासन), सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर

वाद संख्या-1678/2025
कम्प्यूटरीकृत वाद सं0- सी20250 9000001678
धारा 207, उ0प्र0 राजस्व संहिता 2006, ग्राम नसीरपुर परगना व तहसील व जिला मुजफ्फरनगर।
करण सिंह **बनाम** मेघराज सिंह आदि

**नोटिस बनाम**

विपक्षी सं0-1 मेघराज पुत्र नानू निवासी ग्राम नसीरपुर परगना व तहसील व जिला मुजफ्फरनगर, 2-चन्दन चौहान पुत्र संजय चौहान निवासी 188 सिविल लाईन दक्षिणी मु0नगर, 3-अनुभव राय, 4-भानुप्रताप सिंह राय, 5-चेतन प्रताप राय, 6-हेमन्त कुमार पुत्रगण रामचरण राय, 7-श्रीमती कृष्णा देवी पत्नी रामचरण राय, 8-श्रीमती राजदुलारी पत्नी पंवन सिंह समस्त निवासीगण ग्राम नसीरपुर परगना व तहसील व जिला मुजफ्फरनगर, 9-अजीज पुत्र मजीद निवासी ग्राम बागोवाली परगना व तहसील व जिला मुजफ्फरनगर, 10-ग्राम पंचायत ग्राम नसीरपुर परगना व तहसील व जिला मुजफ्फरनगर द्वारा प्रधान।

प्रस्तुत अपील, मृतक करण सिंह पुत्र भोलू प्रतिस्थापनी 1/1-मनोज कुमार पुत्र करण सिंह निवासीगण ग्राम नसीरपुर परगना व तहसील व जिला मुजफ्फरनगर द्वारा न्यायालय अपर उपजिलाधिकारी सदर जनपद मुजफ्फरनगर के वाद संख्या-RST/3370/2025, कम्प्यूटरीकृत वाद संख्या-टी202509550103370, मेघराज बनाम अजीज आदि अन्तर्गत धारा 116, उ0प्र0 राजस्व संहिता 2006 में पारित आदेश दिनांक 30.06.2025 के विरुद्ध इस न्यायालय में योजित हुई है, जिसमें आपको भी पक्षकार बनाया गया है तथा इस अपील में दिनांक 06.02.2026 नियत है।

अत: इस नोटिस सूचना के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 06.02.2026 को प्रात: 10:00 बजे अपने अधिवक्ता सहित अपील में पैरवी हेतु न्यायालय में उपस्थित है। यदि सूचना के बाद आप उपस्थित नहीं होते हैं तो यह समझा जायेगा कि आपको इस सम्बन्ध में कुछ नहीं कहना है तथा न्यायालय द्वारा आदेश पारित किये जायेंगे।

दिनांक- 12.01.2026

**आज्ञा से**
**अपर आयुक्त (प्रशासन)**
**सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर।**

## पाल समाज का कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन

**मुजफ्फरनगर।** वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर राजमाता अहिल्याबाई होल्कर द्वारा निर्मित मंदिर और अन्य धार्मिक संरचनाओं से कथित छेड़छाड़ का मामला गरमा गया है। बुधवार को पाल समाज के सैकड़ों लोगों ने कलेक्ट्रेट परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन मूर्तियों और धार्मिक प्रतीकों को नुकसान पहुंचाने के आरोपों, साथ ही विरोध करने पहुंचे श्रद्धालुओं पर हुए लाठीचार्ज और दर्ज मुकदमों के खिलाफ था। प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें मामले में न्याय की मांग की गई। उन्होंने जोर देकर कहा कि मंदिर, मूर्तियां और धार्मिक चिह्न सनातन आस्था के प्रतीक हैं, जिनके साथ किसी भी तरह की तोड़फोड़ या परिवर्तन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। समाज के लोगों ने इस कार्रवाई पर नाराजगी जताते हुए कहा कि श्रद्धालुओं की बात सुनने के बजाय उन पर मुकदमे लिखना न्यायोचित नहीं है, जिससे समाज में आक्रोश और पीड़ा व्याप्त है। ज्ञापन में प्रमुख रूप से मांग की गई है कि मणिकर्णिका घाट स्थित राजमाता अहिल्याबाई होल्कर द्वारा बनवाए गए मंदिर व धार्मिक संरचनाओं को यथावत सुरक्षित रखा जाए। समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन के उपरांत प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन न्यायिक एसडीएम कृष्णकांत को सौंपा गया। इस दौरान शिवकुमार पाल, सुनील कुमार पाल, सत्येंद्र पाल, पुष्पांकर पाल, ,जगदीश पाल, मोहन प्रजापति, रमेश पाल , हरेंद्र पाल, समा दीप्ति पाल, मोनू पाल , गुलजारी लाल, संदीप पाल, पवन पाल, अंकित चंदेल, गुल्लू प्रधान , मुन्ना पाल , विजयपाल, सुमित पाल, देशपाल , पंकज पाल सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### सम्बन्ध विच्छेद

मैं जैनुदीन पुत्र छोटा व मेरी पत्नि मोमिना निवासीगण मौहल्ला चमारान कस्बा बुढाना जिला मु.नगर के निवासी हैं। हमारे तीन पुत्र जिनमें पहले पुत्र आसिफ व पुत्रवधू सलमा पत्नि आसिफ, दूसरे पुत्र सद्दाम व पुत्रवधू रेशमा पत्नि सद्दाम व तीसरे पुत्र फारुख व पुत्र वधू हीना पत्नि फारुख मुझे व मेरी पत्नि के साथ रोज गाली गलौच, हत्या, घर से निकालने, पुत्रवधुओं की अपने मायके वालों से झूठे केस में फंसाने की धमकी देते हैं। हम पति पत्नी भूखे प्यासे सोते हैं। हमसे अब मेहनत नही होती। हम जैसे तैसे करके दवा आदि का खर्च चला पाते हैं। घर में आते ही सब पीटने पर उतारु हो जाते हैं। इसलिए मैं आज 20 जनवरी 2026 को अपनी चल अचल सम्पत्ति से सबको बेदखल करता हूं। आज के बाद मेरा व मेरी पत्नी का सबसे किसी प्रकार का कोई वास्ता नही होगा और न भविष्य में होगा। आज मैने सबको एक वसीयतनामे द्वारा बेदखल कर दिया है। मैं बहुत परेशान व बीमार हूं। आज के बाद सब अपने किये के खुद जिम्मेदार होंगे।

# वोट जागरुकता को घर घर पहुंच रही जमियत



**बुढ़ाना।** बुधवार के दिन जमीयत उलेमा ए हिंद की शाखा बुढ़ाना द्वारा बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव भसाना में वोट जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में शहर के जनरल सेक्रेटरी शहज़ाद असगर कुरैशी ने नई वोट बनवाने पर विशेष ज़ोर दिया और जिन लोगों के पास नोटिस आए हैं उनके लिए कौन कौन से कागज़ात आवश्यक हैं इसकी भी जानकारी दी। इस अवसर पर तहसील जनरल सेक्रेटरी मुफ्ती आस मोहम्मद क़ासमी ने कहा कि यह हम सभी की सामूहिक ज़िम्मेदारी है कि हम इस मामले में एक दूसरे की पूरी मदद करें। विशेष रूप से पढ़े लिखे नौजवान लड़के लड़कियां गांव और गलियों में यह भी ध्यान रखें कि कोई भी 18 वर्ष का युवक या युवती ऐसा न रहे जिसकी वोट न बनी हो।

इस दौरान यहां इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से बुढ़ाना तहसील क्षेत्र के जनरल सेक्रेटरी और बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला मिर्दगान में स्थित कूबा मस्जिद के पेश इमाम मुफ्ती आस मोहम्मद क़ासमी, शहर जनरल सेक्रेटरी शहज़ाद असगर कुरैशी, मस्जिद के इमाम और ख़तीब क़ारी रियासत अहमद के अलावा गांव के ग्रामीण भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# पुरकाजी में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं दिलाने के लिए हूं प्रयासरत: फारूकी



**पुरकाजी।** वरदान हॉस्पिटल का उद्देश्य गरीबों को सस्ती चिकित्सा उपलब्ध कराना है जहीर फारुकी वरदान हॉस्पिटल का भव्य शुभारंभ नगर पंचायत के अध्यक्ष जहीर फारूकी एडवोकेट द्वारा विधिवत रूप से फीता काटकर किया गया क्षेत्रवासियों को मिलेगी बेहतर चिकित्सा सुविधा क्षेत्रवासियों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक नई सौगात के रूप में वरदान हॉस्पिटल का विधिवत शुभारंभ किया गया। उद्घाटन अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, समाजसेवी एवं चिकित्सकगण उपस्थित रहे।

मिली जानकारी के अनुसार कस्बे के लक्सर रोड पर मोहब्बत अली मार्केट में वरदान हॉस्पिटल का उद्घाटन नगर पंचायत के चेयरमेन जहीर फारूकी एडवोकेट द्वारा विधिवत रूप से फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत के चेयरमेन जहीर फारूकी एडवोकेट ने कहा की वरदान हॉस्पिटल में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के साथ अनुभवी डॉक्टरों की टीम द्वारा मरीजों का उपचार किया जाएगा। हॉस्पिटल में सामान्य चिकित्सा, आपातकालीन सेवाएं, जांच सुविधाएं एवं अन्य आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे क्षेत्रवासियों को बेहतर इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा।

उन्होंने हॉस्पिटल प्रबंधन से उम्मीद जताई कि हॉस्पिटल का उद्देश्य आमजन को सुलभ, किफायती एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना ही होना चाहिए। डॉ. एके सिद्दीकी, डॉ. नसीम अहमद अंसारी,डॉ. कामिल, डॉ. इकराम आदि ने बताया कि भविष्य में यहां और भी आधुनिक मशीनें व विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवाएं जोड़ी जाएंगी और गरीब लोगों के लिए कम खर्च पर अच्छी चिकित्सा उपलब्ध कराई जाएगी। शुभारंभ अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने हॉस्पिटल की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया और हॉस्पिटल के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर मुख्य रूप से सभासद आजाद फरीदी, डॉ. एके सिद्दीकी,डॉ. नसीम अहमद, डॉ. कामिल, डॉ. इकराम, डॉ. आर एन नाथी, डॉ रिजवान अली, मार्केट के ओनर मोहम्मद उनैश, हाफिज मोहसिन, आदिल फरीदी, शहजाद फरीदी, व्यापार मंडल के महामंत्री तनवीर आलम, इसरार अहमद, डॉ. सलमान, शादाब अहमद, सुहैल, गुरमीत आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# युवक पर हमले के आरोपी गिरफ्तार

**शाहटाइम्स सवांददाता,**

**खतौली।** थाना रतनपुरी क्षेत्र के गांव बडसू में क्रिकेट खेलने के दौरान हुआ मामूली विवाद अचानक खूनी संघर्ष में बदल गया। आरोप है कि गांव सिकन्दरपुर कलां के तीन युवकों ने दलित समुदाय के एक युवक पर लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई।

मंगलवार शाम करीब चार बजे बडसू निवासी कार्तिक कुमार अपने साथियों नितिन और कृष्णा के साथ क्रिकेट खेल रहा था। इसी दौरान सिकन्दरपुर कलां निवासी शौकीन, मोसीन और जुनेद से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर तीनों ने गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की नीयत से हमला बोल दिया। हमले में कार्तिक कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसके साथी किसी तरह अपनी जान बचाकर मौके से फरार हो गए।

घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर पर रतनपुरी पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बुधवार को बडसू रजवाहे के पास से तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक डंडा भी बरामद किया गया। पुलिस



के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में शौकीन पुत्र हसमुद्दीन, मोसीन पुत्र हसमुद्दीन और जुनेद पुत्र इदरीश शामिल हैं। जांच में सामने आया है कि अभियुक्त शौकीन का आपराधिक इतिहास रहा है, जिस पर दंगा, छेड़छाड़, पोक्सो एक्ट और एससी/एसटी एक्ट जैसे गंभीर मामलों में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने तीनों आरोपियों का चालान कर उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

# मोरना में मुख्य मार्ग पर पानी की निकासी नहीं होने से जल भराव

**मारेना।** गांव मोरना में मुख्य मार्ग पर नाला नही होने के कारण जल निकासी की गंभीर समस्या उत्पन्न होती जा रही है। जिसके चलते सड़क पर पानी भर जाता है। पैदल चलने वाले छात्रख्रछात्राओं, बुजुर्गों, दुकानदारों को समस्या झेलनी पड़ रही है। ग्रामीणो ने डीएम से नाला निर्माण कराने की मांग की है।

गांव के मुख्य मार्ग से रोजाना अनेक लोग गुजरते हैं। नाला न होने से गंदा पानी सड़क पर ही ैल जाता है, जिससे सड़क कीचड में तब्दील हो जाती है। स्कूल जाने वाले छात्रख्रछात्राएं, बाजार आनेख्रजाने वाले ग्रामीण तथा शुकतीर्थ जैसे प्रमुख धार्मिक स्थल की ओर जाने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी होती है।

मुख्य मार्ग पर स्थित दुकानदार भी इस समस्या से बेहद परेशान हैं। दुकानों के सामने पानी भर जाने से ग्राहकों की आवाजाही कम हो गई है, जिससे व्यापार प्रभावित हो रहा है। वहीं गंदे पानी से संक्रामक बीमारियों का डर भी सता रहा है।जलभराव के कारण दुकानों में नमी होने लगी है, जिससे सामान खराब होने की आशंका रहती है। बदबू और मच्छरों के बढ़ते प्रकोप से भी दुकानदारों व लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्राम सुधार सेवा समिति के अध्यक्ष मा. ;षिपाल सिंह, सेवानिवृत प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह, दुकानदार शरीफ़ अहमद, दुकानदार मिस्त्री मरगूब हसन, विनोद, राजू, विनित आदि ग्रामीणो ने डीएम से नाला निर्माण कराने की मांग की है।

# शुकतीर्थ मे प्रशासन ने कराया कंबल का वितरण



**मोरना।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ मे बुधवार को राजस्व विभाग की टीम द्वारा ज़रूरत मंदो को ठंड बचाने के कंबल का वितरण किया गया। उपजिला. धिकारी जानसठ राजकुमार भारती के नेतृत्व मे हुए कंबल वितरण कार्यक्रम के बारे मे राजस्व निरीक्षक सुनील शर्मा ने बताया की शुक्रताल मे 52 व्यक्तियों को कंबल का वितरण किया गया है।कंबल वितरण कार्यक्रम मे तहसीलदार श्रद्धा गुप्ता व श्री शुकदेव आश्रम के प्रसिद्ध कथा व्यास अचल कृष्ण शास्त्री, क्षेत्रीय वन अधिकारी रविकांत सिंह, लेखपाल सुरेश चंद,हिमांशु श्रीवास्तव,संदीप कुमार,वन विभाग के प्रवेश कुमार,अमित कुमार,नंदकिशोर शर्मा आदि मौजूद रहे।

# द स्काईलैंड स्कूल में सीबीएसई कार्यशाला का आयोजन

**शाहपुर।** क्षेत्र की प्रमुख शिक्षण संस्था द स्काइलैंड स्कूल में हुआ साइंस (प्रारंभिक कक्षाएँ) विषय पर सी बी एस ई कार्यशाला का आयोजन द स्काइलैण्ड स्कूल में सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस सी बी एस ई के द्वारा साइंस (प्रारंभिक कक्षाएँ) विषय पर एक अध्यापक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे भारतीय शिक्षा बोर्ड की डायरेक्टर वंदना भटनागर और आर्मी पब्लिक स्कूल सरसावा की प्रधानाध्यापिका वंदना मिश्रा ने जिलेभर से आए प्रारंभिक कक्षाओं के विज्ञान के अध्यापक/ अध्यापिकाओं को शुरुआती कक्षाओं में विज्ञान को किस प्रकार से पढ़ाना है इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए उनका मार्गदर्शन किया। कार्यशाला में अलग अलग प्रैक्टिकल गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों की किस प्रकार विज्ञान विषय में रुचि बढ़ाई जाए इस विषय पर सभी उपस्थित शिक्षक / शिक्षिकाओं का मार्गदर्शन किया गया। कार्यशाला की शुरुआत विद्यालय के प्रबंधक राहुल गोयल मनोज गोयल व प्रधानाध्यापिका निशा गोयल ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम के उपरांत अथितियों का प्रतीक चिह्न प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यशाल के उपरांत सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने बताया कि आज की कार्यशाला से वें और बेहतर तरीक़े से शिक्षा देने में समर्थ होंगे। विद्यालय प्रबंधक राहुल गोयल ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशाला का आयोजन विद्यालय भविष्य में भी करता रहेगा जिस से सभी शिक्षक लाभान्वित होंगे और बच्चों को और



बेहतर तरीक़े से शिक्षा प्रदान कर पाएंगे। कार्यक्रम का सफल संचालन विकास भार्गव के द्वारा किया गया।

# छेड़छाड़ मामले में प्रबंधक का घेराव

**खतौली।** बुढ़ाना रोड स्थित शिशु शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज में कक्षा 10 की दलित छात्रा के साथ कथित छेड़छाड़ के मामले ने तूल पकड़ लिया है। घटना के विरोध में बुधवार को बजरंग दल और राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के कार्यकर्ताओं ने कॉलेज परिसर में जोरदार प्रदर्शन कर स्कूल प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। प्रदर्शनकारियों ने प्रबंधन और प्रधानाचार्य पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाते हुए कॉलेज का घेराव किया और जमकर नारेबाजी की।

आरोप है कि कॉलेज के लिपिक लोकेश गुप्ता ने छात्रा को बहाने से कार्यालय में बुलाकर अश्लील हरकतें कीं और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल कर मानसिक उत्पीड़न किया। छात्रा द्वारा परिजनों को घटना बताने के बाद मामला सामने आया, जिस पर पुलिस को सूचना दी गई। बताया गया कि घटना कॉलेज में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद है, जिसे पुलिस ने साक्ष्य के रूप में जांच में शामिल किया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि कॉलेज कार्यालय में लगे ऑनलाइन पेमेंट के बारकोड पर अश्लील शब्द लिखे हुए पाए गए, जो छात्रों के लिए अत्यंत आपत्तिजनक हैं। इसे बच्चों के मान. सिक स्वास्थ्य और संस्कारों पर कुठाराघात बताते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की गई। इसके अलावा, प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि कुछ शिक्षक परिसर में खुलेआम पान, गुटखा, तंबाकू और सिगरेट का सेवन करते हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि जब शिक्षक ही अनुशासन का पालन नहीं करेंगे, तो बच्चों को नशे से कैसे दूर रखा जाएगा? घटनाओं की पुनरावृत्ति हुई या दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो व्यापक आंदोलन छेड़ा जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी स्कूल प्रबंधन और प्रशासन की होगी। इस दौरान चंद्रपाल, गौरव शर्मा उर्फ बंटी, अमन जोगी, रजत प्रजापत, प्रियांशु बाल्मीकि, नवीन त्यागी, शिवम और



सोनू पंडित सहित बड़ी संख्या में बजरंग दल व रालोद के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## निर्विरोध हुए एलडीबी के प्रत्याशी विनोद सैनी

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना के मौहल्ला मंदवाडा रोड पर स्थित भाजपा नेता विनोद सैनी के आवास पर बुधवार के दिन भूमि विकास बैंक के चेयरमैन पद पर निर्विरोध निर्वाचित होने पर विनोद सैनी को उनके आवास पर पहुंचकर मिठाई खिलाकर और माला पहनाकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। इस दौरान यहां पर विनोद सैनी ने बतलाया की यह जीत किसानों की जीत है। मुझे भारतीय जनता पार्टी ने कुछ दिनों पहले प्रत्याशी बनाया गया था। जिसमे भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के सफल प्रयासों के द्वारा मुझे आज निर्विरोध सभापति चुना गया। इस दौरान यहा पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक बुढ़ाना उमेश मलिक, बुढ़ाना मंडल महामंत्री मुकेश शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष भारत ठाकुर, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मोनू मलिक, जिला कार्यसमिति सदस्य युवा मोर्चा हिमांशु संगल, सोशल मीडिया के संयोजक शाहिद असलम, पूर्व मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा पुनीत शर्मा, एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष कुलदीप बागड़ी, युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष शिवम निमेष, मंडल मंत्री अंकुश राठी, मोहित नाथवंशी, रवि प्रताप सिंह कुरथल, अंकुर सैनी, विकास प्रधान अटेरना, रोहित नाथवंशी, रविंद्र सैनी और क्षेत्रवासी सहित भाजपा के सैंकडों कार्यकर्ताओं की भी उपस्थिति देखने को मिली।

## सभासद ने बनवाए दर्जनों जाति प्रमाण पत्र

**बुढ़ाना।** नगर पंचायत बुढ़ाना के वार्ड नंबर 14 के सभासद राशिद भूरू कुरैशी ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बतलाया कि बुधवार को उनके आवास पर निशुल्क तरीके से उन लोगों के जाति प्रमाण बनकर आ गये हैं जिन्होंने सभी काग. जों की प्रक्रिया पूरी कर दी थी और अब तक जिनके जाति प्रमाण पत्र नही बने हैं वे उनकी बैठक में कभी भी आकर अपने कागजात जमा कराकर अपना जाति प्रमाण पत्र बनवा सकते हैं। इसके लिए किसी को भी तहसील या अधिकारियों के चक्कर काटने की कोई जरुरत नहीं है। सारा काम वे खुद ही करवा रहे हैं। सभासद द्वारा जाति प्रमाण पत्र बनाने का वृहद स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत एक शिविर आयोजित कर जाति प्रमाण पत्र बनाए जा रहे हैं। आज भी उन्होंने अपने आवास पर दर्जनों लोगों कोध् उनके जाति प्रमाण पत्र बांटे।

## संक्षिप्त समाचार

### पालिका एक करोड़ से बनाएगी नया मीटिंग हॉल व स्मार्ट कंट्रोल रूम

**मुजफ्फरनगर।** नगर पालिका टाउन हाल में एक करोड़ की लागत से नया मीटिंग हॉल और स्मार्ट कंट्रोल रूम बनाने जा रही है। इसके लिए टेंडर निकाला गया है। पुराने जर्जर क्वार्टर को ध्वस्त कर दो गोदाम बनाए जाएंगे। पहले मंजिल पर मीटिंग हॉल और दूसरे पर स्मार्ट कंट्रोल रूम बनेगा, जो 400 सीसीटीवी कैमरों से जुड़ेगा।नगर पालिका टाउन हाल में करीब एक करोड़ की धनराशि से नया मीटिंग हॉल और स्मार्ट कंट्रोल रूम बनाने जा रही है। यहां पर ग्राउंड फ्लोर पर दो गोदाम बनेंगे। उसके ऊपर मीटिंग हॉल और स्मार्ट कंट्रोल रूम बनेंगा। अब यहां पर ग्राउंड फ्लोर पर करीब 45 लाख से अधिक की धनराशि से दो गोदाम बनाए जाएगे। वहीं प्रथम तल पर नया मीटिंग हॉल का निर्माण कार्य कराया जाएगी। जिसकी क्षमता करीब 150 से 200 लोगों के बैठने की रखेगी। द्वितीय तल पर स्मार्ट कंट्रोल रूम बनाया जाएगा। शहरी क्षेत्र में लगने वाले करीब 400 सीसीटीवी कैमरों को इस स्मार्ट कंट्रोल से जोड़ा जाएगा। इन सब कार्यों के लिए नगर पालिका ने टेंडर निक. ालकर तैयारियां शुरू कर दी है।

### किसान दिवस पर कृषि सम्बन्धी दी जानकारी

**मुजफ्फरनगर।** आज किसान दिवस जनपद स्तर पर जिला पंचायत सभा कक्ष में संजय कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी, (प्रशसन) संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया, जिसमें कृषकों को गत किसान दिवस की शिकायतों के निस्तारण की जानकारी दी गयी, तथा कृषकों को कृषि एवं कृषि से जुड़े विभागों की योजनाओं की जानकारी दी गयी। किसान दिवस में कृषको की सभी समस्याओं के निस्तारण करने के लिए अपर जिलाधिकारी प्रशासन द्वार विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देहित किया गया कि विद्युत से सम्बन्धित समस्याओं के विषय में अपना व्यक्तिगत ध्यान देकर समस्याओं को निस्तारण कराया जाये तथा पीडब्लूडी के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आप सडको को गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराने तथा निस्तारण आख्या की साट कापी जन शिकायत मोबाईल ऐप पर अपलोड करने तथा हार्ड कापी उप कृषि निदेशक कार्यालय में उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया तथा आगामी किसान समाधान दिवस पर सम्बन्धित अधिकारियों को समय से किसान समाधान दिवस में उपस्थित होने हेतु भी निर्देशित किया अन्त में सभी कृषकों एवं अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए किसान दिवस का समापन किया गया।इस अवसर पर उप निदेशक कृषि प्रमोद सिरोही सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारीगण तथा किसान बंधु आदि उपस्थित रहे।

### भूमि विकास बैंक चुनाव में रंग लाई भाजपा की रणनीति

**खतौली।** उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक (भूमि विकास बैंक) की खतौली शाखा में अध्यक्ष पद का चुनाव मंगलवार को राजनीतिक सरगर्मी के बीच संपन्न हुआ। दिनभर चले घटनाक्रम के बाद अंततः भाजपा समर्थित प्रत्याशी ऋषिपाल भाटी को निर्विरोध अध्यक्ष घोषित कर दिया गया। निर्वाचन अधिकारी द्वारा परिणाम घोषित होते ही भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह की लहर दौड़ गई और जीत का जश्न शुरू हो गया। अध्यक्ष पद के लिए नामांकन प्रक्रिया के दौरान माहौल उस समय गरमा गया, जब निर्विरोध चयन को लेकर आरोप-प्रत्यारोप सामने आए। कुछ देर के लिए चुनाव अधिकारी से नोकझोंक की स्थिति भी बनी, जिसके चलते पुलिस और प्रशासन को सतर्क रहना पड़ा। हालांकि, हालात पर शीघ्र ही काबू पा लिया गया और नामांकन प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से पूरी कराई गई। चुनाव मैदान में ऋषिपाल भाटी (ग्राम पलड़ा), प्रमोद कुमार (ग्राम नोना), नरेश कुमार (ग्राम तुलसीपुर) और सत्येंद्र कुमार (मीरापुर) ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किया था। लेकिन राजनीतिक समीकरणों और संगठनात्मक रणनीति के चलते अन्य उम्मीदवारों के नाम वापस लेने के बाद ऋषिपाल भाटी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। परिणाम आते ही भाजपा समर्थकों ने ऋषिपाल भाटी का फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया और मिठाइयां बांटकर खुशी जाहिर की। भाजपा नेताओं ने इसे संगठन की एकजुटता, रणनीतिक कौशल और किसान हित में किए गए प्रयासों की जीत बताया। उन्होंने कहा कि यह परिणाम पार्टी की विच. ारधारा और सहकारिता क्षेत्र में मजबूत पकड़ को दर्शाता है। वहीं, निर्विरोध निर्वाचित होने पर ऋषिपाल भाटी ने समर्थकों और क्षेत्रवासियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि वे किसानों और ग्रामीणों के भरोसे पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे तथा भूमि विकास बैंक के माध्यम से सस्ती दरों पर ऋण, पारदर्शी कार्यप्रणाली और विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

### जब मेपल्स परिवार के लिए आया गर्व का क्षण

**बुढ़ाना।** मेपल्स एकेडमी बुढ़ाना के कक्षा नौवी के मेधावी, सृजनशील एवं विचारशील छात्र ओजस्वी सिंह ने अत्यंत कम आयु में साहित्य के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय और प्रेरणादायक उपलब्धि अर्जित की है। उनकी प्रथम पुस्तक हिडेन ब्लैड फिलोसोफी जिसे प्रतिष्ठित प्रकाशन संस्था नोशन प्रेस द्वारा प्रका. शित किया गया है उनके लेखकीय जीवन की एक सशक्त और आशाजनक शुरुआत मानी जा रही है। यह गहन, विचारोत्तेजक एवं अर्थपूर्ण कृति आज के शोरगुल, दिखावे और त्वरित प्रतिक्रियाओं से भरी दुनिया में संयम, मौन, विवेक और रणनीतिक धैर्य जैसे मूल्यों के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करती है। दर्शन, सूक्ष्म अवलोकन, जीवनानुभव और आत्मचिंतन से प्रेरित यह पुस्तक पाठकों को ठहरकर सोचने, समझने और संतुलित ख्रष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित करती है। ओजस्वी सिंह की यह सराहनीय उपलब्धि संपूर्ण मेपल्स परिवार के लिए अत्यंत गर्व और हर्ष का विषय है।

# पूर्ति निरीक्षक ने कराया राशन डीलर के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**छपार।** जिलाधिकारी के आदेश पर पूर्ति निरीक्षक ने थाने में उचित दर विक्रेता के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उक्त विक्रेता की दुकान में बड़ी मात्रा में स्टाक कम पाया गया ओर राशन के साथ अन्य सामान जबरन देना बताया गया है।

गांव दतियाना निवासी राजेश कुमार ने गांव की उचित दर विक्रेता सुनिता की पोर्टल पर शिकायत करते हुए बताया कि उचित दर विक्रेता का पुत्र शुभम राशन वितरण करता है ओर चार दिन लोगों के अंगूठे लगवाकर सिर्फ दो दिन राशन वितरण करता है जिससे वहां भीड़ हो जाती है। शुभम का व्यवहार भी ठीक नहीं है जिस कारण बहुत लोग राशन से वंचित रह जाते हैं। यही नहीं राशन के साथ साबुन, सर्फ, चायपत्ती जीरा, मिर्च, हल्दी आदि सामान देता है न लेने पर राशन नहीं देता। शिकायत पर खादय अधिकारी व नायब तहसीलदार मौके पर पहुंचे ओर जांच की जिसमें छह कुंतल 14 किलों गेंहू व 12 कुंतल बीस किलो चावल कम पाया गया मौके पर स्टाक रजिस्टर नहीं मिला ओर न ही सूचनाओं का विवरण बोर्ड अंकित मिला। गांव के ही राजपाल,बाला, योगेंद्र आदि उपभोक्ताओं के ब्यान लिये गये ओर राशन के साथ अन्य सामान जो जबरन दिया जाता है मौके पर पाया गया।

खाद्य अधिकारी व नायब तहस. ीलदार ने अपनी रिपोर्ट जिलाधिकारी को सोंप दी उनके आदेश पर सदर तहसील के खाध निरीक्षक राजेश कुमार चौधरी ने थाने में उचित दर विक्रेता के विरुद्ध आवश्यक खाद्य वस्तु अधिनियम में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## रहस्यमय बीमारी से हो रही पशुओं की मौत से हड़कंप

**भोपा।** गांव यूसुफपुर मे रहस्यमय बीमारी से लगातार हो रही पशुओं की मौत से पशु पालको मे हड़कंप मच गया है। भोपा के निकटवर्ती गांव युसूफपुर निवासी समाजसेवी अंकित चौधरी, बबलू कुमार , प्रदीप राठी, सुभाष कुमार, रियाज अली, अमित कश्यप,विकास कुमार, नावेद हैदर, परशुराम आदि गांव के लोगों ने बताया कि गांव मे अज्ञात बीमारी से बीते कुछ समय मे 40 से भी अधिक पशुओं की मौत हो चुकी है। घटना से पशुपालक व ग्रामीण भयभीत है। ग्रामीण जयेंद्र सिंह, करण सिंह,प्रमोद, मौसम अली, मिंटू,सकट सिंहश, नीटू, योगेंद्र, संजय, राजेंद्र,बिजेंदर, सिंगर पाल आदि के पशुओं की मौत हो चुकी है। अनेकों पशु बीमारी की चपेट में है। भोपा स्थित पशु चिकित्सालय के डॉक्टर कमल. कांत शर्मा ने बताया की कुछ दिन पूर्व कुछ पशुओं की मौत हुई थी।

# मतदाताओं को तहसील अधिकारियों ने दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** मतदाता सघन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत भोकरहेड़ी में तहसील अधिका. रियों द्वारा एक कैंप का आयोजन बुधवार को किया गया।

जिसमें उपस्थित मतदाताओं को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गयी

भोकरहेड़ी नगर पंचायत कार्यालय में आयोजित केम्प मे तहसीलदार जानसठ श्रद्धा गुप्ता व नायब तहसीलदार बृजेश कुमार ने मतदाताओं की समस्याओं को सुना व उनके निवारण की जानक. ारी दी भोकरहेड़ी सहित निकटवर्ती गांव के व्यक्तियों ने मतदाता सूची मे नाम न होने, स्थानांतरण,संशोधन जैसी समस्याओं को बताया तो वहीं अधिकारियो ने उन्हें तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराई

तहसीलदार श्रद्धा गुप्ता ने



कहा की नागरिकों को परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। नागरिक अपने वोट से संबंधित जानकारी अपने बूथ के बीएलओ अथवा केम्प मे आकर लें.आयोजित केम्प मे मुख्य रूप से चेयरमैन प्रतिनिधि सचिन वामन कार्यालय लिपिक संजीव शील आदि मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**मोरना।** चौरावाला गांव निवासी युवक की गांव के निकट ही सड़क हादसे मे मौत हो गयी। युवक की मौत से परिवार मे कोहराम मच गया है। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव चौरावाला निवासी 26 वर्षीय मौ. आमिर बुधवार को बाईक द्वारा किसी कार्य से निकटवर्ती गांव बेहड़ा सादात मे गया था। वापस लौटते समय मोरना मार्ग पर दौलतपुर तिराहे के पास उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई तथा वह सड़क पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजन एम्बुलेंस द्वारा घायल को जिला चिकित्सालय ले गए। यहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। आमिर खान की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। युवक की मौत से उसके पिता नईम, मां मुसलीमीना, भाई मोहीन व उसकी बहन बेहद गमज़दा हैं।

# तिरंगा यात्रा को लेकर गांव गांव में किया गया जनसंपर्क



**बुढ़ाना।** आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय पर्व पर कस्बा बुढ़ाना में होने वाली भव्य तिरंगा यात्रा को लेकर डॉक्टर सोनू कश्यप ने अपनी टीम के साथ बुधवार के दिन जनसंपर्क किया और सभी से अधिक से अधिक संख्या में तिरंगा यात्रा में पहुंचने के लिए आग्रह किया। इस दौरान गांव दर गांव जनसंपर्क करने वालों में मुख्य रूप से डॉक्टर सोनू कश्यप के अलावा डॉक्टर विशाल कुमार पाल, डॉक्टर शेखर ठाकुर आदि लोग मौजूद रहे जिन्होंने बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव चंधेडी, गांव अटाली, गांव महलजना और गांव दताना इत्यादि गांवों में पहुंचकर तिरंगा यात्रा के लिए अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने के लिए आह्वान किया। गांवों में ग्राम प्रधान कुतुबपुर दताना विजय आर्य, कंवरपाल कश्यप, सतनाम, कृष्णपाल कश्यप, बनवारी कश्यप, ठाकुर पिंटू सिंह, सुदेश कश्यप, अबरार और आजाद आदि गणमान्य रहे।

# वरिष्ठ भाजपा नेता के निधन से शोक की लहर

**मोरना।** गांव मजलिसपुर तौफीर मे बुधवार की सुबह सवेरे वरिष्ठ व प्रसिद्ध भाजपा नेता महेंद्र सिंह चौहान का निधन अचानक हृदयगति रुक जाने से हो गया। उनके निधन से गांव सहित क्षेत्र मे शोक की लहर दौड़ गयी है। गणमान्य व्यक्तियों ने उनके अंतिम संस्कार मे भाग लिया।

मोरना ब्लॉक् क्षेत्र के गांव मजलिसपुर तौफीर मे वरिष्ठ भाजपा नेता महेन्द्र सिंह चौहान के निधन पर क्षेत्र के भाजपा नेताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया है। महेन्द्र सिंह चौहान अपने परिवार मे पत्नी ओमवती, पुत्र विश्वनाथ भाई सुभाष को छोड़ गये हैं। महेन्द्र सिंह चौहान एक किसान के रूप मे गांव मे ही खेती का कार्य करते थे। लगभग तीन दशकों से वह भारतीय जनता पार्टी के साकिर्य कार्यकर्ता रहे।

अंतिम संस्कार मे पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर वीरपाल निर्वाल ने महेन्द्र सिंह चौहान के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए



उन्हें समर्पित कर्मठ कार्यकर्ता बताया।भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री अमित राठी ने उनके निधन को पार्टी संगठन को बड़ी क्षति बताया। वहीं ग्राम प्रधान योगेश चौहान, प्रधानाचार्य पंकज माहेश्वरी, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के राम कुमार शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष अरुण पाल,चौधरी बृजवीर सिंह, मनोज कुमार, सतनाम सिंह, दिनेश सैनी, संजय कौरी,अनुज गोयल, अश्विनी कुमार, योगेश गुर्जर, राजसिंह चौहान, अशोक चौहान, वीरेन्द्र चौहान, विजय राठी, महिपाल राठी, डॉक्टर विनोद प्रजापति, जय करण गुर्जर, संदीप चौधरी प्रधान योगेश चौहान आदि ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। स्वर्गीय महेन्द्र सिंह चौहान का अंतिम संस्कार गांव मजलिसपुर तौफीर मे गंगा किनारे किया गया।

# खतौली में बंदरों का खौफ: छत से बाजार तक दहशत

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली कस्बा इन दिनों इंसानों नहीं, बल्कि बंदरों के आतंक से सहमा हुआ है। रेलवे रोड, श्यामपुरी कॉलोनी, सैनी नगर और कोतवाली क्षेत्र में बंदरों के बेकाबू झुंड ने आमजन का जीना मुहाल कर दिया है। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि पिछले एक महीने में महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों समेत दर्जनों लोग बंदरों के हमलों में घायल हो चुके हैं।

छत पर कपड़े सुखाना हो या गली में बच्चों का खेलनाकृहर जगह डर का साया है। कॉलोनी की छतों पर बैठे बंद. रों के झुंड अचानक हमला कर देते हैं। खासकर महिलाएं और बच्चे इनके आसान निशाने बन रहे हैं। कई मामलों में बंदरों ने लोगों को दौड़ा-दौड़ाकर काटा और नोंचकर गंभीर रूप से घायल किया।

बच्चों की हंसी गायब, बुजुर्ग घरों में कैद

स्थानीय लोगों का कहना है कि अब बच्चों को बाहर खेलने भेजना जोखिम भरा हो गया है। गली-मोहल्लों में खेल रहे बच्चों पर भी बंदर झपट चुके हैं। बुजुर्ग महिलाएं, जो पहले छतों पर समय बिताया करती थीं, अब डर के कारण घरों में कैद होकर रह गई हैं। बंद. रों की बढ़ती संख्या ने रोजमर्रा की जिंदगी को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है।**बाजारों में भी बंदरों की 'लूट'**

बंदरों का आतंक अब रिहायशी इलाकों तक सीमित नहीं रहा। कस्बे के बाजारों में दिनदहाड़े बंदर दुकानों से फल, खाद्य सामग्री और अन्य सामान उठाकर ले जा रहे हैं।

व्यापारी विरोध करते हैं तो बंदर झुंड बनाकर हमला कर देते हैं। इससे व्यापार चौपट होने के साथ-साथ ग्राहकों में भी भय व्याप्त है।

**रेलवे रोड पर सैकड़ों बंदरों से मची अफरा-तफरी**बुधवार को रेलवे रोड और श्यामपुरी कॉलोनी में उस समय हड़कंप मच गया, जब सैकड़ों बंदरों का झुंड इलाके में घुस आया। हाथ में थैला या पन्नी लिए लोगों पर बंदरों ने अचानक हमला कर दिया। कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए, जिन्हें उपचार के लिए निजी चिकित्सकों के पास ले जाना पड़ा। **कोतवाली भी नहीं बची बंदरों से**हैरानी की बात यह है कि बंदरों का आतंक अब कोतवाली परिसर तक पहुंच चुका है। पेड़ों पर बैठे दर्जनों बंदर पुलिसकर्मियों पर हमला कर रहे हैं। पुलिस की बाइकों से कागजात, टोपी और अन्य सामान निकालकर तहस-नहस कर दिया जाता है, जिससे पुलिसकर्मियों को भी भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। **प्रशासन की चुप्पी से उबाल** स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर पालिका, वन विभाग और प्रशासन को कई बार शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। लोगों को आशंका है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। **विशेष अभियान की मांग** खतौलीवासियों ने जिला. धिकारी और वन विभाग से मांग की है कि तत्काल विशेष अभियान चलाकर बंदरों को पकड़ा जाए और उन्हें सुरक्षित स्थानों पर छोड़ा जाए। लोगों का कहना है कि प्रशासन की सख्ती के बिना कस्बे को बंदरों के आतंक से मुक्ति मिलना मुश्किल है।

## शादाब ने खून देकर बचाई मरीज की जान

**बुढ़ाना।** तहसील बुढ़ाना क्षेत्र के गांव उमरपुर निवासी शादाब पहलवान ने पूर्व की भांति आज फिर एक मरीज को अपना खून देकर मरीज की जान बचाने का काम किया जिसकी चारों और प्रशंसा हो रही है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना क्षेत्र के शब्बीर कुरैशी किसी गंभीर बीमारी से पीडित हैं। विगत दिवस उनकी तबियत खराब होने पर परिजनों ने उनको एक निजी हस्पताल में भर्ती करवाया था। जहां पर उनको ब्लड की जरुरत थी। जब इस बात का पता सोशल मीडिया के माध्यम से पहलवान शादाब को लगा तो वे पूर्व की भांति बुढ़ाना कस्बे के कांधला रोड पर स्थित शमा ब्लड बैंक पर पहुंच गये और वहां पर अपना ब्लड देकर मरीज शब्बीर की जान बचाई। फिलहाल मरीज शब्बीर स्वस्थ्य बताए गये हैं। परिजनों ने शादाब पहलवान का इसके लिए आभार जताया है। वहीं शादाब पहलवान ने बताया कि वे रक्तदान करना अपना सौभाग्य समझते हैं। उनके खून से किसी मनुष्य की जान बच जाए तो उनके लिए यह बहुत बड़ी बात है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# साइबर ठगी गिरोह से जुड़े दो लोग गिरफ्तार, 98 लाख रुपये होल्ड



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** साइबर थाना पुलिस व साइबर सेल की संयुक्त टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए साइबर ठगी के एक संगठित गिरोह से जुड़े दो अभियुक्त दंपत्ति को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त दंपत्ति पर करीब 98 लाख रूपए की साइबर धोखाधड़ी में की रकम को पुलिस ने होल्ड कराया है, जबकि अब तक करीब 1।77 करोड़ से अधिक की धोखाधडी की गई है।बुधवार को एसपी एनपी सिंह ने पुलिस लाईन में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि गत दिवस लखनऊ से एक एक खाते की जांच साईबर सैल को भेजी, जिसमें एक खाता शामली में खुलवाया गया था। उक्त खाते में विभिन्न राज्यों से आई रकम को कई खातों में ट्रांसफर किया गया। जांच के बाद दो अभियुक्त दंपत्ति पकडे गए। पकडे गए अभियुक्त व्हाट्सएप व टेलीग्राम चौनलों के माध्यम से ट्रेडिंग इन्वेस्टमेंट के नाम पर लोगों को झांसे में लेते थे। फर्जी एप व लिंक भेजकर निवेश की गई रकम को अधिक मुनाफे के साथ दर्शाया जाता था और फिर लोगों की मेहनत की कमाई म्यूल खातों में मंगाकर हड़प ली जाती थी। इस मामले में गिरफ्तार अभियुक्तों प्रशान्त कनव पुत्र जनक राज तिवारी, निवासी बल्लभ भाई पटेल नगर, आजाद नगर, मुंबई तथा सुरभि भार्गव पुत्री अनिल कुमार भार्गव निवासी गली नंबर-2, गगन विहार शामली हैं। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त हिमांक प्रशान्त कनव मूल रूप से पंजाब का निवासी है, जो मुंबई में एडवर्टाइजमेंट कास्टिंग डायरेक्टर के रूप में कार्य करता था। फिल्म प्रोजेक्ट के नाम पर हुई पहचान के दौरान उसने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से पंजाब नेशनल बैंक, पालिका बाजार शामली में हिमांक प्रशान्त कैमेक्ट नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड के नाम से करंट अकाउंट खुलवाया। इस खाते में 8 अप्रैल 2024 को एक ही दिन में 98,38,276.10 रूपए की साइबर ठगी की धनराशि क्रेडिट होने की पुष्टि हुई है, जिसका कमीशन अभियुक्तों को मिला। पुलिस जांच में सामने आया है कि उक्त खाते से जुड़े साइबर फ्रॉड के संबंध में देशभर से अब तक कुल 41 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें लगभग 1 करोड़ 77 लाख रूपए से अधिक की धोखाधड़ी की गई है। एसपी ने बताया कि साइबर थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ की जा रही है तथा इस नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

## विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** गांव केरटू निवासी नदीम पुत्र इरफान ने विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधडी और जबरन साइबर अपराध के मामले में पुलिस ने दर्ज मुकदमे के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। विदेश भेजने से जुडे दस्तावेज, सोशल मीडिया अकाउंट, टेलीग्राम चौट और यात्रा से संबंधित रिकॉर्ड की जांच की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि इस गिरोह ने अब तक कितने युवकों को इसी तरह विदेश भेजकर साइबर अपराध में धकेला है। वहीं पीडित पक्ष की ओर से अन्य पीडितों के भी सामने आने की संभावना जताई जा रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कसाना का कहना है कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर धाराओं में बढोतरी कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मामले की जांच के लिए पुलिस की एक्सपर्ट टीम को लगाया गया है। पुलिस ने एजेंट प्रिंस उर्फ फाद निवासी झिंझाना, अमन निवासी नवी मुंबई और सचिन निवासी हैदराबाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीडित के अनुसार इंस्टाग्राम और टेलीग्राम के जरिए थाईलैंड में नौकरी का झांसा देकर उसे बैंकाक बुलाया गया। वहां से उसे म्यामार ले जाया गया, जहां उसके मोबाइल, दस्तावेज और रूपए छीन लिए गए। इसके बाद उससे जबरन साइबर अपराध कराया गया और मना करने पर उसके साथ मारपीट की गई। पीडित ने बताया कि म्यामार आर्मी की कार्रवाई के दौरान 22 अक्टूबर 2025 को मुक्त कराए गए करीब 590 भारतीयों के साथ उसे थाईलैंड भेजा गया। बाद में 10 नवंबर 2025 को भारतीय दूतावास की मदद से वह भारत लौट सका। पुलिस के अनुसार दर्ज मुकदमे के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है। विदेश भेजने से जुडे दस्तावेज, सोशल मीडिया अकाउंट, टेलीग्राम चौट और यात्रा से संबंधित रिकॉर्ड की जांच की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि इस गिरोह ने अब तक कितने युवकों को इसी तरह विदेश भेजकर साइबर अपराध में धकेला है। वहीं पीडित पक्ष की ओर से अन्य पीडितों के भी सामने आने की संभावना जताई जा रही है।

## फर्जी खसरा खतौनी दिखाकर 20 लाख ठगने वाले गिरोह का भंडाफोड़, सात गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सर्विलांस टीम व थाना आदर्शमंडी पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में सरकारी व प्राइम लोकेशन की जमीन दिखाकर फर्जी खसरा-खतौनी तैयार कर 20 लाख रूपए की ठगी करने वाले अंतर्राज्ईय जालसाज गिरोह का भंडाफोड़ किया गया है। पुलिस ने गिरोह के सात सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 7 लाख रूपए नकद, दो लग्जरी कारें, फर्जी दस्तावेज व मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

बुधवार को एसपी एनपी सिंह ने पुलिस लाईन में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि उत्तराखंड के रुड़की निवासी आदित्य कुमार सिंह ने थाना आदर्शमंडी पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि अभियुक्तों ने फर्जी व कूटरचित खसरा-खतौनी दिखाकर जमीन का सौदा कराया और 20 लाख रूपए की धोखाधड़ी की। गुरूवार को थाना आदर्शमंडी पुलिस ने वांछित सात अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में निखिल मलिक पुत्र पवन कुमार निवासी ग्राम भिक्का माजरा थाना भौराकला, हाल निवासी मौहल्ला रेलपार, अशोक पुत्र श्यामलाल निवासी मौहल्ला हर्ष विहार हापुड, पुष्पेन्द्र उर्फ पिन्टू पुत्र अमर सिंह निवासी मौहल्ला लज्जापुरी हापुड, जगतपाल पुत्र अमरपाल निवासी जसरूप नगर चन्द्रलोक कालोनी हापुड, रणजीत पुत्र राजेन्द्र निवासी ग्राम दादरी मेरठ, राजीव पुत्र सोमपाल निवासी ग्राम लिलौन शामली और अंकित पुत्र जसवीर निवासी ग्राम काबडौत शामिल है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से लगभग सात लाख रूपए



नकद, जमीन के फर्जी दस्तावेज, तीन मोबाइल फोन तथा दो कारें बरामद की हैं। पूछताछ में सामने आया कि यह गिरोह जमीन मालिकों से साठगांठ कर प्राइम लोकेशन की जमीनों को चिन्हित करता था और अपने साथियों को बड़ा डीलर बताकर भोले-भाले लोगों से ऊंचे दाम पर एग्रीमेंट कराता था। टोकन मनी व एडवांस के नाम पर लाखों रूपए लेने के बाद अभियुक्त फरार हो जाते थे और मोबाइल नंबर बंद कर लेते थे। एसपी ने बताया कि उक्त गिरोह अब तक दर्जनों लोगों से करोड़ों रूपए की ठगी कर चुका है। एसपी ने आम जनता से अपील की है कि जमीन का कोई भी सौदा करने से पहले संबंधित विभागों से दस्तावेजों की भली-भांति जांच कर लें तथा किसी भी संदिग्ध लेन-देन की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

## शटडाउन के बावजूद दौड़ा करंट, लाइनमैन की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** क्षेत्र के गांव फुटाना में एक लाईनमैन की डूंगर फीडर से शटडाउन लेने के बावजूद लाईन छोडने से दर्दनांक मौत हो गई। संविदा लाईनमैन करंट लेने से विद्युत पॉल से जमीन पर गिर पडा। जिसको शामली के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने लाईनमैन को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

क्षेत्र के गांव फुगाना निवासी 30 वर्षीय संविदा लाईनमैन दीपक पुत्र मदनलाल गुरूवार को पूर्व प्रधान थाम सिंह के खेत के 11 हजारी की लाइन को जोड़ने के लिए डूंगर फीडर से शटडाउन लेकर गया था। बताया जाता है कि जब लाईन जोडने के लिए वह विद्युत पॉल पर चढा तो अचानक विद्युत लाईन छोड दी गई। जिससे लाईनमैन को तेज करंट लगा और वह सीधा पॉल से सीधा जमीन पर गिर



पडा और गंभीर रूप से झुलस गया। साथ में कार्य कर रहे नवरत्न ने आसपास मौजूद लाईनमैन व ग्रामीणों की मदद से झुलसे दीपक को शामली के जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने लाईनमैन को मृत घोषित कर दिया। लाईनमैन की मौत की सूचना मिलने से परिजनों में को. हमराम मच गया। परिजनों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों पर सूचना के बावजूद न आने का आरोप लगाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक अपने पीछे तीन छोटे बच्चों को छोड गया है। परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## ई-रिक्शा स्टार्ट होते ही मासूम की मौत

**थानाभवन।** थाना भवन नगर के मोहल्ला नबीपुरा में मंगलवार की रात उस समय हाहाकार मच गया, जब खेल-खेल में ई-रिक्शा स्टार्ट होने से 4 वर्षीय बच्चे की दीवार से टकराकर मौत हो गई। अचानक हुई इस घटना से परिवार ही नहीं, पूरा मोहल्ला शोक में डूब गया। थाना भवन नगर के मोहल्ला नबीपुरा में घास मंडी के पास की गली में रहने वाले नईम ई-रिक्शा चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। मंगलवार की रात वह अपने घर लौटा और उसने ई-रिक्शा अपने घर के पास की गली में जमशेद के मकान के सामने खड़ी कर दी। इसी दौरान उसने रिक्शा में गाना बजा दिया।उसी समय नईम का 4 वर्षीय पुत्र खेलते-खेलते ई-रिक्शा में चढ़ गया और मासूम ने अनजाने में स्टार्ट बटन दबा दिया। बटन दबाते ही ई-रिक्शा अचानक आगे बढ़ी और दीवार से जोरदार टकरा गई। टक्कर के दौरान बच्चा दीवार से बुरी तरह भिड़ गया और अंदरूनी गंभीर चोट लगने से वहीं बेहोश हो गया। परिजन तत्काल बच्चे को मोहल्ले के डॉक्टर के पास ले गए। गंभीर हालत देखते हुए डॉक्टर ने उसे बड़े अस्पताल ले जाने की सलाह दी। परिजन तुरंत बच्चे को अमृत गंगा हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान बच्चे की मौत हो गई। अचानक हुई इस हृदयविदारक घटना से परिवार में कोहराम मच गया। गमगीन माहौल में मासूम का अंतिम संस्कार कर दिया गया। मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई। लोगों ने कहा कि इस हादसे से सीख लेते हुए किसी भी वाहन को बिना लॉक किए या स्टार्ट मोड में बिल्कुल नहीं छोड़ना चाहिए, क्योंकि एक छोटी सी लापरवाही बड़ा हादसा बन सकती है।

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा भाई साबिर पुत्र स्व. हमीद खान निवासी मौहल्ला मोलानान कस्बा व थाना कांधला व सलमान पुत्र स्व. हमीद खान निवासी मौहल्ला खैल कस्बा व थाना कांधला एवं आबिद पुत्र स्व. हमीद खान निवासी जलालाबाद थाना थानाभवन जिला शामली एवं मुजम्मिल पुत्र स्व. हमीद खान निवासी नानौता जिला सहारनपुर एवं बहनें रानी पुत्री स्व. हमीद खान पत्नी अहसान व सादमा पुत्री स्व. हमीद खान पत्नी कासिम निवासीगण जामा मस्जिद शामली व बुशरा पुत्री स्व. हमीद खान पत्नी सलमान निवासी थानाभवन जिला शामली एवं साजिया पुत्री स्व. हमीद खान पत्नी आसिफ निवासी मौहल्ला मोलानान कस्बा व थाना कांधला जिला शामली उल्टे सीधे काम करते हैं, मेरे कहने-सुनने में नहीं हैं। इसलिए मैंने व मेरे परिवार ने सभी उपरोक्त से अपने संबंध विच्छेद कर लिए हैं। उपरोक्त द्वारा या उपरोक्त के बच्चों द्वारा किए गए किसी भी कार्य का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

**मुन्ना पुत्र स्व. हमीद खान**

निवासी- मौहल्ला मिर्दगान कस्बा व थाना कांधला, तहसील कैराना जिला शामली

## महिलाओं को किया गया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** बुधवार को मिशन शक्ति फेस-5.0 अभियान के अंतर्गत मिशन शक्तिध्एंटी रोमियो टीम थाना थानाभवन द्वारा कस्बा थानाभवन के विभिन्न बाजारों में जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व महिला हेड कांस्टेबल विनीता एवं महिला हेड कांस्टेबल पूनम ने किया।

टीम ने बाजारों में भ्रमण कर बालिकाओं व महिलाओं को महिला सशक्तिकरण, साइबर क्राइम व धोखाधड़ी, छेड़खानी, बाल अपराध जैसी महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी और सतर्क रहने के उपाय बताए। इसके साथ ही महिलाओं की सुरक्षा व सहायता से जुड़े विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई, जिनमें 1090 वूमेन पावर, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन तथा 108 एंबुलेंस सेवा शामिल हैं।

जागरूकता कार्यक्रम के दौरान सरकार की प्रमुख योजनाओं जैसे



बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना एवं समूह विवाह योजना के बारे में भी विस्तार से बताया गया। महिलाओं से अपील की गई कि किसी भी आपात स्थिति या समस्या के समय बिना झिझक इन हेल्पलाइन सेवाओं का उपयोग करें और अपराध के खिलाफ आवाज उठाएं।

अभियान से बाजारों में मौजूद महिलाओं व बालिकाओं में जागरूकता बढ़ी और उन्होंने पुलिस द्वारा किए जा रहे जागरूकता अभियान की सराहना की।

## राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने की पुरानी पेंशन बहाली की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश के पदा. धिकारियों की एक बैठक लोक निर्माण विभाग स्थित डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ के कार्यालय पर आयोजित की गई। जिसमें पुरानी पेंशन बहाली की मांग सहित कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। बाद में सामुहिक खिचडी भोज कराया गया।

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जनपद शाखा शामली द्वारा बुधवार को लोक निर्माण विभाग परिसर बनत में खिचड़ी भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद में कार्यरत केंद्रीय व राज्य कर्मचारियों तथा शिक्षकों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर गंभीर चर्चा की गई। खिचड़ी भोज के माध्यम से कर्मचारियों ने आपसी एकता का संदेश देते हुए अपनी मांगों के समर्थन में एकजुट होकर आंदोलन की रणनीति पर




विचार-विमर्श किया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पुरानी पेंशन योजना की बहाली, आठवें वेतन आयोग द्वारा प्रस्तावित संस्तुतियों पर विचार तथा कर्मचारियों की विभिन्न लंबित मांगों की पूर्ति हेतु समन्वय स्थापित करना रहा। कर्मचारियों ने एक स्वर में कहा कि यदि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो भविष्य में चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद शामली शाखा के जिलाध्यक्ष ई। संजय कुमार ने करते हुए कहा कि कर्मचारी लंबे समय से अपनी जायज मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन सरकार द्वारा अभी तक ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। उन्होंने सभी संगठनों से एकजुट होकर आंदोलन को मजबूती देने का आ]वान किया। कार्यक्रम में सहारनपुर क्षेत्र के महामंत्री ई।

सोमान्शु मोहन ने कहा कि पुरानी पेंशन कर्मचारियों का संवैधानिक अधिकार है और इसे बहाल कराना सभी कर्मचारी संगठनों की प्राथमिकता है। वहीं ग्राम विकास अधिकारी संघ के अध्यक्ष अर्जुन राणा ने कर्मचारियों की एकता को समय की आवश्यकता बताया। इस अवसर पर ई। अनुराग तिवारी, कन्हैया लाल, आनंद कुमार, सुरेन्द्र शर्मा, अभिषेक प्रताप सिंह, बिजेन्द्र कुमार, उमा शंकर भट्ट, आशुतोष शुक्ला, जावेद खान, मनीत कुमार, मनोज वत्स, पंकज कुमार राजीव शर्मा मौजूद रहे।

## नल से निकले गर्म पानी की जांच को लखनऊ से पहुंचे वैज्ञानिक, पांच स्थानों से लिए नमूने

**चौसाना।** अमलापुर में कपिल के नल के बोरिंग से गर्म पानी निकलने की घटना प्रकाशित होने के चौथे दिन जल निगम के अधिकारियों के संग वैज्ञानिक डा0 फखरे आलम स्थलीय निरीक्षण को गांव में पहुंचे और ग्रामीण परिवार से वार्ता करते हुए पॉच अलग अलग स्थानों के पानी के नमूने लिए गए और मोके पर ही तापमान की माप की गई। बताया गया है कि केंद्रीय भूमि जल बोर्ड,उत्तरी क्षैत्र लखनऊ के क्षैत्रीय निदेशक एसके स्वरूप के निर्देश पर वैज्ञानिक परीक्षण किया गया है। गांव से लिए गए सैम्पल को लखनऊ की प्रयोगशाला भेजा गया है। बीते 18 जनवरी को कपिल पुत्र जिले सिंह के घर पर लगे नल से गर्म खोलता हुआ पानी निकलने की घटना लोगो के लिए कोतूहल का कारण बन गई थी। जिसके बाद आसपास के गांव के लोग अमलापुर मे पहुँचें तो गांव मे लोगो का तांता लग गया। जिसके बाद खोलते पानी की खबरे दैनिक शाह टाईम्स मे प्रकाशित हुई तो जिला प्रशासन के साथ जल निगम के अधिकारियों के कानो तक पहुंचीं, जिसके बाद केंद्रीय भूमि जल बोर्ड,उत्तरी क्षैत्र लखनऊ के क्षेत्रीय निदेशक एसके स्वरूप के निर्देश पर वैज्ञानिक डा. फखरे आलम जल निगम के अवर अभियंता अरविंद कुमार टीम के साथ गांव मे पहुंचे और कपिल के परिवार से पूरे प्रकरण की जानकारी लेकर पांच अलग अलग स्थानों से पानी के नमूने लिए गए। गांव से एकत्र नमूनो को लखनऊ की प्रयोगशाला मे भेजा जा रहा है ताकि पानी के गर्म होने के स्त्रोतो को पता लगाया जा सके।

## किसान दिवस पर डीएम ने सुनी समस्याएं





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। आयोजित किसान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने बारी-2 से किसानों की समस्याओं को सुनते हुए सभी संबंधित अधिकारियो को प्राप्त समस्याओं का समय से समाधान किया जाने के कड़े निर्देश दिए। डीएम ने किसानों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक शामली द्वारा किसानो को पूर्व किसान दिवस में प्राप्त किसानो की समस्या के समाधान के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।आयोजित किसान दिवस किसान दिवस में किसानों द्वारा मुख्य रूप से बकाया गन्ना भुगतान,चीनी मिल से छाई की समस्या, पशुपालन विभाग, विद्युत विभाग, सिंचाई विभाग, आदि विभागों से संबंधित समस्याएं बताई गई जिनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए।किसान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी, प्रमोद कुमार उप कृषि निदेशक शामली, प्रदीप कुमार यादव, जिला कृषि अधिकारी, आरद्ध एसद्ध कुशवाहा, जिला गन्ना अधिकारी, शामली, तथा सभी विभागो के वरिष्ठ अधिकारीगण तथा कृषक आदि मौजूद रहें।

## थानाभवन प्राथमिक विद्यालय नंबर 1 में जूतों के बिना आ रहे छात्र




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय नंबर 1 में कुछ छात्र जूतों के बिना स्कूल आते देखे जा रहे हैं। यह स्थिति तब सामने आई है, जब सरकार की ओर से ड्रेस, जूते.मोजे आदि के लिए निर्धारित धनराशि विद्यार्थियों के अभिभावकों के खातों में पहले ही भेजी जा चुकी है।

विद्यालय प्रशासन के अनुसार वर्तमान में लगभग 10 से 12 ऐसे छात्र हैं, जिनके खातों में ड्रेस की राशि नहीं पहुंच पाई है। प्रधानाचार्य ने बताया कि इसका मुख्य कारण संबंधित अभिभावकों के बैंक खातों की केवाईसी (KYC) पूरी न होना है। केवाईसी न होने के चलते सरकारी सहायता की रकम खातों में स्थानांतरित नहीं हो सकी।

प्रधानाचार्य का यह भी कहना है कि जिन विद्यार्थियों के खातों में राशि पहुंच चुकी है, उनके अभिभावकों को कई बार स्कूल बुलाकर समझाया गया है कि बच्चों को जूते.मोजे पहनाकर ही स्कूल भेजें, ताकि बच्चों की सुरक्षा और स्वास्थ्य पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। इसके बावजूद कुछ मामलों में लापरवाही देखने को मिल रही है। विद्यालय प्रशासन ने अभिभावकों से अपील की है कि वे समय रहते अपने बैंक खातों की केवाईसी प्रक्रिया पूरी कराएं और जिनके खातों में राशि आ चुकी है, वे बच्चों की जरूरतों को प्राथमिकता देते हुए उन्हें पूरा ड्रेस व जूते उपलब्ध कराएं। बच्चों का नियमित और सुरक्षित रूप से विद्यालय आना उनकी पढ़ाई और भविष्य दोनों के लिए आवश्यक है। यह मामला एक ओर सरकारी योजनाओं के सही क्रियान्वयन की आवश्यकता को दर्शाता है, तो दूसरी ओर अभिभावकों की जिम्मेदारी और जागरूकता पर भी सवाल खड़े करता है।

## एनजीटी ने किया नदी-नालों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** एनजीटी, नई दिल्ली में विचाराधीन वाद के अनुपालन नमामि गंगे जलशक्ति मंत्रालय के नदी कायाकल्प विशेषज्ञों ने बुधवार को काठा नदी, नाले का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नाले की वर्तमान स्थिति, उद्गम स्थल, लंबाई-चौड़ाई, इससे जुड़े गांवों, गांवों से नदी में गिरने वाले नालों तथा प्रदूषण की स्थिति की गहन जांच की गई।

अधिकारियों ने बताया कि काठा नाला ग्राम रई नगला, तहसील ऊन से निकलकर लगभग 53 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए अंततः ग्राम हैदरपुर, तहसील कैराना के समीप यमुना नदी में समाहित होता है। निरीक्षण के दौरान नदी, नाले में किसी



प्रकार का प्रवाह नहीं पाया गया, जिससे क्षेत्र में पर्यावरणीय चिंता बढ़ गई है। निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाने की बात कही गई है। निरीक्षण टीम में नमामि गंगे जलशक्ति मंत्रालय, नई दिल्ली से हर्ष कुमार महावर, एनएमसीजी प्रोजेक्ट ऑफिसर कृति वर्मा, प्रदूषण नियंत्रण विभाग से कुंवर संतोष कुमार व दिवाकर गहलोत, जिला गंगा समिति से जिला परियोजना अधिकारी डॉ। सोनू कुमार सहित प्रशासन के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नगरपालिका परिषद कर्मचारियों पर रिश्वत मांगने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवेदन करने वाले कांधला कस्बे के गरीब मजदूर परिवारों ने नगर पालिका परिषद कांधला के कुछ कर्मचारियों पर सुविधा शुल्क की मांग करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीडितों ने डीएम को शिकायती पत्र सौंपकर निष्पक्ष जांच व दोषियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि वे कस्बा कांधला के निवासी हैं और मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन किया था, जिसकी जांच नगर पालिका परिषद कांधला द्वारा की जा रही है। आरोप है कि नगर पालिका के कर्मचारियों ने आवेदन को पात्र घोषित करने के बदले सुविधा शुल्क की मांग की। शुल्क न देने पर आवेदन को अपात्र श्रेणी में डालने की बात कही जा रही है। शिकायत में यह भी बताया गया है कि मोहल्ले के कुछ अन्य लोगों के आवे. दन पात्र घोषित कर दिए गए हैं, जबकि गरीब होने के कारण वे सुविधा शुल्क नहीं दे पा रहे हैं। उनके पास न तो आय का कोई स्थाई स्रोत है और न ही पक्का मकान बनाने की आर्थिक क्षमता है। डीएम से मांग की है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत किए गए उनके आवेदन पत्रों की निष्पक्ष जांच कराई जाए। इस अवसर पर इशरत, सज्जा, जाहिद, नफीसा, राशिदा, शबनम आदि मौजूद रहे।

# जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्रों के लिए नई विंडो

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम ने जन्म मृत्यु विभाग में आने वाले लोगों की सुविधाओं के लिए निगम परिसर में आज एक नयी विंडो तथा विश्राम कक्ष की शुरुआत की गयी। शुभारंभ महापौर डॉ.अजय कुमार व नगरायुक्त शिपू गिरि ने रिबन काटक्र किया।

जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए विभाग में भारी भीड़ को देखते हुए निगम परिसर में आवेदन जमा कराने के लिए नगर निगम द्वारा एक नयी विंडो स्थापित की गयी थी। आज निगम परिसर में ही एक और विंडो स्थापित की गयी। अपर नगरायुक्त मृत्युंजय ने बताया कि इस विंडो में दो काउण्टर शुरु किये गए है। एक काउण्टर पर वर्ष 2005 से वर्ष 2025 तक जन्म प्रमाण पत्र सम्बंधी कार्य सम्पादित किये जायेंगे जबकि दूसरे काउण्टर पर 31 दिसंबर 2025 से पूर्व तक के मृत्यु प्रमाणपत्रों से सम्बंधित कार्य किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि निगम में आने वाले आवेदनकर्ताओं व प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आने वाले लोगों के लिए एक विश्राम कक्ष भी बनाया गया है। इसी विश्राम कक्ष के एक हिस्से में डाक डिस्पैच की व्यवस्था भी की जायेगी। महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त शिपू गिरि ने आज



नयी विंडो का शुभारंभ व विश्राम कक्ष का रिबन काट कर लोकार्पण किया। महापौर व नगरायुक्त ने लोगों की सुविधाओं के लिए अनेक सुझाव भी दिए। इस अवसर पर उप सभापति मयंक गर्ग, अपर नगरायुक्त मृत्युंजय, नगर स्वास्थय अधिकारी डॉ. प्रवीण शाह, निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा, अधिशासी अभियंता वी बी सिंह, लेखाधिकारी मनोज त्रिपाठी, गैराज प्रभारी स्वप्निल जैन, मुख्य सफाई निरीक्षक परमानंद व इद्रपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## कार की टक्कर लगने से बाइक सवार की मौत

**नागल।** थाना क्षेत्र के गांव खजूरवाला के निकट स्टेट हाइवे पर बीती रात एक बाइक सवार युवक को तेज गति से आ रही कार द्वारा टक्कर मारने से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद कार चालक वाहन सहित फरार हो गया।

गांव भिक्कनपुर निवासी अमित कुमार 35 पुत्र रविदत्त उत्तराखंड के भगवानपुर स्थित एक फैक्ट्री में मजदूरी करता था। मंगलवार शाम ड्यूटी पूरी कर के वह बाइक से अपने गांव लौट रहा था। जब वह खजूरवाला गांव के करीब पहुंचा तो पीछे से तेज गति से आ रही एक कार ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना मे अमित उछल कर सड़क पर जा गिरा जिससे सिर पर लगा हेलमेट भी दूर गिर पडा जिससे उसके सिर व शरीर में गंभीर चोटें लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# छात्राओं को दिए गए सुरक्षा टिप्स

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर की महिला मिशन शक्ति टीम ने कस्बे के एचपी इंटर कालेज में जन चौपाल का आयोजन कर छात्राओं के साथ सीधा संवाद स्थापित किया इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लड़कियों को उनकी सुरक्षा अधिकारों और सशक्तिकरण के प्रति जागरूक करना था।

मिशन शक्ति फेज 5 के तहत एंटी रोमियो स्क्वॉड की प्रभारी महिला सिंगम मिथलेश राठौर तथा महिला कांस्टेबल प्रीति की अगुवाई में टीम ने छात्राओं को महत्वपूर्ण जानकारी दी। टीम ने सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया, जिससे छात्राएं स्वावलंबी बन सकें विशेष रूप से साइबर फ्रॉड और डिजिटल अरेस्टिंग जैसे बढ़ते खतरे पर जोर दिया गया। छात्राओं को समझाया गया कि ऑनलाइन फोन कॉल, मैसेज या लिंक से कैसे सावधान रहें और फर्जी कॉलर से



कैसे बचें महिला सिंगम मिथलेश राठौर ने छात्राओं को सुरक्षा के व्यावहारिक टिप्स दिए जैसे अकेले चलते समय सतर्क रहना, अजनबी से दूरी बनाए रखना, आपात स्थिति में तुरंत 112 या महिला हेल्पलाइन 1090 पर कॉल करना महिला सिंगम मिथलेश राठौर ने आत्मरक्षा की ट्रेनिंग लेने और आत्मविश्वास बनाए रखने की सलाह दी कार्यक्रम में छात्राओं को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई तथा उन्हें सशक्त और स्वावलंबी बनने के लिए प्रोत्साहित किया।कार्यक्रम के दौरान महिला हेल्पलाइन नंबरों सहित उपयोगी जानकारियों वाले पम्पलेट भी वितरित किए गए छात्राओं ने इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम उनके मनोबल को बढ़ाते हैं।यह प्रयास न केवल छात्राओं की सुरक्षा को मजबूत करेगा

## मुकदमे वापसी की मांग

**सहारनपुर।** भागीरथ सेना के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मेरठ के ज्वालागढ़ में सोनू कश्यप को जिंदा जलाकर हत्या किए जाने के मामले में कश्यप समाज के लोगों पर दर्ज मुकदमे को वापस लेने तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

भागीरथ सेना के कार्यकर्ता पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत जिला मुख्यालय पहुंचे जहां उन्होंने जिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में बताया कि सोनू कश्यप की निर्मम हत्या के मामले में वास्तविक दोषियों के बजाय समाज के निर्दोष लोगों पर ही मुकदमा दर्ज कर दिया गया है, जिससे कश्यप समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए तथा समाज के लोगों पर दर्ज मुकदमा तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए।

# पिकअप व कार की भीषण टक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** नगर के गंगोह बाइपास के निकट एक ईंट भट्ठे के पास बुधवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ, जहां पशुओं से भरी एक पिकअप गाड़ी और एक कार के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई। इस हादसे में कार में सवार पूरा परिवार बाल-बाल बच गया, जबकि पिकअप चालक मौके से फरार हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा उस समय हुआ जब पशुओं से लदी पिकअप तेज रफ्तार में आ रही थी और सामने से आ रही कार से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार को काफी नुकसान पहुंचा, लेकिन सौभाग्य से किसी को गंभीर चोट नहीं आई। कार में सवार गंगोह निवासी दानिश और असलम अपने परिवार के साथ सहारनपुर से घर लौट रहे थे। परिवार के सदस्यों ने बताया





कि वे सभी सुरक्षित हैं, लेकिन हादसे से वे काफी डर गए थे। सूचना मिलते ही अबेहटा पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया। चौकी प्रभारी नीरज कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा, ष्कार और पिकअप की टक्कर हुई है। पिकअप गाड़ी में पशु भरे हुए थे। कार में सवार गंगोह निवासी दानिश और असलम अपने परिवार के साथ सहारनपुर से घर लौट रहे थे। हादसे में किसी को चोट नहीं आई है।ष पुलिस ने फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# एसआईआर पर दावे व आपत्तियों की सुनवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** एसडीएम बेहट एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी मानवेंद्र सिंह ने बताया कि एस आई आर को लेकर दावे और आपत्तियों के को सुना गया तथा लागभ 500 मतदाताओं की आपत्तियों को सुनकर उनका निस्तारण किया गया है। इस कार्यों मे दोनों ब्लाकों बेहट तथा छूटमलपुर सहित 19 आरो ऐ आरो को ड्यूटी पर लगाए गए है।

बुधवार को तहसील में मतदाताओं को दिए गए नोटिस के नियत तिथियों दावे और आपत्तिया को एस डीएम एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी मानवेंद्र सिंह ने तहस. ीलदार विजय कुमार सिंह नायब तहसीलदार भूपेंद्र कुमार देवेन्द्र कुमार प्रजापति सहित अन्य विभाग के अधीनस्थों के साथ अपने अपने कार्यालयों मे मतदाताओं को एस आई



आर के संबंध मे जारी किए गए नीयत तिथि पर नोटिस मे आपत्तियों एवं दावों को सुना गया सुर उनके तथा उनके परिजनों के निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रपत्रों को लेकर उनका निस्तारण किया गया।

एस डीएम मानवेन्द्र सिंह ने बताया कि आज उन मतदाताओं की आपत्तियों एवं दावों को सुना गया है जिन को आज नियत तिथि का समय दिया गया थे यह कार्य प्रतिदिन कार्य दिवस मे मतदाताओं को दिए गए नोटिस की नियत तिथि पर ही उनके दावे एवं आपत्तियों को सुना जायेगा उन्होंने कहा कि बेहट विधान सभा में मतदाताओं के दावों एवं आपत्तियों को तहसील मुख्यालय के अलावा ब्लाक मुजफ्फराबाद ,, साढ़ोली कदीम तथा नगर पंचायत बेहट एवं छूटमालपुर सहित 19 आ रो ए आ रो को ड्यूटी में लगे हुए है जो प्रतिदिन एस आर आई के संबंध में मतदाताओं को जारी हुए नोटिस मे दावे एवं आपत्तियों को सुनकर उनका निस्तारण कर रहे है। उन्होंने उन मतदाताओं से अपील की है कि जिन को एस आई आर के संबंध मे नोटिस जा री हुए है वो निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए प्रपत्रों में से कोई दो प्रपत्र लेकर निर्वाचन अधिकारी के सामने पेश होकर अपने दावे पेशकर उनका निस्तारण कराए। आज लगभग 500 मतदाताओं के दावे एवं आपत्तियों को सुनकर उनका निस्तारण किया गया है।

# सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** के.एल.जी.एम इंटर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस पर सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कार्यक्रम अधिकारी सलीम मोहम्मद ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में प्रतिवर्ष सड़क दुर्घटनाओं में लाखों लोग असमय अपनी जान गंवा देते हैं, जिसका मुख्य कारण यातायात नियमों की अनदेखी और लापरवाही है। उन्होंने विद्यार्थियों को सड़क पर चलते समय सावधानी बरतने, हेलमेट व सीट बेल्ट के अनिवार्य प्रयोग तथा यातायात नियमों के पालन की जानकारी दी। सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत सलीम मोहम्मद के नेतृत्व





में गांव में जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें स्वयंसेवकों ने नारे व संद. ेशों के माध्यम से ग्रामीणों को सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के प्रति प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य गौरव मिश्रा ने प्रेरक कहानी के माध्यम से स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया। वरिष्ठ अध्यापक संजय, मुकेश तथा प्रधान लिपिक हरेंद्र ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम के समापन पर कार्यक्रम अधिकारी सलीम मोहम्मद ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, स्वयंसेवकों एवं ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया।

## 26 को होगा ट्रैक्टर परेड का आयोजन

**सहारनपुर।** भारतीय किसान यूनियन ( टिकैत) के राष्ट्रीय सचिव चौधरी विनय कुमार ने कहा कि 26 जनवरी को जनपद में ट्रैक्टर परेड का आयोजन किया जाएगा, जो तहसील एवं ब्लॉक स्तर पर निकाली जाएगी। उन्होंने यह घोषणा कलेक्ट्रेट स्थित खनन परिसर में आयोजित भाकियू की मासिक पंचायत को संबोधित करते हुए की।

चौधरी विनय कुमार ने कहा कि जनपद की टोडरपुर और गगनौली चीनी मिलों पर किसानों का गन्ना मूल्य बकाया है, जिसका शीघ्र भुगतान कराया जाना जिला प्रशासन की जिम्मेदारी है। यदि समय रहते भुगतान नहीं हुआ तो किसान बड़े आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। मंडल अध्यक्ष चौधरी अशोक कुमार ने कहा कि विद्युत समस्याओं को लेकर विभागीय अधिकारियों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो किसान आंदोलन करेंगे। वहीं जिला अध्यक्ष नरेश स्वामी ने कहा कि किसानों को समय से खाद व उर्वरक नहीं मिल पा रहे हैं, जिससे उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने शासन से मांग की कि किसानों की समस्याओं को देखते हुए खाद एवं उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। पंचायत में विद्युत बिलों के बकाया भुगतान के नाम पर हो रहे शोषण को बंद करने तथा आवारा पशुओं पर प्रभावी अंकुश लगाने की भी मांग की गई, ताकि किसानों की फसलों को नुकसान न हो। इस मौके पर अमित मुखिया, भाग सिंह, हरपाल सिंह, मास्टर सत्यपाल, अजय कंबोज, मूसा प्रधान, प्रदीप, संजय चौधरी, बबली कंबोज, योगेंद्र सिंह, राजवीर सिंह, विजेश, श्यामवीर सिंह, ओम कुमार शर्मा, अरुण राणा, मुकेश तोमर सहित बड़ी संख्या में किसान प्रतिनिधि मौजूद रहे।अध्यक्षता ऋषि पाल आडवाणी ने की तथा संचालन चौधरी संजय सिंह ने किया।

# गौवंश को नाले से बाहर निकाला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** एक गौवंश के नाले में गिरने की सूचना मिलते ही बजरंग दल के कार्यकर्ताओं की सूचना पर नगर पंचायत कर्मियों द्वारा कड़ी मेहनत के बाद गौवंश को नाले से बाहर निकाला।

देवबंद रोड़ पर स्थित सरस्वती कालोनी में खाद गोदाम के पीछे गौवंश का एक बछड़ा नाले में गिर गया। वहीं पास में दुकानदार मोनू कुमार ने जब यह देखा तो फौरन इसकी सूचना बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को दी। जिस पर बजरंग दल के चौधरी जयराज सिंह ने नगर पंचायत में घटना की सूचना दी जिस पर कर्मचारियों की टीम जेसीबी मशीन के साथ मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद बछड़े को सकुशल नाले से बाहर निकाला।

इस दौरान मोनूपाल, देव, सूरजपाल, रोहित, चीनू, शुभम आदि सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# परंपरागत तरीके से मनाएं त्यौहार: विनोद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** थाना प्रभारी विनोद कुमार ने आगामी पर्व श्री गुरु रविदास जयंती शोभायात्रा व शब ए बारात को शांति पूर्ण रूप से सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत कई गांवों में ग्रामीणों के साथ शांति समिति की बैठक का आयोजन कर संवाद स्थापित किये।

बुधवार को थाना प्रभारी विनोद कुमार ने ग्राम कातला कलां, कातला खुर्द, मरोडगढ़, मनोहरपुर तथा पटनी आदि गांवों में ग्रामीणों के साथ शांति समिति की बैठक आयोजित की। बैठक में ग्राम प्रधान, पूर्व प्रधान तथा गांव के गणमान्य लोग शामिल हुए। उक्त बैठक में थाना प्रभारी ने ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर आगामी पर्व रविदास जयंती शोभायात्रा को शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न कराये जाने हेतु सुझाव लिए गए तथा सभी लोगो से त्यौहार को मिलजुलकर मनाने की



अपील की गई।

थाना प्रभारी द्वारा त्यौहार को परंपरागत तरीके से मनाने व कोई भी नई परंपरा शुरू न करने की हिदायत की गई। सभी लोगों से माहौल खराब करने की कोशिश करने वाले शरारती तत्वों की जानकारी तुंरन्त पुलिस को मुहैया कराने के लिए कहा गया। थाना प्रभारी द्वारा कड़ी चेतावनी दी गई है कि यदि कोई भी व्यक्ति शांति व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने की कोशिश करता है तो ऐसे व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इस अवसर एस आई विकास तोमर, महिला एस आई सुमन, मुख्य आरक्षी अरुण तोमर, आरक्षी दुर्गेश, ग्राम प्रधान पटनी कुर्बान मलिक, ग्राम प्रधान करेशन, ग्राम प्रधान बारीक आदि मौजूद रहे।

# शावक व तेंदुए से ग्रामीणों में दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** क्षेत्र के ग्राम बडगांव में खेतों पर काम करते समय ग्रामीणों को दो शावकों सहित तेंदुआ दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम बडगांव के किसानों ने खेतों पर काम करते समय दो शावकों सहित तेंदुआ दिखाई देने का दावा किया है। जिससे कई दिनों से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्राम निवासी किसान नरेश त्यागी पुत्र चन्द्र किरण चार दिन पूर्व अपने खेत पर काम कर रहा था कि उसकी नजर एक गीदड का पीछा कर रहे शावक पर पड़ी जो कि गीदड़ का पीछा करते हुए गन्ने के खेत में घुस गया। यह देखते ही नरेश त्यागी दहशत में आ गया ओर उल्टे पांव गांव की ओर दौड़ पडा। वहीं ग्राम बडगांव निवासी कुशल पाल ने बताया है कि वह खेत पर काम कर रहा था कि उससे कुछ दूरी के फांसले पर जंगली जानवर (नीलगाय, माहे) दौड रहे थे जिनके पीछे पीछे तेन्दुआ व उनके दो बच्चे भी थे। कुशलपाल ने बताया कि अपनी आंखों के सामने का नजारा देखकर वह डर गया ओर कुछ देर तक वहीं पर दुबक कर बैठा रहा तथा जब तेन्दुआ जानवरों के पीछे गन्ने के खेत में घुस गया तब वह गांव की ओर दौड़ पडा। एक अन्य किसान मजदूर शत्रुघ्न ने बताया कि वह गांव से फांदी की ओर जा रहा था कि फांदी के दूसरी ओर उसे तेन्दुआ दिखाई दिया। वह वहीं से उल्टे पांव अपने घर की ओर दौड़ पडा। कुछ ग्रामीणों का कहना है कि कुछ दिनों से गांव में सड़कों पर पडे रहने वाले कुत्ते भी एक एक करके तेजी से कम होते जा रहे हैं। बताते चलें कि लगभग दो माह पूर्व इसी गांव से तारबाड़ में फंसे एक तेन्दुए को वन विभाग की टीम रेस्क्यू करके अपने साथ ले गयी थी। इस सम्बन्ध में डीएफओ सहारनपुर ने बताया कि वह विभाग से टीम भेज रहे हैं यदि तेन्दुआ होने की पुष्टि होती है तो उसे जल्द से जल्द पकडने की कोशिश की जायेगी।

❐**चिलकाना।** थाना मिशन शक्ति तथा पुलिस टीम ने अदालत के आदेश पर शराब तस्करी मामले के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसको न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

**NAME CHANGED**

I have changed my name from SEEMA AHUJA to SEEMA ARORA in future for all purposes. I shall be known & addressed as SEEMA ARORA W/O BHUSHAN AHUJA R/O G-13 BADA CHOUK HAKIKAT NAGAR SAHARANPUR (U.P.) 247001

# कस्बे में चौकीदारों के साथ पैदल गश्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सढौली कदीम।** कानून व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से बेहट कोतवाली परिसर में चौकीदारों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस दौरान चौकीदारों को सिटी, डंडा और टॉर्च वितरित किए गए ताकि रात्रि गश्त और सुरक्षा व्यवस्था को और प्रभावी बनाया जा सके।

गुरुवार को कोतवाली बेहट प्रांगण में आयोजित बैठक में इंस्पेक्टर सतपाल भाटी ने चौकीदारों को संबोधित करते हुए कहा कि गांव और कस्बे की सुरक्षा में चौकीदारों की भूमिका बेहद अहम है। उन्होंने चौकीदारों से सजगता, ईमानदारी और पूरी गंभीरता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का आह्वान किया। साथ ही किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने के निर्देश दिए। बैठक में चौकीदारों को



सिटी, डंडा और टॉर्च वितरित किए गए। बैठक के बाद इंस्पेक्टर सतपाल भाटी ने चौकीदारों के साथ कस्बा बेहट में पैदल मार्च निकाला। पैदल मार्च के माध्यम से आमजन में सुरक्षा का भरोसा कायम करने के साथ-साथ कानून व्यवस्था का जायजा लिया गया। पुलिस की इस पहल से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सकारात्मक संदेश गया है। इस दौरान इंस्पेक्टर पंकज गौतम, उपनि. रीक्षक मुकेश शर्मा, उपनिरीक्षक धीरज सिंह, उपनिरीक्षक महेश चंद सहित क्षेत्र के चौकीदार मौजूद रहे।

## श्रद्धा भाव से मनाया वार्षिकोत्सव

**सहारनपुर।** महानगर के मौहल्ला चौन्ताला स्थित सिद्ध पीठ प्राचीन श्री बालाजी हनुमान मंदिर परिसर में स्थापित विलक्षण चारों धाम की प्रतिमाओं का 14वां वार्षिकोत्सव श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम का आयोजन श्री बालाजी आध्यात्मिक सत्संग मंडल साधक परिवार के तत्वावधान में तथा स्वर्गीय पंडित वासुदेव शर्मा निर्मोही की प्रेरणा से किया गया। प्रात:काल आचार्य अंकुर भारद्वाज एवं नमन शास्त्री द्वारा विधि-विधान से देव पूजन संपन्न कराया गया, जिसमें प्रदीप कांबोज एवं नवनीत सिंह मुख्य यजमान रहे। श्री सत्यनारायण कथा का वाचन करते हुए कथावाचक भागवताचार्य अजय किरण महाराज ने कहा कि भगवान सत्यनारायण का श्रद्धा एवं विश्वास के साथ व्रत करने से सभी कष्ट दूर होते हैं।

## मरीजों के लिए महत्वपूर्ण पहल

**सहारनपुर।** मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, वैशाली ने सहारनपुर के मरीजों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए डॉ. अंकुर उपाध्याय क्लिनिक में एक्सक्लूसिव ऑन्कोलॉजी ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की है। इस ओपीडी का उद्घाटन मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, वैशाली के ऑन्कोलॉजी एवं हेड एंड नेक सर्जरी विभाग की सीनियर कंसल्टेंट डॉ. ख्याति भाटिया की उपस्थिति में किया गया। डॉ. ख्याति भाटिया प्रत्येक माह के पहले और तीसरे बुधवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक डॉ. अंकुर उपाध्याय क्लिनिक, सहारनपुर में उपलब्ध रहेंगी। इस दौरान मरीजों को कैंसर से संबंधित प्राथमिक परामर्श एवं फॉलोअप कंसल्टेशन की सुविधा मिलेगी।

**कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, सहारनपुर।**

पत्रांक - 2365-71 / विज्ञापन / दिनांक :-21.01.2026

**:: नीलाम नोटिस ::**

अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के पत्रांक 2319-25 / विज्ञापन / दिनांक 08.01.2026 के माध्यम से प्रकाशित प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार अधोहस्ताक्षरी के अधीन संचालित राजकीय प्रक्षेत्र चौरा खुर्द पर स्थित आम / कटहल वृक्षो की दिनांक 20.01.2026 को फसलबहार नीलामी अपरिहार्य कारणों से निरस्त कर दी गयी है। उक्त नीलामी हेतु अगली तिथि दिनांक 29.01.2026 मध्यान्ह 12.00 बजे कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, कम्पनी बाग, सहारनपुर में की जायेगी। जिस हेतु नियम व शर्ते पूर्व की भांति यथावत रहेगी। नीलाम की शर्ते किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है तथा नीलामी में प्रतिभाग करने वाला कोई भी व्यक्ति उक्त प्रक्षेत्र पर जाकर फसलबहार को देख सकता है। जो व्यक्ति फसलबहार खरीदने के इच्छुक हो, कृपया निश्चित समय व तिथि को उपस्थित होकर अपनी बोली बोल सकते है अथवा निर्धारित तिथि को सील बन्द लिफाफे में भी उपलब्ध करा सकते है।

**नीलाम की जाने वाली फसलबहार का विवरण**

| क्र0सं0 | प्रक्षेत्र का नाम | कुल वृक्षों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | राजकीय प्रक्षेत्र चौरा खुर्द | |
| | आम | 176 |
| | कटहल | 02 |
| | योग | 178 |

(गमपाल सिंह)
जिला उद्यान अधिकारी, सहारनपुर।

**कार्यालय नगर पंचायत नानौता जनपद सहारनपुर**

पत्रांक 975 /न०पं०ना०/निविंदा/2025-26 दिनॉक जनवरी 21, 2026

**ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना**

समस्त ठेकेदारों/फर्म स्वामियों को सुचित किया जाता है कि नगर पंचायत नानौता में "पेयजल हेतु व्यवस्था योजना एवं नगरीय झील/तालाब/पोखर सरंक्षण योजना" वर्ष 2025-26 की प्राप्त धनराशियों से दिनॉंक 22.01.2026 समय दोपहर 12.00 बजे तक ऑनलाईन निंविदायें उत्तर प्रदेश की ई-प्रिक्योरमेन्ट की वेबसाईट (www.etender.up.nic.in) पर नगर पंचायत नानौता की शर्तो के अनुसार आंमत्रित करती हैं। निविदा अभिलेख एवं शर्ते वेबसाईट पर दिनॉंक 22.01.2026 से 12.02.2026 तक दोपहर 12.00 बजे तक डाउनलोड किये जा सकते है। सभी निंविदादाता दिनॉंक 12.02.2026 दोपहर 12.00 बजे तक, उक्त वेबसाईट पर आनलाईन अपनी निंविदा डाल सकते हैं निंविदायों की समस्त शर्तें इस कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| Tender Refrence | |
|---|---|
| Publish and time for Ref. | 22.01.2026 |
| Last Date time for Submission of Tender | 12.02.2026 12.00 PM |
| Date/Time/Place of Opening of E-Tender | 12.02.2026 After 02:00 PM, Office of OC (local bodies)/ ADM (E) Saharanpur/ NP Nanauta |
| E-Tender Security | 10% of Tender value |
| E-Tender Document Processing | As per Tender List |

(कमलाकान्त राजवंशी)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत नानौता (सहारनपुर)

(रूमाना)
चेयरमैन
नगर पंचायत नानौता (सहारनपुर)

## चोरों ने छात्र की बाइक पर किया हाथ साफ

**देवबन्द।** बेखौफ चोरो का आतंक रूकने का नाम नहीं ले रहा। आये दिन खानकाह क्षेत्र के आसपास चोरियों की घटनाएं होने के बावजूद पुलिस किसी भी घटना का खुलासा नहीं कर पाई है। जिससे चोरो के होसले बुलंद है।

खानकाह पुलिस चौकी क्षेत्र में चोरों ने स्कूल के बाहर खड़ी 11वीं कक्षा के छात्र यतिन की बाइक चोरी कर ली। मोहल्ला लहसवाड़ा निवासी प्रदीप सैनी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बेटा यतिन मोहल्ला सैनी सराय स्थित सर्वोदय ज्ञान पब्लिक स्कूल में पढ़ता है। मंगलवार को बाइक बाहर खड़ी कर कक्षा में चला गया। छुट्टी के बाद वापस लौटा तो बाइक गायब मिली। खानकाह क्षेत्र में यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी चोरी की घटनाएं हो चुकी है।

# मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर प्रशासन सतर्क

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह के पिता के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज देवबंद पहुंचकर राज्यमंत्री के आवास पर 15 मिनट रुकेंगे। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक का भी देवबंद आने का कार्यक्रम है। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर प्रशासन सतर्क है। सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद की जा रही है।

गत 13 जनवरी को लोक निर्माण विभाग राज्यमंत्री बृजेश सिंह के पिता डा. राजकुमार रावत का आकस्मिक निधन हो गया था। 25 जनवरी को उनकी रस्म तेरहवीं होगी। निधन के बाद से राज्यमंत्री बृजेश सिंह के जड़ौदा जट्ट गांव स्थित आवास पर राजनेताओं के अलावा सामाजिक व धार्मिक संगठनों के लोगों का तांता लगा हुआ है। गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आने का कार्यक्रम है। मुख्यमंत्री पूर्वान्ह 3.30 बजे देवबंद पहुंचेंगे। गांव के समीप ही मैदान में हेलीपेड बनाया गया है। वहीं, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक सुबह करीब 10 बजे देवबंद आएंगे और राज्यमंत्री के आवास पर पहुंच राज्यमंत्री के पिता को श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे। मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री के दौरे को लेकर बुधवार को प्रशासन अलर्ट मोड पर रहा। प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके का दौरा किया और सभी व्यवस्थाएं परखीं। डीएम मनीष बंसल, डीआईजी अभिषेक सिंह और एसएसपी आशीष तिवारी समेत अन्य अधिकारी गांव जड़ौदा जट्ट पहुंचे और अधीनस्थों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। वहीं, गांव में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने में दिन भर सफाई विभाग जुटा रहा। खुफिया विभाग भी चौकन्ना बना हुआ है।

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्पोर्ट्स युनिवर्सिटी मेरठ से दोपहर 3.10 बजे हेलीकाप्टर से रवाना होकर देवबंद में हेलीपेड पर 3.30 बजे पहुंचेंगे। यहां से कार द्वारा उनका काफिला राज्यमंत्री बृजेश सिंह के जड़ौदा जट्ट स्थित आवास पर पहुंचेगा। जहां वह 3.40 बजे से 3.55 बजे तक रुक कर राज्यमंत्री के पिता को श्रद्धांजलि देंगे। चार बजे वह हेलीकाप्टर द्वारा सरसावा एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान करेंगे।**



# मदरसों में वार्षिक परीक्षाओं में छात्रों ने विभिन्न विषयों के लिए दी लिखित परीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** विश्व विख्यात इस्लामिक शिक्षण संस्था दारुल उलूम एवं दारुल उलूम वक्फ समेत सभी छोटे बड़े दीनी मदरसों में वार्षिक परीक्षाएं आरंभ हो गई हैं। बुधवार को विभिन्न विषयों के लिए छात्रों ने लिखित परीक्षा दी।

दारुल उलूम में पहले दिन बड़ी संख्या में छात्रों ने विभिन्न विषयों के लिए परीक्षा दी। संस्था परिसर में स्थित लाइब्रेरी के विशाल हाल में आयोजित हुई परीक्षा में छात्रों ने भाग लिया। नकलविहीन परीक्षा के लिए सख्त इंतजाम किए गए हैं। छात्रों को परीक्षा संबंधी चीजों के अलावा कोई भी अन्य सामग्री परीक्षा कक्ष में ले जाने की अनुमति नहीं थी। दारुल उलूम वक्फ में वार्षिक परीक्षा का आयोजन संस्था परिवार में बनी अतियाबुल मस्जिद के निचले तल में हुआ। इसमें कक्षा दो से कक्षा छह और दौर-ए-हदीस के विद्यार्थियों ने भाग लिया और विभिन्न विषयों के लिए लिखित परीक्षा दी।

संस्था के नायब मोहतमिम मौलाना शकेब कासमी ने बताया कि नकलविहीन परीक्षा संपन्न कराई जा रही है। यदि कोई छात्र नकल करते पाया जाता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। मौलाना शकेब ने बताया कि रमजान माह में परीक्षा परिणाम घोषित किया जाएगा। इसके अलावा अन्य छोटे बड़े दीनी इदारों में भी वार्षिक परीक्षा में बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लिया।



# टोल प्लाजा पर छूट दिए जाने सहित मांगों को लेकर एसडीएम को दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** टौल प्लाजा पर छूट दिए जाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर पथिक जनशक्ति पार्टी ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन दिया।

पार्टी के अध्यक्ष चौधरी विरेंद्र सिंह के नेतृत्व में एसडीएम कार्यालय पहुंचे कार्यकर्ताओं ने नगरवासियों की सालों पुरानी मांग स्टेट हाईवे 59 पर देवबंद सीमा पर स्थित टौल प्लाजा पर छूट दिए जाने समेत विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। जिसमें देव. बंदवासियों को टोल में छूट दिए जाने, नगर क्षेत्र में फ्लाईओवर के नीचे सडक को सही कराने, देवबंद में रोडवेज डिपो और जनमंच का निर्माण कराए जाने, सरकारी अस्पताल में चिकित्सा सुविधाओं में इजाफा कराने व राजकीय डिग्री कॉलेज में साइंस की कक्षाओं का संचालन कराए जाने की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि इस संबंध में अनेकों बार प्रशासन को प्रार्थना पत्र दिए गए लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। जनहित में उक्त सभी मांगों को अति शीघ्र पूरा कराए जाने की मांग की गई है। ज्ञापन देने वालों में इकराम अली, प्रवेश कुमार, राजपाल सिंह, वरिष्ठ गुर्जर, रवि, जोगेंद्र व मामचंद आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।



# मतदाता खुदको साबित करने के लिए भटकते रहे दिनभर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** एसआईआर प्रक्रिया के अंतर्गत सामने आई ड्राफ्ट वोटर लिस्ट ने मतदाताओं को परेशान कर रखा है। सर्दी के मौसम में भी मतदाताओं को खुद को साबित करने के लिए पसीना बहाना पड़ रहा है। उम्र के आखिरी पड़ाव में पहुंच चुके कई मतदाता ऐसे भी थे जिन्हें जन्म प्रमाण पत्र के लिए भटकते देखा गया।

नगर पालिका परिषद में सुबह से ही मतदाताओं की लंबी कतारे लगी मिलीं। यहां लगे शिविर में एसआईआर प्रक्रिया के तहत नोटिस मिलने वाले मतदाता त्रुटियों को दुरुस्त कराने के लिए पहुंच रहे हैं। दिनभर उन्हें ठीक कराने के लिए मतदाताओं को भाग दौड़ करनी पड़ रही है। कुछ को बुजुर्गों के नामों की सूची प्राप्त नहीं हो रही है, जबकि कुछ लोगों को जन्म प्रमाण पत्र की कमी का सामना करना पड़ रहा है। मतदाता तमाम तरह की आईडी और अन्य दस्तावेजों को प्रस्तुत करने के बाद सुबह से लेकर शाम तक भाग दौड़ कर रहे हैं। मोहल्ला पठानपुरा निवासी यासीन ने बताया कि वह साइकिल मिस्त्री हैं, सुबह दस बजे दुकान बंद कर त्रुटि दुरुस्त करने आए थे। लेकिन दोपहर दो बजे तक भी उनका नंबर नहीं आया। सैनी सराय निवासी 75 साल के महेंद्र पाल ने बताया कि जन्म प्रमाण पत्र के लिए उन्हें भाग दौड़ करनी पड़ रही है। पहले गांव में रहते थे और उस समय जन्म की तिथि कहां दर्ज होती थी। अब उनसे जन्म प्रमाण पत्र मांगा जा रहा है।





# मुस्लिम भाईचारा सम्मेलन एवं सम्मान समारोह

## पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** कपड़ा बाजार में मुस्लिम भाईचारा सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सुधीर कुमार को मुस्लिम भाईचारा कमेटी का जिला संयोजक / जिलाध्यक्ष बिजनौर नियुक्त किया गया। पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार आजाद समाज पार्टी काशीराम के तत्वावधान में नहटौर विधानसभा उपाध्यक्ष विरेन्द्र बोध के संचालन में मुस्लिम भाईचारा सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें संगठन व पार्टी को मजबूत करने व महापुरुषों की विचारधारा के बारे में बताया गया। आसपा नेता प्रताप सिंह ने पार्टी की नीतियों के बारे में बताते हुए कहा कि पार्टी गरीबों, पिछड़ों व अल्पसंख्यकों के हितों के लिए हमेशा खड़ी हुई है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आरिफ मलिक (प्रदेश सचिव व मण्डल प्रभारी मुस्लिम भाईचारा), विशिष्ट अतिथि प्रताप सिह आसपा नेता, रमेश कुमार गंधर्व (प्रदेश सचिव मण्डल प्रभारी) मुरादाबाद, बाबू सराफरत अली (प्रदेश सचिव मण्डल प्रभारी) मुरादाबाद, नरेश फौजी (मुरादाबाद मण्डल अध्यक्ष मुस्लिम भाईचारा), ओमपाल बालियान (सासंद प्रति. निधि नूरपुर), एडवोकेट सचिन चौधरी (मण्डल अध्यक्ष युवा मोर्चा मुरादाबाद) शीतल आजाद, हरज्ञान प्रजापति (मण्डल प्रभारी) भाईचारा कमेटी, शाकिर प्रधान, सतेन्द्र चौधरी (जिला उपाध्यक्ष), शाकिर प्रधान, बहार आलम (विधान सभा अध्यक्ष) नहटौर, जीतू सिंह (संगठन मंत्री) युवा मोर्चा, सतपाल सिंह (जिला सचिव) नहटौर, शारुख कफील (नगर अध्यक्ष) नहटौर, फैजान चौधरी युवा विधान सभा अध्यक्ष) नहटौर, इकबाल अहमद (नगर अध्यक्ष किसान मोर्चा) नहटौर जावेद जाट, कृष्ण कुमार विधानसभा चांदपुर किसान मोर्चा, शमी अहमद (नगर उपाध्यक्ष), शकील मलिक (विधान सभा सचिव), सुबहान अंसारी, अजय कुमार नगर अध्यक्ष युवा मोर्चा, रवि कुमार, अशरफ अली, दीपक कुमार, निवेन्द्र कुमार, मा. रामगोपाल विधान सभा सचिव, डा. रितिक कुमार (सैक्टर अध्यक्ष), डा. निखिल (सैक्टर अध्यक्ष), डा. रवि कुमार सचिव, शुभम कुमार (सैक्टर अध्यक्ष), सुभाष प्रधान सचिव, अमित कुमार सचिव वी.टी. सी., दिवेश कुमार, सागर कुमार, विशाल कुमार, दुष्यन्त कुमार आदि मौजूद रहे।



# तालिब जैदी बने राष्ट्रीय लोक अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लखनऊ/दिल्ली।** बिहार में एनडीए की मजबूत साझीदार राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने उत्तर प्रदेश की राजनी. ति में औपचारिक रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज करा दी है। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा के नेतृत्व में पार्टी ने संगठन विस्तार की दिशा में अहम कदम उठाते हुए तालिब जैदी को उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा का कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है।

यह नियुक्ति अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एस। एम। जाफरी द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा की सहमति से की गई। नियुक्ति पत्र जारी करते हुए एस। एम। जाफरी ने कहा कि तालिब जैदी जैसे अनुभवी और जमीनी कार्यकर्ता को यह जिम्मेदारी सौंपकर पार्टी ने उत्तर प्रदेश में संगठन को गति देने का कार्य किया है। राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा के नेतृत्व में राष्ट्रीय लोक मोर्चा बिहार की राजनीति में एक सशक्त ताकत के रूप में उभरी है। बिहार विधानसभा में पार्टी के विधायकों की प्रभावी भूमिका और एनडीए सरकार में सक्रिय भागीदारी के बाद अब पार्टी ने उत्तर प्रदेश में भी संगठन को विस्तार देने का निर्णय लिया है। इसके तहत प्रदेश में संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी अनुभवी चेहरों को सौंपी जा रही है। अपनी नियुक्ति पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए नवनियुक्त कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष तालिब जैदी ने कहा कि वह राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा और एस। एम. जाफरी के विश्वास पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार की तर्ज पर उत्तर प्रदेश में भी सामाजिक न्याय, विकास और सम्मान की राजनीति को मजबूती दी जाएगी तथा एनडीए गठबंधन को और सशक्त किया जाएगा।

राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने संकेत दिए हैं कि आने वाले समय में उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में जिला एवं ब्लॉक स्तरीय कमेटियों का गठन किया जाएगा। पार्टी का मुख्य फोकस युवाओं, शोषितों, वंचितों और अल्पसंख्यक समाज के मुद्दों को प्राथमिकता देते हुए उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ना रहेगा। नकारों के अनुसार राष्ट्रीय लोक मोर्चा की उत्तर प्रदेश में एंट्री से प्रदेश की राजनीति में नए समीकरण बनने की संभावना है।



## चैन स्नैचिंग के वांछित आरोपी को भेजा जेल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पुलिस ने चैन स्नैचिंग के मामले में फरार चल रहे देवबंद निवासी जाबिर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक जाबिर पर चैन स्नैचिंग का मामला दर्ज था और वह फरार चल रहा था। बुधवार को उसे मंगलौर बस स्टेंड से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी पहले भी कई आपराधिक मामलों में जेल जा चुका है।

## साध्वी आशू गिरी का शॉल उढ़ाकर किया अभिनंदन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** साध्वी आशू गिरी को पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी हरिद्वार की महामंडलेश्वर बनाए जाने पर हर्ष जताते हुए उनका शॉल ओढ़ाकर अभिनंदन किया गया। श्री रामकृष्ण योगाश्रम इण्टर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में संस्था की प्रबंधक साध्वी आशू गिरी को पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी हरिद्वार की महामंडलेश्वर बनाए जाने पर शॉल ओढ़ाकर अभिनंदन किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य अरुण कुमार गोयल, ममता वर्मा, अनिता बंसल, मनोज सिंघल एडवोकेट आदि अध्यापक व अध्यापिकाएं शामिल रही।

# एकमात्र नामांकन से मुकेश चौहान का निर्विरोध शाखा प्रतिनिधि बनना तय

## 27 जनवरी को होगी घोषणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** उ.प्र. सहकारी ग्राम विकास बैंक लि. नगीना शाखा प्रति. निधि के लिए हो रहे चुनाव में भाजपा के मुकेश चौहान ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ ब्लॉक कोतवाली जाकर अपना नामांकन कराया। नामांकन के अंतिम समय 20 जनवरी शाम 5 बजे तक किसी और प्रत्याशी ने अपना नामांकन दाखिल नहीं किया। इस प्रकार मुकेश निर्विरोध चुने जाएंगे, जिनकी घोषणा 27 जनवरी को की जाएगी।

उ.प्र. सहकारी विकास बैंक लि. शाखा नगीना के प्रतिनिधि पद के लिए 27 जनवरी को चुनाव होना है। 20 जनवरी को निर्वाचन अधिकारी पीडब्ल्यूडी जेई रविंद्र कुमार व शाखा प्रबंधक विद्या शंकर पाल कि देख-रेख में विकासखंड कोतवाली के सभागार में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हुई। नगीना अंबेडकर नगर निवासी भाजपा के मुकेश कुमार पुत्र स्व. कृपाल सिंह चौहान सैकड़ों समर्थकों के साथ विकासखंड कोतवाली पहुंचे और अपना नामांकन कराया। नामांकन भरने का पहला और आखिरी दिन था। दूसरा नामांकन होने के इंतजार में निर्वाचन अधिकारी और शाखा प्रबंधक अपनी टीम के साथ शाम 5 बजे तक मौजूद रहे लेकिन शाखा प्रतिनिधि पद के लिए कोई भी दूसरा नामांकन करने कोई नहीं पहुंचा। इस प्रकार एकमात्र नामांकन केवल मुकेश चौहान का ही हो सका। इस तरह मुकेश कुमार चौहान को शाखा प्रतिनिधि के लिए निर्विरोध मान लिया गया है।

उधर शाखा प्रबंधक विद्या शंकर पाल ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड शाखा प्रतिनिधि पद के लिए 27 जनवरी को मतदान होना है, जिसमें 7680 मतदाता अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग कर पाते। लेकिन एक ही पर्चा दाखिल होने से अब मतदान करने की संभावनाएं खत्म हो गई हैं। मुकेश चौहान जिनका एकमात्र नामांकन पत्र भरा गया है, उन्हीं के नाम की घोषणा आधिकारिक रूप से 27 जनवरी को की जाएगी।

उधर क्षेत्रीय भाजपा मंत्री अनूप वाल्मीकि, कृष्ण बलदेव सिंह, नगर मंडल अध्यक्ष पति सौरभ मित्तल, लवी मित्तल, नीरज विश्नोई, प्रमोद कुमार, अरविंद गहलोत आदि ने मुकेश चौहान को शाखा प्रतिनिधि के लिए निर्विरोध चुने जाने पर खुशी जताई। इस मौके पर सैकड़ों भाजपाई मौजूद रहे।



# प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला ओटीडी सेल एवं पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे एनुअल सर्वे का यूनिकारपोरेटेड सेक्टर एंटरप्राइजेज से संबंधित बैठक आयोजित हुई।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने कहा कि उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक रियल एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाना प्रदेश के मुख्यमंत्री की संकल्पना का प्रतिनिधित्व करता है। राज्य सरकार ने 2027 तक प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य बना रखा है, क्योंकि प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में है, जिसके क्रम में राज्य के अंतर्गत संचालित समस्त आर्थिक गतिविधियों का राज्य आय में योगदान को बढ़ाना और उक्त योगदान का राज्य आय में सही आकलन करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि राज्य घरेलू उत्पादन के अनुमान के लिए राज्य की आर्थिक गतिविधियों को भारत सरकार द्वारा निर्धारित मेथाडोलॉजी के आधार पर प्राइमरी, सेकेंडरी एवं टेरिटरी सेक्टर में विभाजित किया गया है। इन समस्त खण्डों के योगदान की गणना इकाईयों के उत्पादन, मूल्य वेजेस एवं एम्प्लॉयमेंट आदि के आंकड़ों के अनुसार की जाती है। उन्होंने कृषि, विद्युत, उद्यान, परिवहन सहित अन्य विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि 2 दिन के भीतर विभागीय आंकड़ों का मिलन संबंधित पोर्टल पर करना सुनिश्चित करें ताकि जिले की प्रगति किसी भी रूप में प्रभावित न होने पाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए की यदि आंकड़ों का मिलान जिला स्तर पर संभव नहीं हो तो उनके द्वारा विभागीय उच्च अधिकारियों को उक्त संबंध में पत्र लिखवाना सुनिश्चित करें ताकि आंकड़ों को सही रूप में पोर्टल पर अपलोड किया जा सके।

जिलाधिकारी द्वारा पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे एनुअल सर्वे का यूनिकारपोरेटेड सेक्टर एंटरप्राइजेज से संबंधित बैठक से संबंधित बैठक की अध्यक्षता करते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि रोजगार तथा बेरोजगारी की स्थिति को मापने के लिए सांख्यिकी एवं कार्यक्रम अभियान मंत्रालय के तहत आयोजित सर्वेक्षण कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें ताकि अधिक नियमित समय अंतराल पर श्रम बाल डाटा की उपलब्धता के महत्व को ध्यान में रखते हुए इस सर्वे कार्य को शुरू किया जा सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अंशिका दीक्षित, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी सुश्री लक्ष्मी देवी एवं धर्मवीर सिंह सहित अन्य सभी संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।



## छात्राओं को किया सम्मानित

**धामपुर।** कन्या इंटर कॉलेज में मंडल में प्रथम आने पर छात्राओं को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देखकर सम्मानित किया गया। मण्डल स्तरीय 'हमारी संस्कृति हमारी पहचान' संस्कृति उत्सव 2025-26 के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में कन्या इंटर कॉलेज धामपुर की छात्राओं आयशा, गौरी, वंशिका, सिमरन, प्रिया, अंशिका, दीपिका, मनिका ने समूह नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। छात्राओं की इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय लौटने पर प्रबंधक शलभ कुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार एवं प्रधानाचार्या रेखा देवी द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया एवं स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देखकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाएं सुषमा शर्मा, विनोद शर्मा एवं लाल सिंह धर्मवती उपस्थित रहीं और छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्या ने कहा कि छात्राओं की यह सफलता उनकी मेहनत, अनुशासन और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति समर्पण का परिणाम है।

## सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई

**धामपुर।** आरएसएम महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता एवं मानव श्रंखला बनायी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अनुशासी प्रो. एस.एल. पाल ने की। उन्होंने बताया कि इसका उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों की सोच, व्यवहार एवं संस्कृति को परिवर्तित करना है।

**सूचना**

मेरा नाम आधार कार्ड पैन कार्ड व सरकारी दस्तावेजों में बिल्लू है जबकि पॉलिसी में विरेन्द्र कुमार है विरेन्द्र कुमार व बिल्लू दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। मुझे इन दोनों नाम से जाना पहचाना जाता है।

विरेन्द्र कुमार उर्फ बिल्लू पुत्र रघुनाथ निवासी ग्राम कचराई पोस्ट गुडम्ब रामपुर मनिहारान (सहारनपुर)

## निर्गत नोटिसों की सुनवाई शुरू

**बिजनौर।** जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (SIR) के अन्तर्गत कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी के कार्यालय कक्ष में बैठक आहूत की गई। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह तथा मुख्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे। उन्होंने बताया कि माननीय आयोग द्वारा दावे और दावे आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 06.01.2026 से 06.02.2026 तक नियत की गयी है। उक्त अवधि के दौरान ईआरओ / एईआरओ / अतिरिक्त एईआरओ द्वारा 15.01.2026 को निर्गत किये गये नोटिस की सुनवाई आज से प्रारंभ कर दी गई है। उन्होंने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि उक्त दिनांक को सभी नियत किये गये स्थान पर उपस्थित रहकर कम से कम 150 प्रति निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नोटिसों पर सुनवाई करेगे एवं सुनवाई के दौरान माननीय आयोग द्वारा दिये गये निर्देशानुसार दस्तावेज लेकर मतदाता सूची में नाम सम्मिलित करना सुनिश्चित करेंगे तथा जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देशित किया।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**नजीबाबाद।** ग्राम पंचायत गुनियापुर के प्राथमिक विद्यालय मे ग्राम प्रधान रविंद्र सिंह सहरावत ने देहरादून के प्रसिद्ध कैलाश हास्पिटल के सौजन्य से नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कैलाश हास्पिटल से आए डा. नितिन, डा. यज्ञा, डा. अंकित आदि उपस्थित रहे। शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ डा. यज्ञा, नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. राम अवतार व जनरल फिजिशियन डा. नितिन द्वारा क्षेत्र के लगभग 200 ग्रामीणों का विभिन्न रोगों का स्वास्थ्य परीक्षण करा कर लाभ दिलाया व नि:शुल्क दवाई उपलब्ध करायी गई। शिविर आयोजन में कैलाश हास्पिटल देहरादून की तरफ से अभिषेक त्यागी, अभिनाश शर्मा, हेमंत त्यागी, अभिषेक रावत, नेहा आदि का सहयोग रहा। साथ ही भारतीय हिन्दु परिषद अखंड भारत सनातन आर्मी से प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार प्रताप ने इस सराहनीय कार्य के लिए समस्त डॉक्टरों टीम व ग्राम प्रधान रविंद्र सहरावत का धन्यवाद करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

**सूचना**

मैंने अपना नाम KADIR से बदल कर ABDUL KADIR रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

ABDUL KADIR
S/O ZINDA HASAN
H.N.375 MOHALLA
BADZIAULHAQ
DEOBAND (SAHARANPUR)

# बांग्लादेश को भारत में खेलो या बाहर होने का अल्टीमेटम

## टी-20 विश्व कप 2026 की शुरुआत से पहले आईसीसी ने दी बहुमत के आधार पर 24 घंटे की मोहलत

**नई दिल्ली, वार्ता।** टी-20 विश्व कप 2026 की शुरुआत से पहले हुए विवाद पर आज हुई आईसीसी बोर्ड की बैठक में बांग्लादेश को अल्टीमेटम दे दिया गया। उन्हें बहुमत के आधार पर भारत में खेलो या बाहर होने का निर्देश मिला है। इस पर बांग्लादेश को 24 घंटे में फैसला लेना होगा।

दरअसल, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने सुरक्षा का हवाला देते हुए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से उनके मुकाबले भारत से श्रीलंका स्थानांतरित करने की मांग की थी। इसके अलावा उन्होंने आईसीसी को ग्रुप बदलने का भी विकल्प दिया था। हालांकि, अब आईसीसी ने बुधवार को हुई बैठक में उनकी सभी मांगों को खारिज करते हुए एक दिन में फैसला लेने का अल्टीमेटम दे दिया है। आईसीसी बोर्ड की बैठक में सभी फुल मेंबर देशों के डायरेक्टर ने हिस्सा लिया।

ICC

ले रहे हैं। इसमें आईसीसी चेयरमैन जय शाह के अलावा, बीसीबी अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम, बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया, एसएलसी अध्यक्ष शम्मी सिल्वा, पीसीबी चेयरमैन मो. हसिन नकवी, क्रिकेट आस्ट्रेलिया के चेयरमैन माइक बेयर्ड, जिम्बाब्वे क्रिकेट अध्यक्ष तवेंगा मुकुहलानी, क्रिकेट वेस्टइंडीज अध्यक्ष किशोर शैलो, क्रिकेट आयरलैंड के चेयरमैन ब्रायन मैकनीस, क्रिकेट न्यूजीलैंड के प्रतिनिधि रोजर ट्वास, इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन रिचर्ड थाम्पसन, क्रिकेट साउथ अफीका के प्रतिनिधि मोहम्मद मूसाजी और मीरवाइस अशरफ, क्रिकेट अफगानिस्तान के चेयरमैन शामिल रहे। इसके अलावा बैठक में आईसीसी प्रबंधन के शीर्ष अधिकारी और एंटी-करप्शन के हेड एंड्रयू एफग्रेव ने भी हिस्सा लिया। ईएसपीएनक्रिकइन्फो की रिपोर्ट के अनुसार, श्आईसीसी ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) से बांग्लादेश सरकार को यह बताने के लिए कहा है कि अगर बांग्लादेश 2026 टी-20 विश्व कप में अपने मैच खेलने के लिए भारत जाने से मना करता रहता है, तो उसकी जगह टूर्नामेंट में दूसरी टीम को शामिल किया जाएगा। यह फैसला वोटिंग के बाद लिया गया, जिसमें आईसीसी बोर्ड के ज्यादातर सदस्य रिप्लेसमेंट के पक्ष में थे। बीसीबी को भारत में खेलने के अपने रुख पर आईसीसी को जवाब देने के लिए एक और दिन का समय दिया गया है। इस विवाद की शुरुआत मुंबई इंडियंस द्वारा बांग्लादेश के स्टार पेसर मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल 2026 से रिलीज करने के बाद हुई।

# डेरिल मिचेल फिर बने नंबर-1 बल्लेबाज



● **भारतीय स्टार विराट कोहली 795 अंकों के साथ दूसरे पर पहुंचे**

**दुबई, वार्ता।** भारत में पहली बार न्यूजीलैंड को द्विपक्षीय एकदिवसीय सीरीज ऐतिहासिक जीत दिलाने और सबसे अधिक रन बनाने वाले डेरिल मिशेल, विराट कोहली को पछाड़ कर फिर से वनडे के नंबर वन बल्लेबाज बन गए हैं।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर से जारी ताजा रैंकिंग के अनुसार इस शानदार प्रदर्शन के साथ मिशेल वनडे रैंकिंग में 845 अंक के साथ शीर्ष पर पहुंच गए है। वहीं भारतीय स्टार विराट कोहली 795 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर खिसक गए। यह दूसरी बार है जब मिशेल ने नंबर वन वनडे रैंकिंग हासिल की है, उन्होंने पिछले साल के आखिर में भी कुछ समय के लिए वह नंबर वन बल्लेबाज थे। 34 साल के मिशेल ने तीन मैचों की सीरीज में दो शतकों सहित 352 रन बनाए, जिसकी बदौलत न्यूजीलैंड ने इंदौर में 2-1 से सीरीज जीत ली। निर्णायक मैच में मिशेल के नौवें वनडे शतक ने न्यूजीलैंड की ऐतिहासिक जीत की नींव रखी, जबकि विराट कोहली ने भारत के लिए हारने के बावजूद 108 गेंदों में शानदार 124 रन बनाए। मिशेल का सीरीज में बनाया गया स्कोर तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में किसी भी न्यूजीलैंड के खिलाड़ी द्वारा बनाया गया सबसे अधिक स्कोर है और कुल मिलाकर तीसरा सबसे बड़ा स्कोर है, जो सिर्फ बाबर आजम और शुभमन गिल से पीछे है। उन्होंने लगातार मैचों में शतक बनाए, जिससे वह न्यूजीलैंड के बल्लेबाज मार्टिन गुप्टिल के बराबर आ गए। उनके इस प्रदर्शन ने उन्हें नौ वनडे शतक बनाने वाले चौथे सबसे तेज पुरुष क्रिकेटर भी बना दिया, उन्होंने यह उपलब्धि सिर्फ 54 पारियों में हासिल की। क्षेत्ररक्षण के दौरान मिशेल सीरीज के निर्णायक पल में शामिल थे जब उन्होंने इस मैच में को. हली का एक महत्वपूर्ण कैच पकड़ा, जिससे भारत की जीत की उम्मीदें खत्म हो गईं और मैच पर उनके ऑलराउंड प्रभाव को दिखाया।

## पंजाब रॉयल्स ने शानदार वापसी कर मुंबई दंगल्स को 6-3 से हराया

**नोएडा, वार्ता।** पंजाब रॉयल्स ने 3-1 से पिछड़ने के बाद जबरदस्त वापसी करते हुए मंगलवार रात को नोएडा इंडोर स्टेडियम में खेले गए प्रो रेसलिग लीग 2026 के दिन 6 के मुकाबले में टाइगर्स ऑफ मुंबई दंगल्स को 6-3 से पराजित किया। मुकाबले का टर्निंग पॉइंट महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में आया, जहां रजनीता जांगड़ा ने फॉल के जरिए स्कोर बराबर किया, इसके बाद 74 किग्रा पुरुष वर्ग में चंद्रमोहन ने पंजाब को बढ़त दिलाई। मीनाक्षी ने टेक्निकल सुपीरियरिटी से जीत दर्ज कर मुकाबले पर मुहर लगाई, जिससे पंजाब ने लगातार पांच मुकाबले जीतकर शानदार वापसी पूरी की। पंजाब रॉयल्स की सभी चार महिला पहलवानों ने अपने-अपने मुकाबले जीते। एना गोडिनेज ने फॉल से जीत दर्ज की, जबकि प्रिया मलिक ने अंकों के आधार पर क्लीन स्वीप किया। एना गोडिनेज को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया, वहीं रोहित रहल को 'फाइटर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। यह प्रो रेसलिग लीग सीजन 5 के सबसे रोमांचक मुकाबलों में से एक रहा, जिसमें पांच कुश्तियां फॉल या टेक्निकल सुपीरियरिटी से तय हुईं। टाइगर्स ऑफ मुंबई दंगल्स ने मुकाबले की शानदार शुरुआत की। पुरुषों के 86 किग्रा वर्ग में मुकुल दहिया ने जॉर्जिया के तारिएल गैप्डिाशविली पर आक्रामक खेल दिखाते हुए टेक्निकल सुपीरियरिटी से जीत हासिल की।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### एम्बाप्पे ने दागे दो गोल, रियल मैड्रिड ने मोनाको को हराया

**मैड्रिड, वार्ता।** किलियन एम्बाप्पे ने अपने पुराने क्लबों में से एक के खिलाफ दो गोल किए, जिससे रियल मैड्रिड ने घरेलू मैदान पर मोनाको को 6-1 से हराकर चैंपियंस लीग शुरुआती चरण के टॉप आठ में जगह बनाने की अपनी संभावनाओं को मजबूत किया। स्ट्राइकर एम्बाप्पे ने मंगलवार को खेले गए मुकाबले में फेडे वाल्वरडे के थ्रू बॉल पर शानदार फिनिश के साथ पांचवें मिनट में गोल दागकर रियल मैड्रिड को बढ़त दिलाई और फिर 26वें मिनट गोलकर हाफटाइम तक स्कोर 2-0 कर दिया। मैच का तीसरा गोल फेंको मास्टांटोनो ने 51वें मिनट में किया। फिर थिलो केहरर ने 55वें मिनट में गेंद को अपने ही नेट में डाल दिया।

### सैम हार्पर बने बीबीएल के 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट'

**मेलबर्न, वार्ता।** मेलबर्न स्टार्स के विकेटकीपर-बल्लेबाज सैम हार्पर को टॉप ऑर्डर में शानदार प्रदर्शन के बाद बीबीएल में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया है। 29 वर्षीय हार्पर, जिन्होंने इस सीजन में अपना 100वां बीबीएल मैच खेला, ने लीग में अपने नौवें सीजन में करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। होम और अवे सीजन में उन्होंने 61.83 की औसत से 371 रन बनाए, जिसमें 155.23 का स्ट्राइक रेट था, जिसमें एससीजी में सिडनी सिक्सर्स के खिलाफ अपना पहला बीबीएल शतक और दो अन्य अर्धशतक शामिल हैं। अपने पिछले आठ सीजन में, जिसमें मेलबर्न रेनेगेड्स के साथ पांच सीजन शामिल हैं, इससे पहले कि उन्हें उस डील के हिस्से के रूप में स्टार्स में ट्रेड किया गया था, जिसने ऑस्ट्रेलिया के लेगस्पिनर एडम जम्पा को रेनेगेड्स में भेजा था, उन्होंने कभी भी एक सीजन में 25.36 से अधिक का औसत या 144.55 से अधिक का स्ट्राइक रेट हासिल नहीं किया था।

# डेनियल मेदवेदेव तीसरे राउंड में पहुंचे



● **डेनियल मेदवेदेव ने कड़ी मेहनत करके 6-7(9), 6-3 6-4, 6-2 से जीत हासिल की**

**मेलबर्न, वार्ता।** रूस के डेनियल मेदवेदेव बुधवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे राउंड में फांसीसी खिलाड़ी क्वेंटिन हैलिस के खिलाफ शुरुआती मुश्किलों से बच गए, लेकिन उन्होंने कड़ी मेहनत करके 6-7(9) 6-3 6-4 6-2 से जीत हासिल की। मेलबर्न पार्क में तीन बार के फाइनलिस्ट मेदवेदेव ने पहले सेट में एक घंटे से ज्यादा समय तक संघर्ष किया, लेकिन एक कड़े टाईब्रेक के बाद हार गए। रूसी खिलाड़ी का दूसरे सेट में भी दुनिया के 83वें नंबर के खिलाड़ी ने शुरुआती गेम तोड़ दिया था, लेकिन उन्होंने अपनी लय वापस पाई और मैच बराबर कर लिया। 11वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने तीसरे सेट में बेसलाइन पर नियंत्रण रखा और शुरुआती ब्रेक पॉइंट को भुनाया और उसके बाद आक्रामक सर्विस गेम खेला।

फिर मेदवेदेव ने हैलिस के कमजोर रिटर्न का फायदा उठाते हुए जोरदार ग्राउंडस्ट्रोक से जीत हासिल की और तीसरे राउंड में पहुंच गए। जीत के बाद मेदवेदेव ने कहा कि मुझे लगता है कि मैं ब्रिस्बेन में बहुत बेहतर खेल रहा था। मैं अभी भी यहां के कोर्ट के हिसाब से पूरी तरह से ढल नहीं पाया हूं। मुझे लगता है कि मेरे शॉट्स में थोड़ी पावर की कमी है। लेकिन जब आप किसी टूर्नामेंट में जीतते रहते हैं, तो आप धीरे-धीरे इसमें ढल जाते हैं। यह पिछले कुछ सालों में पहली बार है जब मैं किसी ग्रैंड स्लैम के तीसरे राउंड में हूं, इसलिए अच्छा महसूस कर रहा हूं।

# यूकी-आंद्रे की जोड़ी दूसरे दौर में पहुंची



● **भारत के यूकी भांबरी व स्वीडिश आंद्रे गोरान्सन ने स्थानीय वाइल्ड कार्ड जेम्स डकवर्थ और क्रूज हेविट को दी मात**

**मेलबर्न, वार्ता।** भारत के यूकी भांबरी और उनके स्वीडिश साझीदार आंद्रे गोरान्सन ने बुधवार को स्थानीय वाइल्ड कार्ड जेम्स डकवर्थ और क्रूज हेविट की जोड़ी को हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 पुरुष युगल स्पर्धा के दूसरे राउंड में जगह बना ली है। यहां खेले गए मुकाबले में भारत के टॉप रैंक वाले पुरुष युगल टेनिस खिलाड़ी, दुनिया के नंबर 21 यूकी भांबरी और आंद्रे गोरान्सन की जोड़ी ने सिर्फ 57 मिनट में जेम्स डकवर्थ और क्रूज हेविट पर 6-3, 6-4 से जीत दर्ज की। साल के पहले ग्रैंड स्लैम में 10वीं सीड वाली इस इंडो-स्वीडिश जोड़ी ने पूरे मैच में अपना दबदबा बनाए रखा और उनकी सर्विस लगभग परफेक्ट थीं। पहले सेट में, उन्होंने अपने पांच सर्विस गेम में से चार लव पर जीते, सिर्फ नौवें गेम में एक पॉइंट गंवाया। पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 और कई ग्रैंड स्लैम विजेता लेटन हेविट के बेटे जेम्स डकवर्थ और क्रूज हेविट के खिलाफ आठवें गेम में मिला ब्रेक सेट जीतने के लिए काफी थी। दूसरे सेट में भी यही सिल. सिला जारी रहा, भांबरी और गोरान्सन ने फिर से अपने पांच सर्विस गेम में से चार बिना कोई अंक गंवाए जीत दर्ज की। अगले राउंड में, भांबरी और गोरान्सन का मुकाबला। मेक्सिको के सैंटियागो गोंजालेज और नीदरलैंड के डेविड पेल तथा ब्राजील की जोड़ी मार्सेलो मेलो और फर्नांडो रोम्बोली के बीच होने वाले मैच की विजेता जोड़ी से होगा। इससे पहले ऑस्ट्रेलियन ओपन में, पुरुष युगल ड्रॉ में एकमात्र अन्य भारतीय टेनिस खिलाड़ी निकी कलियंदा पूनाचा पहले राउंड में बाहर हो गए। पूनाचा और उनके थाई जोड़ीदार प्रुचिया इसारो मंगलवार को स्पेन के पेड्रो मार्टिनेज और जौमे मुनार से 7-6(3), 7-5 से हार गए।

यूकी भांबरी मेलबर्न में मिश्रित युगल स्पर्धा में अमेरिका की 2018 विबलडन चैंपियन निकोल मेलिचर-मार्टिनेज के साथ जोड़ी बनाएंगे।

### अफगानिस्तान ने तंजानिया को नौ विकेट से हराया

**विडहोक, वार्ता।** नूरिस्तानी उमरजई (पांच विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद फैसल शिनोजादा (नाबाद 55) की अर्धशतकीय पारी की बदौलत अफगानिस्तान ने बुधवार को अंडर-19 विश्व. कप के 18वें मुकाबले में तंजा. निया को 224 गेंदें शेष रहते नौ विकेट से रौंद दिया। अफगानिस्तान ने 86 रनों के लक्ष्य को महज 12.4 ओवर में एक विकेट पर 88 रन बनाकर मुकाबला नौ विकेट से अपने नाम किया। अफगानिस्तान का एकमात्र विकेट पांचवें ओवर में खालिद अहमदजई (14) के रूप में गिरा। फैसल शिनोजादा ने 34 गेंदों में नौ चौके और एक छक्का उड़ाते हुए नाबाद 55 रनों की पारी खेली। वहीं उस्मान सादात 16 रन बनाकर नाबाद रहे। खालिदी जुमा तंजानिया की ओर से एक विकेट लिया। इससे पहले आज यहां तंजानिया की अंडर-19 टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी तंजानिया की टीम अफगानी गेंदबाजी आक्रमण का अधिक देर तक सामना नहीं कर सकी और पूरी टीम 36 ओवरों में 85 के स्कोर पर ढेर हो गई।

## वोरसेस्टरशायर के पूर्व स्पिनर नॉर्मन गिफोर्ड का निधन



**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड, वोरसेस्टरशायर और वार्विकशायर के पूर्व बाएं हाथ के स्पिनर नॉर्मन गिफोर्ड का लंबी बीमारी के बाद 85 साल की उम्र में निधन हो गया है। गिफोर्ड वोरसेस्टरशायर की 1964 और 1965 की काउंटी चैम्पियनशिप जीतने वाली टीमों के प्रमुख सदस्य थे, और 1974 में क्लब को खिताब दिलाया, साथ ही 1971 में उनकी तीन संडे लीग जीत में से पहली जीत भी दिलाई। उन्होंने 1960 से 1982 के बीच 22 साल तक क्लब के लिए खेला, इस दौरान उन्होंने 1,615 फर्स्ट-क्लास विकेट लिए।

उन्हें 1975 में विजडन क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया, और क्रिकेट में उनकी सेवाओं के लिए 1978 में एमबीई से सम्मानित किया गया। उनके टेस्ट करियर में 1964 से 1973 के बीच 15 टेस्ट शामिल थे, जिसमें उन्होंने 31-09 की औसत से 33 विकेट लिए, जिसमें कराची में पाकिस्तान के खिलाफ 55 रन देकर 5 विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। हालांकि, एक दशक से भी ज्यादा समय बाद उनका एक अप्रत्याशित अध्याय आया, जब 44 साल की उम्र में उन्होंने शारजाह में रॉथमैन फोर-नेशंस कप में दो वनडे में इंग्लैंड की कप्तानी की।

एक थका देने वाले सर्दियों के मौसम के बाद इंग्लैंड के कई मुख्य खिलाड़ी टीम से बाहर थे, जिसमें नियमित कप्तान डेविड गोवर भी शामिल थे, और वे ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान दोनों से हार गए। हालांकि, गिफोर्ड ने बाद वाले मैच में दस किफायती ओवरों में 23 रन देकर 4 विकेट लिए। अपने करियर के इस पड़ाव पर वह वार्विकशायर चले गए थे।

# अल्काराज-सबालेंका व गॉफ का तीसरे दौर में प्रवेश



● **अल्काराज ने यानिक की कड़ी चुनौती को पार करते हुए सीधे सेटों में 7-6, (7-4), 6-3 6-2 से जीत हासिल की**

**मेलबर्न, वार्ता।** दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज, महिलाओं में नंबर एक आर्यना सबालेंका और अमेरिकी स्टार कोको ग्रॉफ ने सीधे सेटों में जीत हासिल कर ऑस्ट्रेलियन ओपन के तीसरे दौर में जगह बना ली है। कार्लोस अल्काराज ने यानिक हैन्फमैन की कड़ी चुनौती को पार करते हुए सीधे सेटों में 7-6 (7-4), 6-3, 6-2 से जीत हासिल की। दुनिया के नंबर एक और टॉप सीडेड स्पेनिश खिलाड़ी को 34 साल के जर्मन खिलाड़ी, जो 102वीं रैंक पर हैं, के खिलाफ रैंकिंग के मुक. ाबले कहीं ज्यादा मुश्किल का सामना करना पड़ा। यह मुकाबला काफी प्रतिस्पर्धी रहा, खासकर पहले सेट में। हैन्फमैन ने तुरंत दबाव बनाया, अपने पावरफुल फोरआर्म शॉट्स और शानदार ड्रॉप शॉट्स का इस्तेमाल करके अल्काराज को डिफेंसिव रखा। पहला सेट 78 मिनट की लंबी बेसलाइन रैलियों के बाद टाईब्रेक तक गया, जिसमें अल्काराज आखिरकार 7-4 से जीत गए। जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ा, जर्मन खिलाड़ी की पसली की चोट का असर दिखने लगा, जिससे उनकी मूवमेंट और शॉट लगाने की क्षमता सीमित हो गई। अल्काराज ने इस मौके का फायदा उठाया, रणनी. तिक समझदारी और धैर्य दिखाया। दूसरे सेट में, उन्होंने अहम पलों पर हैन्फमैन की सर्विस तोड़ी, और आखिरकार कई शानदार फोरआर्म विनर्स और सटीक बैकहैंड प्लेसमेंट के साथ सेट 6-3 से जीत लिया। तीसरे सेट में, अल्काराज ने अपना दबदबा बनाए रखा, फिर से सर्विस तोड़कर मैच के लिए सर्व किया और 6-2 से मैच खत्म कर दिया। सीधे सेटों के स्कोर के बावजूद, अल्काराज ने माना कि मैच के लिए फोकस और तालमेल बिठाने की जरूरत थी। इस जीत के साथ, अल्काराज तीसरे राउंड में पहुंच गए हैं, जहां उनका मुक. ाबला अमेरिकी क्वालिफायर जेंग या फ्रांसीसी खिलाड़ी कोरेंटिन माउटेट से होगा। सबालेंका ने अपनी काबिलियत का प्रदर्शन किया और दूसरे दौर में चीनी क्वालिफायर बाई झूओक्सुआन को 6-3, 6-1 से हराया।

### लिजेल ली पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना

**वडोदरा, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स की लिजेल ली पर मंगलवार को वडोदरा के बीसीए स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपनी टीम के मैच के दौरान डब्ल्यूपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और 1 डिमेरिट पॉइंट दिया गया है। लिजेल ली ने आर्टिकल 2-2 के तहत लेवल 1 के अपराध को स्वीकार किया, जो मैच के दौरान क्रिकेट उपकरणों के दुरुपयोग से संबंधित है। आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए, मैच रेफरी का फैसला अंतिम और बाध्यकारी होता है।

# मैं नंबर-3 पर खेलना चाहती थी: जेमिमाह



● **इस सीजन कप्तानी और बल्लेबाजी दोनों मोर्चों पर संघर्ष कर रहीं जेमिमा रॉड्रिग्स प्लेयर ऑफ द मैच रही**

**वडोदरा, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) की कप्तान जेमिमा रॉड्रिग्स के लिए मुंबई इंडियंस (एमआई) के खिलाफ मिली जीत महज दो अंक नहीं, बल्कि राहत की एक बड़ी सांस लेकर आई है। इस सीजन कप्तानी और बल्लेबाजी, दोनों ही मोर्चों पर संघर्ष कर रहीं जेमिमा ने न केवल अपनी टीम को जीत की पटरी पर लौटाया, बल्कि खुद भी नाबाद 51 रनों की कप्तानी पारी खेलकर प्लेयर ऑफ द मैच भी रहीं।

डीसी जब अपनी सीजन की शुरुआत कर रही थी, तब बल्लेबाजी क्रम को लेकर तीन बड़े सवाल थे। शेफाली वर्मा के साथ ओपन कौन करेगा? क्या जेमिमानंबर तीन पर बल्लेबाजी करेंगी? लिजेल ली और लौरा वुलफॉर्ट किस पोजीशन पर बल्लेबाजी करेंगी? एमआई के खिलाफ मिली जीत के बाद प्रेस कांफ्रेंस के दौरान जेमिमा ने खुलासा किया कि वे निजी तौर पर नंबर तीन पर खेलना चाहती थीं, लेकिन टीम की जरूरत के आगे उन्होंने अपना मन बदल लिया।

उन्होंने कहा कि सच कहूं तो मैं नंबर तीन पर बल्लेबाजी करना चाहती थी, लेकिन कप्तान के तौर पर मैं सिर्फ अपने बारे में नहीं सोच सकती। मुझे टीम को पहले रखना था। टीम के नजरिए से लौरा वुलफॉर्ट नंबर तीन के लिए बेहतर थीं क्योंकि वे दक्षिण अफ्रीका के लिए भी ओपनिग करती हैं और नई गेंद को अच्छा टाइम करती हैं। नंबर चार पर मैं ज्यादा सहज हूं क्योंकि मैं स्पिनर्स को बेहतर खेल सकती हूं और पहली ही गेंद से गैप ढूंढने में सक्षम हूं। लौरा एक बेहतरीन उप कप्तान भी हैं और मैदान पर मेरी बहुत मदद करती हैं। मुझे उनके साथ बल्लेबाजी करना और उनके कवर ड्राइव देखना बहुत पसंद है। पिछले तीन सीजन तक डब्ल्यूपीएल के फाइनल में पहुंचने वाली डीसी की टीम इस सीजन उस तरह की लय में नहीं है।

# घर से टी-20 विश्व कप देखना थोड़ा अजीब लगेगा: रोहित

## रोहित शर्मा ने साथियों के साथ बनाए गए रिश्तों और बॉन्ड के बारे में अपने विचार शेयर किए

**मुंबई, वार्ता।** भारत के 2024 टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाले कप्तान रोहित शर्मा जियोहॉटस्टार के 'कैप्टन रोहित शर्माज रोडमैप फॉर टी-20 वर्ल्ड कप' में जतिन सप्रू के साथ बैठे, जहां उन्होंने पहले टी-20 वर्ल्ड कप के बारे में बात की जिसमें वह हिस्सा नहीं लेंगे, अपने टीम के साथियों के साथ बनाए गए रिश्तों और बॉन्ड के बारे में अपने विचार शेयर किए, मुश्किल सिलेक्शन के फैसले लेने और आने वाले टूर्नामेंट के लिए टीम के बारे में अपनी राय बताई। रोहित शर्मा ने माना कि अपने करियर में पहली बार टी-20 वर्ल्ड कप मिस करना उनके लिए एक अजीब एहसास होगा। उन्होंने कहा,ष्हम घर पर इस बारे में बात कर रहे थे कि घर से इसे देखना अजीब लगेगा, खासकर टी-20 वर्ल्ड कप। जब से यह शुरू हुआ है, तब से अब तक मैं हर वर्ल्ड कप का हिस्सा रहा हूं, इसलिए यह अलग लगेगा। जब मैं टीम को टी 20 मैच खेलते हुए देखता हूं, तो मिस करने का एहसास उतना नहीं होता। लेकिन जब आप वर्ल्ड कप मिस करते हैं, तो असलियत का एहसास होता है। तभी आपको पता चलता है कि आप इसका हिस्सा नहीं बनने वाले हैं। तो यह थोड़ा अजीब लगेगा। हालांकि, मैं स्टेडियम में कहीं रहूंगा। यह वैसा नहीं होगा और यह एक अलग अनुभव होगा, लेकिन मैं असल में इसके लिए उत्सुक हूं। यह काफी शानदार होगा। अपनी कप्तानी के दौरान टीम के साथियों के बीच सम्मान पाने और रिश्ते बनाने के बारे में रोहित ने कहा कि खिलाड़ियों के साथ अभी भी वैसा ही रिश्ता होना बहुत अच्छा लगता है, और यही मैं हमेशा टीम में चाहता था, किसी भी चीज पर खुलकर बात करना, सिर्फ क्रिकेट ही नहीं, बल्कि जदिगी के बारे में भी, खेल के बाहर की कोई भी बात। जिंदगी में क्या चल रहा है, घर पर क्या हो रहा है, इस तरह की बातें। मैं हमेशा वैसा ही इंसान बनना चाहता था, क्योंकि मुझे पता है कि जब आप पहली बार टीम में शामिल होते हैं, तो खुलने में समय लगता है। इसलिए, जब मैं यहां बैठा होता हूं या जब मैं टीम के ड्रेसिग रूम में जाता हूं, तो मैं कभी नहीं चाहता कि किसी को ऐसा लगे कि उन्हें खुलने में समय लगेगा। मैं चाहता हूं कि उन्हें लगे कि वे बस आकर खुलकर बात कर सकते हैं। ऐसा नहीं होना चाहिए कि वे सोचें कि उन्हें आकर बात करनी चाहिए या नहीं। मैं कभी नहीं चाहता था कि किसी के मन में ऐसा ख्याल आए। मैं जितना हो सके उतना खुला और सीधा रहने की कोशिश करता हूं, और इसीलिए ए लोग मेरा बहुत मजाक उड़ाते हैं। कोई सीमा नहीं है, हमेशा एक खुला दरवाजा होता है। साथ ही, हम एक-दूसरे की टांग खींचते हैं, खैर, हम नहीं, वे मेरी टांग खींचते हैं। मैं हमेशा ऐसा ही माहौल चाहता था, और मुझे यह सच में बहुत पसंद है। टीम में एकजुटता और आईसीसी मेन्स टी-20 वर्ल्ड कप इंडिया और श्रीलंका 2026 के लिए भारतीय टीम के बारे में: रोहित ने कहा कि मुझे लगता है कि एकजुटता और आपसी भरोसा सबसे जरूरी चीजें हैं। अगर मैं गलत नहीं हूं, तो ए खिलाड़ी लगभग दो साल से एक साथ खेल रहे हैं। कुछ खिलाड़ी बाहर हुए हैं और कुछ नए आए हैं, लेकिन इसके अलावा, मुझे लगता है कि पिछले टी-20 वर्ल्ड कप के बाद से लगभग 80 से 90 प्रतिशत टीम वही रही है। जब मैं मैच देखता हूं, तो मुझे लगता है कि टीम में आपसी समझ बहुत अच्छी है, जो एक साथ खेलने से बनी है। एक अच्छी बात यह है कि कुछ अपवादों को छोड़कर, लगभग सभी खिलाड़ी एक ही उम्र के हैं।



# मेयर व नगर आयुक्त ने दिखाई वाहनों को हरी झण्डी

## सीवर व सफाई व्यवस्था के लिए नगर निगम ने खरीदे एक दर्जन से अधिक नए वाहन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त शिपू गिरि ने आज गैराज से एक दर्जन से अधिक नये वाहनों को हरी झंडी दिखाकर महानगर के लिए रवाना किया। इन वाहनों में ट्रैक्टर ट्रॉली, बैकहोलोडर, सक्शन मशीन, पानी के टैंकर व हॉपर टिपर डंपर आदि शामिल रहे।



शहर की सफाई व्यवस्था को और दुरुस्त करने के लिए नगर निगम द्वारा वाहन खरीदे गए है। आज गैराज परिसर में महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त ने इन वाहनों की विधिवत पूजा अर्चना करते हुए नारियल फोड़कर वाहनों का महानगर के लिए लाकार्पण किया गया, तत्पश्चात हरी झण्डी दिखाकर महानगर के लिए रवाना किया गया। इन वाहनों में सीवर सफाई के लिए चार सक्शन मशीन के अलावा एक बैकहोलोडर, 3 ट्रैक्टर, 5 ट्रॉली, एक हॉपर टिपर डंपर आदि शामिल है। गैराज प्रभारी स्वप्निल जैन ने बताया कि इनमें कुछ वाहन स्मार्ट सिटी के माध्यम से खरीदे गए है।

महापौर डॉ. अजय कुमार ने बताया कि शहर में कूडा एकत्रीकरण एवं निस्तारण तथा सीवर सफाई व्यवस्था के साथ शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए नगर निगम द्वारा कुछ वाहन खरीदे गए हैं। इससे नगर निगम की सफाई व्यवस्था और सुदृढ होगी। उन्होंने कहा कि नगर निगम शहर को साफ सुथरा एवं व्यवस्थित करने के लिए दृढ़ संकल्पित है और नये वाहनों की खरीद उस दिशा में एक ठोस कदम है। इस दौरान उपसभापति मयंक गर्ग, अपर नगरायुक्त मृत्युंजय, नगर स्वास्थय अधिकारी डॉ. प्रवीण शाह, निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ.संदीप मिश्रा, अधिशासी अभियंता वी बी सिंह, लेखाधिकारी मनोज त्रिपाठी, जेडएसओ राजीव चौधरी, गैराज प्रभारी स्वप्निल जैन, नगर लेखा परीक्षक अजमैन वारसी, मुख्य सफाई निरीक्षक इंद्रपाल शामिल रहे।

# गणतंत्र दिवस को लेकर विस्तृत चर्चा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आगामी गणतंत्र दिवस की तैयारियों के सिलसिले में गणतंत्र दिवस को शांतिपूर्ण, गरिमामय और राष्ट्रीय भावना के साथ मनाने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

कलेक्ट्रेट स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ शहर की प्रमुख सामाजिक हस्तियों, धार्मिक नेताओं, अधिवक्ताओं, पत्रकारों और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

बैठक में विशेष रूप से दिलजीत कोचर, अमीर खान एडवोकेट, ब्रिज चावला, जामा मस्जिद के प्रबंधक मौलाना फरीद मजाहरी, राजेश जैन, महेंद्र तनेजा, रविंद्र मिगलानी, जयनाथ शर्मा, अकमल खान बिट्टू, हामिद सलीम, पासा खान, माया शर्मा, हेमंत जोशी, रणवीर सिंह राठौर एडवोकेट, गोविंदर सिंह, सुषमा बजाज सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बैठक के दौरान इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रम अनुशासन, आपसी समन्वय और राष्ट्रीय एकता की भावना के साथ संपन्न कराए जाएं। सिटी मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह ने उपस्थित सभी लोगों से अपील की कि वे प्रशासन के साथ पूर्ण सहयोग करें, ताकि राष्ट्रीय पर्व को सौहार्दपूर्ण और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाया जा सके। बैठक के अंत में विभिन्न सुझाव भी सामने आए, जिन पर विचार-विमर्श के बाद आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। प्रशासन की ओर से स्पष्ट किया गया कि गणतंत्र दिवस समारोह में समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी, ताकि यह राष्ट्रीय पर्व सामूहिक रूप से यादगार बनाया जा सके।

# मुठभेड़ में जिला बदर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** पुलिस मुठभेड में चोरी व बलवे के वांछित शातिर जिलाबदर हिस्ट्रीशीटर घायलावस्था में गिरफ्तार किया गया है। जिसके पास से अवैध हथियार भी बरामद हुआ है।

पुलिस उपमहानिरीक्षक और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद मे अपराध नियंत्रण व अपराधियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है। सीओ अशोक सिसोदिया के निर्देशन और कोतवाली प्रभारी संजीव कुमार के नेतृत्व मे गंगोह पुलिस टीम द्वारा ग्राम दौलतपुर घाट के पास वाहन चौकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध कार आती दिखाई दी जिसे पुलिस ने रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख चालक ने अपनी कार तेजी से दौड़ा दी। पुलिस ने गाड़ी का पीछा किया तो उक्त गाड़ी यमुना किनारे कच्चे रास्ते पर फंस गई। गाडी सवार व्यक्ति ने अपने को घिरा देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायिरंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। घायल बदमाश की पहचान कल्बे हसन पुत्र आले हसन निवासी ग्राम हलवाना थाना गंगोह के रूप में हुई। घायल बदमाश को प्राथमिक उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाश के पास से अवैध तमंचा, कारतूस, एक कार बरामद हुई है।

बदमाश थाना गंगोह का हिस्ट्रीशीटर, गौकश तथा जिलाबदर अभियुक्त है। कई मुकदमों का वांछित अभियुक्त है। कल्बे हसन के विरुद्ध जनपद में करीब ढाई दर्जन से अधिक मुकदमें पंजीकृत हैं। अभियुक्त थाना गंगोह का प्रचलित हिस्ट्रीशीटर, गौकश तथा जिलाबदर अपराधी है।

# अवैध व्यवसायिक भवनों की कमिश्नर से शिकायत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** वार्ड 37 गिल कॉलोनी के पार्षद गौरव कपिल के साथ क्षेत्रवासियों ने मंडलायुक्त से मुलाकात कर अपने क्षेत्र में मानक विरुद्ध एवं अवैध रूप से बनाए गए और बनाए जा रहे व्यावसायिक भवनों की शिकायत दर्ज कराई।



क्षेत्रवासियों ने बताया कि गिल कॉलोनी एक पुरानी एवं सुव्यवस्थित आवासीय कॉलोनी है, लेकिन सहारनपुर विकास प्राधिकरण की लापरवाही के चलते यहां लगातार नियमों को ताक पर रखकर व्यावसायिक निर्माण किए जा रहे हैं। लोगों का कहना है कि इन भवनों में न तो पार्किंग की व्यवस्था है और न ही अग्निशमन विभाग के मानकों का पालन किया गया है। गली नंबर 2 में अवैध रूप से बनाए गए होटलों में ऐसे कार्य किए जा रहे हैं जो एक सभ्य समाज में स्वीकार्य नहीं हैं। गली नंबर 1, 2 और 3 में इन व्यावसायिक भवनों के कारण आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि दो बार आग लगने की घटनाओं के दौरान फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को संकरी गलियों में प्रवेश करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वहीं इन भवनों में आने वाले लोगों के वाहन मोहल्ले में इधर-उधर खड़े कर दिए जाते हैं, जिससे स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी होती है। विरोध करने पर वाहन चालक दुर्व्यवहार पर उतारू हो जाते हैं, जिससे कई बार तनावपूर्ण स्थिति बन जाती है। लोगों ने आरोप लगाया कि ऐसा प्रतीत होता है कि सहारनपुर विकास प्राधिकरण जानबूझकर आवासीय कॉलोनी में अवैध व्यावसायिक गति. विधियों को बढ़ावा देकर स्थानीय निवा. सियों को पलायन के लिए मजबूर कर रहा है।

उन्होंने सवाल उठाया कि नक्शा पास होने के बाद निर्माण कार्य नक्शे के अनुरूप हुआ या नहीं, इसकी निगरानी प्राधिकरण द्वारा क्यों नहीं की जाती। क्षेत्रवासियों ने यह भी बताया कि कई व्यावसायिक भवनों में अवैध रूप से बेसमेंट बनाए गए हैं। गली नंबर 2 स्थित एक इमारत के बेसमेंट में पानी भरा रहता है, जहां सैकड़ों कर्मचारी कार्यरत हैं, जो किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है। इसकी तत्काल जांच की मांग की गई। इसके अलावा गली नंबर 2 और रोडवेज वर्कशॉप के पास दो नए जिम खुलने की तैयारी है, जिससे समस्याएं और बढ़ने की आशंका जताई गई।

मंडलायुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए क्षेत्रवासियों ने सभी अवैध व्यावसायिक भवनों की निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अवैध निर्माण जारी रहे और समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो कॉलोनीवासी बड़े स्तर पर आंदोलन और विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। इस अवसर पर नारायणपुरी रेजिडेंट संगठन के सचिव राजेश कपूर, अनिल जैन, रामकुमार सिंह, डॉ. संजय कपिल, भारतेश जैन, शोभित त्यागी, संजीव वर्मा, राजेश ओझा, रमेश ओझा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## तीन मनचले गिरफ्तार

**गंगोह।** महिलाओं व छात्राओं की सुरक्षा को लेकर कोतवाली पुलिस ने ऑपरेशन मजनू के तहत बड़ा एक्शन लेते हुए स्कूल-कॉलेज के बाहर छेड़खानी कर रहे तीन मनचलों को गिरफ्तार किया गया है।

कोतवाली प्रभारी संजीव कुमार के निर्देशन में स्कूल कालेजों के आसपास चल रही पुलिस की विशेष गश्त के दौरान छात्राओं पर अश्लील फब्तियां कसने वाले तीन मनचलों को ऑपरेशन मजनू के तहत रंगे हाथों पकडकर सम्बद्ध कानूनी धाराओं में चालान किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम रिजवान, गांव चन्दपुरा थाना तीतरो, अंकित व गो. विंद निवासी रसूलपुर, थाना इंद्री, जिला करनाल हरियाणा बताए गए हैं। कोतवाली प्रभारी ने कडे शब्दों में शिक्षण संस्थानों के आसपास छेड़खानी करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही कर दोषियों को सीधे जेल भेजने की चेतावनी दी है।

# याद किए गए स्व. ज्ञानचंद आजाद



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सामाजिक न्याय एंव समतामूलक समाज की स्थापना हेतु जीवनपर्यन्त संघर्षरत रहे दलित आन्दोलन के पुरोधा एंव बामियान बुद्ध विहार के संस्थापक श्रद्धेय ज्ञानचन्द आजाद के 7वें परिनिर्वाण दिवस पर एक श्रद्धाजंलि सभा का आयोजन बामियान बुद्ध विहार अम्बेडकरपुरम में भंते विनयदीप महाथेरो ने परितित्राण कर किया गया।

शोकसभा में श्रद्धांजलि देते हुए महापौर डॉ. अजय कुमार ने नमन करते हुए श्री आजाद के जीवन से सीख लेने और उनके विचारों पर चलने की बात कही और दिल्ली रोड से बौद्ध विहार तक बनने वाली सड़क का नाम श्री आजाद के नाम करने घोषणा की। अध्यक्षता करते हुए पूर्व विधायक मोहर सिंह ने कहा कि श्री आजाद समाज के लिए आजीवन कार्य करने वाले को हमेशा याद किया जाता है। नगर विधायक राजीव गुंबर ने भी श्री आजाद को नमन करते हुए उनके जीवन संघर्ष को याद किया। श्री आजाद के पुत्र सतीश गौतम ने शिक्षा सुरक्षा व सम्मान पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि कितनी ही मजबूरी क्यों न हो लेकिन शिक्षा की नींव कभी भी कमजोर नहीं पड़नी चाहिए। विशेष रूप से संत सूरज दास जी महाराज, समाजसेवी व आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य योगेश दहिया व एबीएसएस जिलाध्यक्ष साधुराम व जिला कृषि अधिकारी कपिल कुमार मावी ने भी विचार रखे। गायक मुकेश कुमार राणे ने मार्मिक भजनों से व पत्रकार एसडी गौतम ने शायरी के माध्यम से श्री आजाद को श्रद्धांजलि अर्पित की। संचालन वर्षवर्धन ने किया।

## गिरोह का भंडाफोड़

**गंगोह।** कोतवाली पुलिस ने अन्तर्राज्यीय मोटर साईकिल चोर गिरोह का भंडाफोड करते हुए तीन अभियुक्तों को रंगे हाथों गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर दस मोटर साईकिल बरामद करने की है।

सीओ अशोक सिसोदिया ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर की सूचना पर बुड्ढाखेडा तिराहे के पास से चोरी की मोटरसाईकिलों के साथ तीन शातिर बाइक चोरों आकाश पुत्र रमेश व कयूम पुत्र शबबीर निवासी ग्राम सलारपुरा थाना गंगोह व हसनैन पुत्र इरशाद गुड्डु निवासी ग्राम सिकन्दरपुर थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार को गिरफ्तार किया। जबकि उनके दो साथी भागने में कामयाब रहें। कोतवाली प्रभारी संजीव कुमार के अनुसार आकाश व कयूम शातिर किस्म के अपराधी है। जिनके खिलाफ विभिन्न थानों में अपराधिक मुकदमें दर्ज है।

# यूपी बॉक्सिंग टीम में गुनगुन व हिना का चयन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जम्मू यूनिवर्सिटी (जम्मू) में 22 से 25 जनवरी तक आयोजित होने वाली खेलो इंडिया अस्मिता किक बॉक्सिंग जोनल लीग 2025-26 (नॉर्थ जोन) के लिए सहारनपुर की दो होनहार खिलाड़ी गुनगुन और हिना का चयन उत्तर प्रदेश की टीम में हुआ है।



डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में दोनों खिलाड़ियों का भव्य स्वागत कर उन्हें शुभकामनायें देकर प्रतियोगिता के लिए रवाना किया गया। किकबॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ सहारनपुर के अध्यक्ष अजय कुमार और सचिव मनोज प्रजापति ने बताया कि इस जोनल लीग के लिए मेरठ में कड़े ट्रायल आयोजित किए गए थे। गुनगुन ने प्वाइंट फाइट इवेंट के -32 किलोग्राम वर्ग में और हिना ने -65 किलोग्राम वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर यूपी टीम में अपनी जगह पक्की की। ये दोनों खिलाड़ी पूर्व में भी कई प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुकी हैं। खिलाड़ियों के सम्मान में डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम मे आयोजित कार्यक्रम में क्रीड़ाधिकारी राहुल चोपड़ा ने दोनो खिलाड़ियों का स्वागत कर उम्मीद जताई कि गुनगुन व हिना, खेलो इंडिया अस्मिता किकबॉक्सिंग नॉर्थ जोन लीग में पदक जीतकर जिले व प्रदेश का मान बढ़ाएंगी। खेलो इंडिया अस्मिता किकबॉक्सिंग नॉर्थ जोन लीग के लिए रवाना होने से पूर्व दोनों किकबॉक्सिंग खिलाड़ियों को सहारनपुर मंडल ओलंपिक संघ के सचिव डॉ. अशोक कुमार गुप्ता, जिला ओलम्पिक संघ सहारनपुर के सचिव डॉ. संदीप गुप्ता, सहायक प्रशिक्षक (बॉक्सिंग) प्रवीन कुमार, कुश्ती प्रशिक्षक आदेश कुमार, विशाल, मनोज प्रजापति, अजय कुमार, रवि कोरी, रमा आर्य, लखन कुमार आदि ने खिलाड़ियों को जीत की अग्रिम शुभकामनाएँ दीं।

# बिजली संविदा कर्मियों ने शोषण व प्रताड़ना के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** विद्युत आपूर्ति को सुचारू रखने के लिए प्रतिदिन जान जोखिम में डालकर काम करने वाले विद्युत संविदा कर्मचारी लगातार शोषण और उपेक्षा के शिकार हो रहे हैं।



सरकार / विभाग और अनुबंध कंपनियों की और से मिल रही प्रताड़ना तथा वेतन कटौती से क्षुब्ध होकर सभी संविदा कर्मचारी बुधवार को बिजली घंटाघर पहुंचे,जहां उन्होंने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मुख्य अभियंता को ज्ञापन सौंपा। विद्युत संविदा कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश के प्रदेश महामंत्री रामभूल सैनी ने ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि 33/11 केवी उपकेंद्रों पर नकुड़,रामपुर, मनिहरान सहित व अन्य खंडों में कार्यरत कर्मचारियों का अक्टूबर और नवंबर माह 2025 का पूर्ण वेतन बिना किसी कारण और बिना नोटिस कटौती के साथ दिया गया,जो पूरी तरह नियमों के विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि फेशियल अटेंडेंस में 26 से 30 दिन उपस्थित रहने के बाद भी वेतन काटना न केवल अन्यायपूर्ण है, बल्कि कर्मचारियों के मनोबल पर गहरा आघात करता है। महामंत्री राम भूल सैनी ने यह भी बताया कि कर्मचारियों की पिछली शिकायतों को लेकर विभाग को कई बार पत्र भेजे गए,लेकिन अब तक किसी भी स्तर पर ठोस कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने कहा कि जिन कर्मचारियों के साथ ड्यूटी के दौरान गंभीर दुर्घटनाएँ हुईं, उन्हें कंपनी की और से कोई भी आर्थिक सहायता नहीं दी गई। यहाँ तक कि जिन कर्मचारियों की मृत्यु हो चुकी है,उनके पेंशन संबंधी दस्तावेज भी 6-7 महीने बीत जाने के बाद भी अभी तक तैयार नहीं किए गए, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि कई संविदा कर्मचारियों की फेशियल अटेंडेंस आईडी आज तक जारी नहीं की गई,जिसके कारण उनकी उपस्थिति दर्ज ही नहीं हो पा रही है। वहीं कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण, टीएनपी, आईकार्ड, ईएसआई कार्ड जैसी मूल सुविधाएँ तक उपलब्ध नहीं कराई गई हैं। उधर, नोडल टीजी 2 से परिचालन की ड्यूटी केवल कागजों तक सीमित है,जबकि कई उपकेंद्रों पर आज तक नोडल ज्ळ2 परिचालन एसएसओ की ड्यूटी कराई ही नहीं गई।

अंत में, प्रदेश महामंत्री रामभूल सैनी ने मुख्य अभियंता से सभी समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि समस्याओं पर जल्द निर्णय नहीं लिया गया, तो संगठन अग्रिम कार्रवाई करने को बाध्य होगा। मुख्य रूप से ज्ञापन देने वालों में मांगेराम, विपिन, गुलशन कुमार, सोनू राजा, साजिद अली, अंकुर प्रवीण, विनोद कुमार व आदि भारी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

# आसपा ने चलाया सदस्यता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सढौली कदीम।** बेहट विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जिला पंचायत वार्ड नंबर 9 में आजाद समाज पार्टी द्वारा संगठन विस्तार के उद्देश्य से व्यापक सदस्यता अभियान चलाया गया। यह अभियान गांव शाहपुर बांस, माजरी और ग्राम डुडुमाजरा में आयोजित किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



गुरुवार को आजाद समाज पार्टी के बेहट विधानसभा अध्यक्ष और वार्ड नंबर 9 से संभावित प्रत्याशी अंकित चौधरी की अगुवाई में सदस्यता अभियान चलाया गया। कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर लोगों से संवाद किया और आजाद समाज पार्टी की नीतियों, सामाजिक न्याय, शिक्षा, रोजगार और शोषित-वंचित वर्गों के अधिकारों को लेकर पार्टी के संघर्षों की जानकारी दी। अभियान के दौरान पार्टी की विचारधारा से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में गांववासियों ने आजाद समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संभावित प्रत्याशी अंकित चौधरी ने कहा कि बेहट विधानसभा क्षेत्र में लंबे समय से जनता बुनियादी समस्याओं से जूझ रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और किसानों की समस्याओं को लेकर मौजूदा जनप्रति. निधियों ने जनता को निराश किया है। आजाद समाज पार्टी जनता की आवाज को मजबूती से उठाने और क्षेत्र में वास्तविक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस मौके पर उनके साथ आजाद समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता औरंगजेब खान, दिनेश सैनी, जिला प्रभारी सचिन कर्णवाल, सुमित प्रधान सहित पार्टी के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हिफ्ज करने वाले 19 बच्चों की दस्तारबंदी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** ग्राम पटना उर्फ नया बांस के मदरसा तहफीजुल कुरआन में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे कुरआन हिफ्ज करने वाले मदरसे के 19 बच्चों को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया।

मंगलवार देर शाम को आयोजित जलसे को खिताब करते हुए मुफ्ती मो. सालेह नायब मोहतमिम मदरसा मजाहिर उलूम जदीद ने कहा कि कुरआन की तालीम इंसान को सही और नेक रास्ता दिखाती है। उन्होंने कहा कि दीनी तालीम के साथ साथ दुनियावी तालीम हासिल करना भी बहुत जरूरी है, सभी मुसलमान अपने बच्चों को दीनी तालीम के साथ साथ दुनियावी तालीम भी जरूर हासिल करवाये। जलसे को मुफ्ती मो. असरार मदरसा मजाहिर उलूम, सहारनपुर, मौलाना मो. जमशेद मो. हतमिम मदरसा जामिया इस्लामिया रिहडी तथा मौलाना मो. हामिद मो. हतमिम खादिमुल उलूम बागोवाली ने भी खिताब किया। कार्यक्रम के अंत में मौलाना मो. अहबाब कघसमी ने जलसे में शामिल हुए सभी मेहमानों तथा सहयोगियों का शुक्रिया अदा किया। इस मौके पर मौलाना बिलाल, मौलाना मुदस्सिर, कारी असजद, कारी एहतेशाम, हाफिज आशिक, प्रधान नसीम, प्रधान इरफान, हाजी शमशाद, डॉ. रिजवान, बाकिर, हाजी महबूब, शाकिब गौर और हाजी इमरान सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम लोग मौजूद रहे।

## पाल समाज का प्रदर्शन

**सहारनपुर।** वाराणसी स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर के मणिकर्णिका घाट पर स्थापित राजमाता अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा एवं उससे जुड़ी कलाकृतियों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मंगलवार को युवा पाल समाज सेवा एवं उत्थान समिति के सदस्यों ने जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया।

इस दौरान समिति के पदाधिकारियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपते हुए विरासत संरक्षण की मांग की। समिति के प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पाल समाज के लोग जिला मुख्यालय पहुंचे। उनका कहना था कि अहिल्याबाई होलकर भारतीय इतिहास की गौरवशाली विभूतिहैं और उनसे संबंधित प्रतिमाएं व कलाकृतियां हमारी सांस्कृतिक विरासत का अहम हिस्सा हैं।

# 80 विकास कार्यों के प्रस्ताव पर मोहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** विकास खंड के मुजफ्फराबाद ब्लॉक में बुधवार को क्षेत्र पंचायत की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कुल 80 विकास कार्यों के प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई तथा ब्लॉक के समग्र विकास को लेकर गहन चर्चा हुई।



क्षेत्र पंचायत सदस्य कविता सिंह (नीरज सिंह पुंडीर की पत्नी) की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्य, बीडीसी सदस्य तथा ग्राम प्रधानों ने भाग लिया। कविता सिंह ने कहा कि क्षेत्र का विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। साथ ही उन्होंने जोर दिया कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण हों। क्षेत्र में मानक विहीन कार्य करने वालों की जानकारी देने की अपील की ताकि उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, मनरेगा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पेयजल, सहकारिता, कृषि विभाग, समाज कल्याण तथा बाल विकास परियोजना जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। पंचम एवं 15वें राज्य वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2025-26 में कराए गए तथा कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई।खंड विकास अधिकारी योगेंद्र चौधरी ने विकास खंड स्तर की सभी योजनाओं की जानकारी दी। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि योगेश पुंडीर ने कहा कि कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास जारी है। सड़क सुरक्षा अभियान के तहत एआरटीओ सहारनपुर महेंद्र प्रताप सिंह ने ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा के नियमों की विस्तृत जानकारी दी। बैठक का संचालन ग्राम सचिव राजीव सैनी ने किया। इस अवसर पर रणबीर राणा रजत त्यागी अर्जुन सिंह पुंडीर, जय सिंह, राव खुर्रम, प्रमोद कुमार, ग्राम प्रधान आजम, हितेश, प्रवीण अंकुर कपिल प्रमोद कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

गुरुवार, 22 जनवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# सुर्खियों में ट्रांसफर

उप्र का सम्भल फिर से चर्चाओं में है। पिछले कुछ महीनों से वह लगातार कई कारणों से चर्चाओं में रहा है। पहले जामा मस्जिद का सर्वे और उसके बाद हुई हिंसा को लेकर चर्चा बटोर चुका है। पुलिस की कार्रवाई भी यहां सुर्खियों में बनी रही है। हाल ही में चर्चाओं में संभल उस समय आया, जब यहां के सीजेएम विभांशु सुधीर ने नौ जनवरी को एएसपी अनुज चौधरी समेत 20 पुलिसकर्मियों पर एपआईआर दर्ज करने का आदेश दिया था। अब पांच दिन बाद उनका ट्रांसफर कर दिया गया है। यूं तो इलाहाबाद हाईकोर्ट की तरफ से एक लिस्ट जारी हुई है, इस लिस्ट में 14 जजों के ट्रांसफर किए गए हैं और कुछ जजों की जगह अदला-बदली भी की गई है। इसी लिस्ट में विभांशु सुधीर का भी नाम है। उनको सुल्तानपुर भेजा गया है। वहीं चंदौसी कोर्ट के सी. डि. सिविल जज आदित्य सिंह को सम्भल का सीजेएम नियुक्त किया गया है। ध्यान रहे आदित्य सिंह वही जज हैं जिन्होंने श्री हरि-हरि मंदिर बनाम जामा मस्जिद दावे पर सर्वे के आदेश दिए थे। उन्हें प्रोमोशन के तहत सम्भल भेजा गया। विभांशु सुधीर मूलरूप से जहां उप्र के भदोई जिले के रहने वाले हैं, तो वहीं आदित्य सिंह मूलरूप से यूपी के मु.नगर के रहने वाले हैं। यह भी अजीब संयोग है कि एएसपी अनुज चौधरी भी मु.नगर जनपद से ही ताल्लुक रखते हैं। यूं तो जजों का ट्रांसफर कोई नई बात नहीं है और यह प्रक्रिया के तहत चलता रहता है, लेकिन कई बार समय का फेर इस तरह का हो जाता है जहां ट्रांसफर चर्चाओं में आ जाते हैं और वह इस कारण से होता है कि उसके पीछे कोई फैसला जुड़ा होता है। जैसाकि इस समय भी देखने में आ रहा है। जब मुख्य न्यायायिक मजिस्ट्रेट विभांशु सुधीर ने 9 जनवरी को यह फैसला लिया था तो इस फैसले ने सभी को चौंका दिया था। एएसपी अनुज चौधरी उप्र शासन के काफी नजदीक माने जाते रहे हैं और उनकी कार्यशैली भी काफी विवादित रही है। उनके विवादित बयान भी काफी चर्चाओं में रह चुके हैं, जो सांप्रदायिकता का सार लिए होते हैं। ऐसे में अनुज चौधरी और 20 अन्य पुलिसकर्मियों के विरुद्ध किसी न्यायाधीश द्वारा मुकदमा का आदेश देना चर्चा तो बंटोरेगा ही। साथ ही वह सर्द मौसम में राजनीतिक गर्मी का काम करेगा, जोकि ऐसा होता दिखाई भी दे रहा है। साथ ही ऐसे लोगों को भी बल मिलेगा, जो सरकार पर न्याय पालिका को प्रभावित करने का आरोप लगाते रहे हैं। अच्छा होता कि सरकार इस पर थोड़ा संयम बरतती और ऐसा कोई काम न करती जिससे जनता में गलत संदेश जाए। लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा होता दिखाई नहीं दे रहा है। यूं भी यह इस तरह का कोई पहला मामला नहीं है। हम दिल्ली, हरियाणा में ऐसा होते देख चुके हैं। ऐसी स्थिति न्यायपालिका के लिए ठीक नहीं है। न्यायपालिका की साख की हर हाल में रक्षा की जानी ही चाहिए।

## विधायिका तय करती है न्याय का मार्ग



न्याय, समता और बंधुता भारतीय संविधान की आत्मा हैं और इन्हीं मूल्यों के आधार पर देश की विधायिका समाज को दिशा देने का कार्य करती है, न्याय कैसे प्राप्त किया जाए, इसका मार्ग विधायिका तय करती है, क्योंकि वही ऐसे कानूनों का निर्माण करती है जो समाज के प्रत्येक वर्ग को न्याय दिलाने में सहायक होते हैं, विधायिका समतामूलक समाज की स्थापना का माध्यम है, बंधुता का अर्थ यह है कि सहमति और असहमति के बावजूद हम सब एक साथ आगे बढ़ते हैं और लोकतांत्रिक मर्यादाओं का सम्मान करते हैं, सशक्त विधायिका ही सशक्त लोकतंत्र की आधारशिला है और ऐसे आयोजनों से देश में बेहतर संसदीय परंपराओं को मजबूती मिलती है।

**-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री , उप्र**

# छुट्टियों के मौसम के बाद ट्रैवल इंश्योरेंस क्लेम दर्ज से पहले इन बातों का रखें ध्यान

ट्रैवल इंश्योरेंस का उद्देश्य होता है कि आपकी यात्रा के दौरान आई अचानक परेशानी से आपको सुरक्षित रखे और फिलहाल भारत में यात्रियों के साथ बिल्कुल यही हो रहा है। इस दिसंबर से चल रही परिचालन चुनौतियों के कारण दिल्ली, मुंबई, पुणे, बेंगलुरु और हैदराबाद सहित कई प्रमुख हवाई अड्डों पर, लोगों को फ्लाइट कैंसलेशन और देरी का अनुभव करना पड़ा। अगर आपने कॉम्प्रिहेंसिव ट्रैवल इंश्योरेंस पॉलिसी ली है, तो ऐसे मुश्किल-भरे हालात असल में यह समझने का सबसे अच्छा मौका होते हैं कि आपकी कवरेज कब और कैसे काम आ सकती है। अगर आपकी फ्लाइट कैंसल हो जाए, ट्रांसफर मिस हो जाएं, अचानक मेडिकल जरूरतें आ जाएं या होटल बुकिंग में दिक्कत आए, खासकर जब एयरलाइन के परिचालन में इस तरह की गड़बड़ी हो जाए, तब आपके लिए यह जानना बहुत जरूरी हो जाता है कि क्लेम कैसे और कब दर्ज करना है।

### अपना ट्रैवल क्लेम दर्ज करने से पहले किन बातों को ध्यान में रखें?

चाहे आप कहीं भी जा रहे हों, आपको वर्तमान स्थिति जैसी किसी एमरजेंसी का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए निम्नलिखित महत्वपूर्ण बातों के बारे में जानना बेहतर है जो आपके ट्रैवल क्लेम अनुभव को आसान बनाएंगी।

### यात्रा से पहले की तैयारी

यात्रा पर निकलने से पहले यह जरूरी है कि आप अपने साथ ले जाने वाली सभी महंगी और कीमती चीजों की ठीक तरह से लिस्ट बना लें। अपनी पसंदीदा डेस्टिनेशन के लिए रवाना होने से पहले, जिन भी कीमती सामानों या डॉक्यूमेंट्स को आप साथ ले जा रहे हैं, उनकी ढेर सारी तस्वीरें खींचकर सुरक्षित रख लें। इसके अलावा, अपने सभी ट्रैवल डॉक्यूमेंट्स की एक कॉपी बना लेना और उसे घर पर किसी भरोसेमंद परिवार के सदस्य या दोस्त के पास छोड़ देना समझदारी है, और असली डॉक्यूमेंट्स को अपने साथ सफर पर ले जाएं।

### शर्तें बारीकी से पढ़ना

किसी भी तरह का इंश्योरेंस खरीदते समय पॉलिसी डॉक्यूमेंट्स को ध्यान से पढ़ना बेहद जरूरी होता है। इससे आपको यह साफ पता चलता है कि ट्रैवल पॉलिसी में क्या शामिल है और क्या नहीं। पॉलिसी नियमावली आपके ट्रैवल इंश्योरर की आधिकारिक वेबसाइट पर आसानी से मिल सकती है। क्लेम दर्ज करते समय, अगर आप अपनी पॉलिसी से अच्छी तरह वाकिफ हैं, तो सूचीबद्ध शर्तों और सीमाओं के आधार पर आपको क्लेम की स्वीकार्यता समझने में आसानी होगी। ट्रैवल इंश्योरेंस में आमतौर पर शामिल कवरेज में फ्लाइट कैंसलेशन और देरी, मिस्ड कनेक्शन, सामान का खोना या मिलने में देरी होना, और मेडिकल एमरजेंसी से जुड़े खर्च शामिल होते हैं।

### मेडिकल एमरजेंसी

एमरजेंसी या एक्सीडेंट के मामले में, अपनी इंश्योरेंस कंपनी को तुरंत सूचित करें। खासकर विदेश में होने पर, सभी मेडिकल रसीदें और रिपोर्ट्स सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से संभालकर रखें। ऐसी रसीदों के आधार पर इंश्योरर यह तय कर पाएगा कि इलाज कहां कराया गया था। अगर दुर्घटना किसी थर्ड पार्टी की गलती से हुई हो, तो पुलिस रिपोर्ट जरूर दर्ज कराएं और उसकी एक कॉपी सुरक्षित रख लें, ताकि क्लेम के समय उसे इंश्योरेंस कंपनी के पास जमा किया जा सके।

### सामान का खोना या चोरी होना

एयरपोर्ट से लेकर होटल तक, सफर के दौरान कई जगहें ऐसी होती हैं जहां आपका सामान चोरी होने का खतरा रहता है, खासकर विदेश में। ऐसी इंश्योरेंस पॉलिसी खोए हुए सामान और आवश्यक चीजें जैसे कपड़े, टॉयलेट्रीज और आवश्यक रिप्लेसमेंट के लिए मुआवजा प्रदान करती है। अगर ऐसा होता है, तो पुलिस स्टेशन से लिखित रिपोर्ट प्राप्त करें और तुरंत अपनी इंश्योरेंस कंपनी को इसके बारे में जानकारी दें। इससे यह सुनिश्चित होगा कि आपके पास अपना क्लेम दर्ज करने के लिए उचित प्रमाण हो।

### तुरंत क्लेम दर्ज करें



हर इंश्योरेंस कंपनी एक निश्चित समय अवधि तय करती है, जिसके भीतर आप अपना क्लेम दर्ज कर सकते हैं। विशेष रूप से छुट्टियों के मौसम के बाद, यह उम्मीद की जाती है कि ज्यादा क्लेम दर्ज किए जाएंगे। आजकल, अधिकांश कंपनियां आपको अपना क्लेम ऑनलाइन दर्ज करने की सुविधा देती हैं। क्लेम शुरू करने के लिए, अपनी इंश्योरेंस कंपनी की वेबसाइट से क्लेम फॉर्म डाउनलोड करें और विधिवत भरा हुआ फॉर्म सबमिट करें। रीइम्बर्समेंट की संभावना को बढ़ाने के लिए सभी संबंधित प्रमाण अटैच करना न भूलें। अगर आपने कॉम्प्रिहेंसिव ट्रैवल इंश्योरेंस पॉलिसी का विकल्प चुना था, तो समय आ गया है कि क्लेम दर्ज करना सीख लें, ताकि आपकी पॉलिसी खरीदने का उद्देश्य पूरा हो सके। बहुत से लोग इस प्रक्रिया से गुजरने में हिचकिचाते हैं, लेकिन इसमें मिलने वाली आर्थिक सुरक्षा उस मेहनत से कहीं ज्यादा मूल्यवान होती है। चाहे बात फ्लाइट में रुकावटों की हो, सामान खोने की या अचानक आने वाली स्वास्थ्य समस्याओं की, सही तरीके से क्लेम दर्ज करने से ही आपको वह मुआवजा मिलता है जिसके आप हकदार हैं। इस अनिश्चितताओं से भरी यात्राओं के सीजन में, समय पर और सही दस्तावेजों के साथ क्लेम दर्ज करने के लिए तैयार रहना एक समझदारी भरा कदम है, ताकि आप अनचाहे खर्चों से बच सकें और आपकी छुट्टियां बाद में याद करते समय उतनी ही खुशगवार रहेंगी, जितनी आपने सोची थीं।

**-राकेश कौल**
**( चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर-रिटेल बिजनेस, बजाज जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड )**

**एयरपोर्ट से लेकर होटल तक, सफर के दौरान कई जगहें ऐसी होती हैं जहां आपका सामान चोरी होने का खतरा रहता है, खासकर विदेश में। ऐसी इंश्योरेंस पॉलिसी खोए हुए सामान और आवश्यक चीजें जैसे कपड़े, टॉयलेट्रीज और आवश्यक रिप्लेसमेंट के लिए मुआवजा प्रदान करती है। अगर ऐसा होता है, तो पुलिस स्टेशन से लिखित रिपोर्ट प्राप्त करें और तुरंत अपनी इंश्योरेंस कंपनी को इसके बारे में जानकारी दें। इससे यह सुनिश्चित होगा कि आपके पास अपना क्लेम दर्ज करने के लिए उचित प्रमाण हो।**


# घूमने के हैं शौकीन, तो यहां जरूर जाएं

घूमने के शौकीन लोग समय और छुट्टियां मिलते ही घूमने की प्लानिंग कर लेते हैं। अधिकतर लोग घूमने के लिए हिल स्टेशन जाना पसंद करते हैं। जिससे वह बिजी शेड्यूल के बीच सुकून के कुछ पल बिता सकें। यहां की ठंडी-ठंडी हवाएं और शांत वातावरण दिल और दिमाग को शांति पहुंचाते हैं। आमतौर पर जब भी घूमने की प्लानिंग की जाती है, तो अधिकतर लोग शिमला-मनाली और नैनीताल जाना पसंद करते हैं।

बता दें कि उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के अलावा अन्य कई राज्य हैं, जहां आपको एक से बढ़कर एक खूबसूरत हिल स्टेशन मिल जाएंगे। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको तमिलनाडु के एक ऐसे हिल स्टेशन के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर जाने के बाद आपका वापस आने का मन नहीं करेगा।

**तमलिनाडु के हिल स्टेशंस**

वैसे तो तमिलनाडु में 25 से ज्यादा हिल स्टेशन हैं, जोकि राज्य की खूबसूरती को बढ़ाने का काम करते हैं। यहां पर कुन्नूर, एलागिरी, यरकौड, ऊटी, कोडाइकनाल, वेल्लियांगिरी हिल्स और कोल्ली हिल्स जैसी कई शानदार जगहें हैं। लेकिन अगर आपको प्रकृति की खूबसूरती और झीलों के सुंदर नजारे देखना चाहते हैं, तो आपको कोटागिरी हिल स्टेशन एक बेस्ट ऑप्शन हो सकता है।



**कोटागरी है बेस्ट ऑप्शन**

यह एक बेहद शानदार जगह है और यहां के नजारे पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है। बारिश के मौसम में इस जगह की खूबसूरती अधिक बढ़ जाती है। आज हम आपको कोटागिरी हिल्स में घूमने वाली कुछ बेहतरीन जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।

**कैथरीन फॉल्स**

कैथरीन फॉल्स 20 फीट की ऊंचाई से गिरता है। यह झरना हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करता है। यहां के सुंदर नजारे देखने के बाद आपका वापस जाने का दिल नहीं करेगा।

**कोटागरी ट्रैक रूट**

अगर आप भी उन लोगों में शामिल हैं, जिनको ट्रैकिंग पसंद है। तो आपको एक बार कोडनाड से कोटागिरी की ट्रैकिंग जरूर करना चाहिए। आपको इस रूट में चाय के सुंदर बागान और घने जंगल भी देखने को मिलेंगे।

**चाय के बागान**

बता दें कि नीलगिरी की पहाड़ियों पर बसे चाय बागानों को देखकर आप सुकून महसूस करेंगे। यहां पर आप चाय की चुस्की भी ले सकते हैं। इसकी खूबसूरती देखकर आप भी बार-बार कैमरा निकालने पर मजबूर होंगे।

**कोडनाड व्यू पॉइंट**

यह जगह सनराइज और सनसेट के सुंदर नजारों को देखने के लिए सबसे अच्छी मानी जाती है। इसके साथ ही आपको यहां पर टीपू सुल्तान के किले का बेहद खूबसूरत नजारा देखने को मिलेगा।

**रंगास्वामी पीक**

अगर आप हाइकिंग ट्रेल का मजा लेना चाहते हैं, तो आपको रंगास्वामी पीक जरूर एक्सप्लोर करना चाहिए। यहां का रंगास्वामी मंदिर और बड़े-बड़े चट्टान लोगों को पसंदीदा लिस्ट में शामिल होते हैं।

**ऐसे पहुंचें कोटागरी हिल स्टेशन**

आप चाहें तो यहां पर ट्रेन से भी जा सकते हैं। यहां का सबसे नजदीकी रेलवे स्टेशन मेट्टुपालयम है। कोटागिरी से इसकी दूरी करीब 33 किमी दूर है। यहां का सबसे पास एयरपोर्ट कोयंबटूर है। जोकि करीब 70 किमी की दूरी पर है। आप चाहें तो यहां पर बस और प्राइवेट गाड़ी से भी आ सकते हैं।

**-साभार प्रभा**

# नेताजी सुभाष की मृत्युः आयोग, फाइलें और अधूरा सत्य




भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मौत का रहस्य आज भी अनसुलझा है। दरअसल उनकी मृत्यु के संबंध में कई दशकों से यही दावा किया जाता रहा है कि 18 अगस्त 1945 को सिंगापुर से टोक्यो (जापान) जाते समय ताइवान के पास फार्मोसा में उनका विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था और उस हवाई दुर्घटना में उनका निधन हो गया था। नेताजी ने 16 अगस्त 1945 को टोक्यो से ताइपेई के लिए उड़ान भरी थी और जापानी द्वितीय विश्व युद्ध का उनका विमान 18 अगस्त की सुबह ताइपेई के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। उसके बाद जापान सरकार द्वारा घोषणा की गई थी कि उस दुर्घटना में विमान में सवार सभी 25 लोगों की मौत हो गई, जिनमें नेताजी सुभाष चंद्र बोस भी शामिल थे। 18 अगस्त 1945 को ताइवान के ताइपेई में विमान दुर्घटना में उनकी मौत की जापान सरकार द्वारा की गई आधिक. ारिक घोषणा को भारत सरकार ने भी स्वीकार कर लिया था लेकिन आज भी कई लोग इसे मानने को तैयार नहीं हैं। दरअसल उनके जीवित होने और गुमनामी में जीवन जीने के दावे किए जाते रहे हैं और इस विषय पर कई बार जांच भी हुई है।



हालांकि नेताजी के जीवित होने का दावा करने वाले लोगों ने कई बार अपने दावों का समर्थन करने के लिए सबूत पेश किए लेकिन उन सबूतों को प्रायः संदिग्ध माना गया है और कहा जाता रहा है कि उनके जीवित होने के दावे के समर्थन में कोई ठोस सबूत नहीं हैं। दरअसल नेताजी का शव कभी नहीं मिला और कुछ अन्य कारणों से भी उनकी मौत के दावों पर आज तक विवाद बरकरार है। उनकी मृत्यु का रहस्य जानने के लिए विभिन्न सरकारों द्वारा पूर्व में कुछ आयोगों का गठन भी किया जा चुका है और कोलकाता हाईकोर्ट द्वारा नेताजी के लापता होने के रहस्य से जुड़े खुफिया दस्तावेजों को सार्वजनिक करने की मांग पर सुनवाई के लिए स्पेशल बेंच भी गठित की गई किन्तु अभी तक रहस्य से पर्दा नहीं उठा है। फैजाबाद के गुमनामी बाबा से लेकर छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले तक में नेताजी के होने संबंधी कई दावे भी पिछले दशकों में पेश हुए किन्तु सभी की प्रामाणिकता संदिग्ध रही और नेताजी की मौत का रहस्य यथावत बरकरार है। हालांकि जापान सरकार बहुत पहले ही इस बात की पुष्टि कर चुकी है कि 18 अगस्त 1945 को ताइवान में कोई विमान हादसा हुआ ही नहीं और भारत सरकार द्वारा कुछ समय पूर्व सार्वजनिक की गई नेताजी से संबंधित कुछ गोपनीय फाइलों में मिले एक नोट से तो यह सनसनीखेज खुलासा भी हुआ कि 18 अगस्त 1945 को हुई कथित विमान दुर्घटना के बाद भी नेताजी ने तीन बार 26 दिसम्बर 1945, 1 जनवरी 1946 तथा फरवरी 1946 में रेडियो द्वारा राष्ट्र को सम्बोधित किया था। इस खुलासे के बाद से ही नेताजी की मौत का रहस्य और गहरा गया था।

नेताजी के जीवित रहने को लेकर किए गए विभिन्न दावों में कहा गया कि वे विमान दुर्घटना में नहीं मारे गए थे बल्कि जीवित बच गए थे और उन्होंने अपने जीवन का बाकी हिस्सा गुप्त रूप से बिताया। ऐसे ही दावों में से एक दावा यह भी था कि विमान दुर्घटना में नेताजी को गंभीर रूप से चोटें लगी थी लेकिन वे जीवित बच गए थे और उन्हें एक जापानी अस्पताल में ले जाया गया था, जहां उनका इलाज किया गया और बाद में उन्हें सोवियत संघ ले जाया गया, जहां उन्हें एक गुप्त शिविर में रखा गया। एक अन्य दावा यह भी था कि नेताजी ने विमान दुर्घटना में बचने के लिए अपना रूप बदल लिया था। उन्होंने अपना नाम और पहचान बदल ली थी और एक गुप्त जीवन जीने लगे थे। कुछ लोगों ने यह दावा भी किया कि उन्होंने नेताजी को गुप्त रूप से रहने के दौरान देखा है। हालांकि इन तमाम दावों में से किसी का भी कोई पुख्ता सबूत कभी नहीं मिला लेकिन इन दावों को लेकर सच्चाई जानने को लेकर लोगों में सदैव उत्सुकता रही है। उनकी मौत के रहस्य को सुलझाने के लिए कई बार जांच आयोग भी बैठाए गए, जिनमें से सबसे महत्वपूर्ण जांच आयोग न्यायमूर्ति ताराचंद की अध्यक्षता में 1956 में बैठाया गया था। ताराचंद आयोग ने अपने निष्कर्ष में कहा था कि नेताजी की मृत्यु विमान दुर्घटना में हुई थी। आयोग ने कहा था कि नेताजी के जीवित रहने के दावे के समर्थन में कोई ठोस सबूत नहीं है, लेकिन आयोग के निष्कर्षों को कई लोगों ने चुनौती दी थी, जिनका कहना था कि आयोग ने नेताजी के जीवित रहने के दावों की पर्याप्त जांच नहीं की थी। आज भी दावे के साथ यह कहना मुश्किल है कि नेताजी की मृत्यु कैसे हुई थी। हो सकता है कि वे विमान दुर्घटना में मारे गए हों या यह भी हो सकता है कि वे जीवित बच गए हों और उन्होंने अपना जीवन गुप्त रूप से बिताया हो। कुल मिलाकर, उनकी मौत का रहस्य आज भी अनसुलझा है और इस रहस्य को सुलझाने के लिए और अधिक जांच की आवश्यकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)


पटना। 'जेईई मेन्स 2026' परीक्षा में बैठने से पहले परीक्षा केंद्र के बाहर कतार में इंतजार करते उम्मीदवार।

## उड़ान भरने के बाद तकनीकी खराबी आने पर वापस लौटा ट्रम्प का विमान

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का विमान एयर फोर्स वन मंगलवार को उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद 'तकनीकी खराबी' आने के कारण संयुक्त बेस एंड्रयूज लौट आया। यह जानकारी व्हाइट हाउस ने दी। ट्रम्प विश्व आर्थिक मंच 2026 में शामिल होने के लिए स्विट्जरलैंड के दावोस जा रहे थे। व्हाइट हाउस त्वरित प्रतिक्रिया टीम ने सोशल मीडिया पर कहा कि उड़ान भरने के बाद एएफ1 के क्रू सदस्यों ने विमान में तकनीकी खराबी का पता लगाया। पूरी सावधानी बरतते हुए, एएफ1 संयुक्त बेस एंड्रयूज लौट रहा है।

# बांग्लादेश से राजनयिकों के परिवारों को वापस बुला रहा भारत

## संभावित आतंकवादी खतरे की विश्वसनीय खुफिया जानकारी मिलने के बाद लिया महत्वपूर्ण निर्णय

**नई दिल्ली।** भारत को बंगलादेश में अपने राजनयिकों तथा उनके परिवारों पर संभावित आतंकवादी खतरे की विश्वसनीय खुफिया जानकारी मिली है, जिसके मद्देनजर वहां से राजनयिकों के परिजनों को वापस लाने का निर्णय लिया है, हालांकि इस बारे में औपचारिक घोषणा अभी नहीं की गई है। उच्च पदस्थ सूत्रों ने यह जानक. ारी देते हुए बताया कि यह कदम एक एहतियाती उपाय है और यह इस बात का संकेत भी है कि मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बंगलादेश की सरकार के कारण द्विपक्षीय संबंध खराब हो रहे हैं।

खुफिया जानकारी के अनुसार अगस्त 2024 में छात्रों विद्रोह के बाद बड़ी संख्या में रिहा किए गए कई उग्रवादियों ने बंगलादेश में फिर से संगठित हो गए हैं और वहां उन्हें एक तरह की मान्यता भी मिल रही है। खुफिया आकलन में कहा गया है कि ये तत्व भारतीय राजनयिकों और उनके परिवारों को निशाना बना सकते हैं। इस संभावित खतरे के मद्देनजर सरकार ने एक अभूतपूर्व कदम उठाते हुए बंगलादेश में तैनात भारतीय राजनयिकों के परिवारों को ऐहतियात के तौर पर स्वदेश बुलाने का निर्णय लिया है।



■ अगस्त 2024 में छात्रों विद्रोह के बाद बड़ी संख्या में रिहा किए गए कई उग्रवादी बंगलादेश में फिर से संगठित हो गए हैं

भारत की रणनीतिक व्यवस्था को बंगलादेश में उग्रवादी ताकतों के पुनरुत्थान और इस्लामवादी आतंकवादी संगठनों द्वारा भारत के खिलाफ बढ़ती कटु भाषा और शत्रुतापूर्ण रुख को लेकर बढ़ती चिंता है। अधिकारियों का मानना है कि यह सुरक्षा परिदृश्य पिछले दशक में दोनों देशों के बीच निरंतर आतंकवाद-रोधी सहयोग से हासिल की गई स्थिरता की तुलना में काफी बिगड़ गया है। इस महीने की शुरुआत में दिए एक साक्षात्कार में मॉरीशस सरकार के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के सेवानिवृत्त अधिकारी शांतनु मुखर्जी ने कहा था कि देश की पूर्वी सीमा के पार हाल के घटनाक्रम से यह संकेत मिलते हैं कि उग्रवादियों को रिहा किए जाने से आतंकवाद के खिलाफ मिली सफलता पर विपरीत असर पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि कट्टरपंथी आतंकवादी कैदियों को जेल से रिहा कर फिर से संगठित होने दिया जा रहा है, जिससे बंगलादेश फिर से 'जिहादी' नेटवर्कों के लिए आधार बन सकता है, जैसा कि 1990 और 2000 के दशक की शुरुआत में हुआ करता था। मुखर्जी ने चेतावनी दी कि इन उग्रवादियों का पिछले साल रिहा होने के बाद फिर से संगठित होना बेहद चिंताजनक है। इससे न केवल बंगलादेश के अंदर हिंसा का खतरा बढ़ा है, बल्कि भारत के लिए भी सीमा पार से खतरे की आशंका बढ़ गई है। भारतीय अधिकारी इस बात को लेकर विशेष रूप से चिंतित हैं कि बंगलादेशी आतंकवादी समूह पाकिस्तान और पश्चिम एशिया के कट्टरपंथी संगठनों के साथ फिर से संबंध स्थापित कर रहे हैं, जिससे पुराने क्षेत्रीय आतंकवादी नेटवर्क फिर से सक्रिय हो सकते हैं, जिन्हें पिछले वर्षों में काफी हद तक खत्म किया जा चुका था।

# अमेरिकी दबदबे वाली व्यवस्था का अंत हुआ: मार्क कार्नी

## कनाडाई पीएम बोले: पुराना सिस्टम अब वापस नहीं आएगा, टैरिफ को हथियार बनाने का लगाया आरोप

**दावोस।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा है कि अमेरिका के दबदबे वाली वैश्विक व्यवस्था अब खत्म हो चुकी है। उन्होंने स्विट्जरलैंड के दावोस में हो रहे वर्ल्ड इकोनामिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) में यह बात कही। उन्होंने कहा कि दुनिया किसी बदलाव की तरफ नहीं, बल्कि टूटने की तरफ आगे बढ़ रही है। अब पुराना सिस्टम लौटने वाला नहीं है। कार्नी ने कहा कि नियमों और अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के हिंसाब से चलने वाली दुनिया की जो बात की जाती है, वह असल में कभी भी पूरी तरह सच नहीं रही। दुनिया हमेशा से ताकत और अपने-अपने हितों के हिसाब से चली है।

कार्नी ने माना कि पुराने वैश्विक सिस्टम से कनाडा को फायदा हुआ। लेकिन उनके मुताबिक अब यह व्यवस्था टिकाऊ नहीं रह गई है। कार्नी ने कहा कि नई हकीकत यह है कि ताकतवर देश अपने हित साधने के लिए आर्थिक रिश्तों का इस्तेमाल दबाव बनाने में कर रहे हैं। उनके मुताबिक, टैरिफ को हथियार बनाकर दबाव बनाया जा रहा है, वित्तीय सिस्टम के जरिए देशों को मजबूर किया जा रहा है और सप्लाई चेन की कमजोरियों का इस्तेमाल किया जा रहा है। कार्नी ने कहा कि हाल के वर्षों में आए आर्थिक और राजनीतिक संकटों ने यह दिखा दिया है कि जरूरत से ज्यादा वैश्विक निर्भरता किसी भी देश के लिए खतरनाक हो सकती है। कार्नी ने चेतावनी दी कि अब यह मान लेना गलत है कि सिर्फ पुराने गठबंधन ही सुरक्षा और समृद्धि की गारंटी हैं। उन्होंने कहा कि जब आपसी जुड़ाव ही आपको दूसरे के दबाव में ले आए, तो आप आपसी फायदे के झूठ में नहीं रह सकते। कार्नी ने कहा कि कनाडा को उस नीति पर चलना होगा, जो सिद्धांतों पर भी टिकी हो और जमीन पर काम भी करे। इसके तहत घरेलू क्षमताएं मजबूत करने और किसी एक देश पर निर्भरता घटाने के लिए व्यापारिक साझेदारों में विविधता लाने पर जोर दिया। कार्नी ने कहा कि विश्व व्यापार संगठन और संयुक्त राष्ट्र जैसी बहुपक्षीय संस्थाएं कमजोर पड़ी हैं। ऐसे में देशों को अब खुद अपनी सुरक्षा, ऊर्जा और खाद्य जरूरतों के लिए तैयार रहना होगा। उन्होंने कहा कि जो देश खुद को खिला नहीं सकता, ऊर्जा नहीं दे सकता और अपनी रक्षा नहीं कर सकता, उसके पास बहुत कम विकल्प होते हैं।

कार्नी ने कहा कि अब यह उम्मीद करना गलत है कि नियमों का पालन करने से सुरक्षा मिल जाएगी। इससे पहले फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने भी मंगलवार को वर्ल्ड इकोनामिक फोरम की बैठक की संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि दुनिया ऐसे दौर की ओर बढ़ रही है, जहां अंतर्राष्ट्रीय कानून कुचले जा रहे हैं और ताकतवर की ही चल रही है। मैक्रों ने कहा कि ऐसी दुनिया खतरनाक है, जहां अंतर्राष्ट्रीय कानून की कोई अहमियत नहीं रह जाती। जहां ताकतवर देश जो चाहें करते हैं और कमजोर देशों को मजबूरी में सब सहना पड़ता है। उन्होंने अमेरिका पर आरोप लगाया कि उसकी व्यापार नीतियां यूरोप को कमजोर करने और क्षेत्रीय संप्रभुता के खिलाफ काम करी हैं। मैक्रों ने कहा कि आज दुनिया अस्थिर होती जा रही है। सुरक्षा के मामले में भी और अर्थव्यवस्था के मामले में भी। उन्होंने कहा कि 2024 में दुनिया के कई हिस्सों में युद्ध चल रहे हैं और कई देशों में लोकतंत्र कमजोर होकर तानाशाही की तरफ बढ़ रहा है।



■ कार्नी ने माना कि पुराने वैश्विक सिस्टम से कनाडा को फायदा हुआ
■ नई हकीकत यह है कि ताकतवर देश अपने हित साधने के लिए आर्थिक रिश्तों का इस्तेमाल दबाव बनाने में कर रहे हैं
■ कनाडा को उस नीति पर चलना होगा, जो सिद्धांतों पर भी टिकी हो और जमीन पर काम भी करे: कार्नी

## डेनमार्क के सांसद बोले: ट्रम्प भाड़ में जाओ

**दावोस।** ग्रीनलैंड को लेकर अमे. रिका की दिलचस्पी बढ़ने पर डेनमार्क के एक सांसद ने बहुत कड़ा बयान दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यूरोपीय संसद में डेनमार्क के सांसद एंडर्स विस्तिसेन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से कहा कि ग्रीनलैंड कोई बिकाऊ चीज नहीं है।

उन्होंने कहा कि ग्रीनलैंड पिछले 800 सालों से डेनमार्क का हिस्सा है। यह बेचने के लिए नहीं है। इसके बाद उन्होंने कहा कि इसे ऐसे शब्दों में कहूं जो आप समझें, तो मिस्टर प्रेसिडेंट, भाड़ में जाइए। इस पर यूरोपीय संसद के उपाध्यक्ष निक. ोलाए स्टेफानुता ने उन्हें टोकते हुए कहा कि इस तरह की भाषा सदन के नियमों के खिलाफ है। इस बयान अब तक पर ट्रम्प की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। दरअसल, ट्रम्प ने पहले फ्रांस की वाइन और शैम्पेन पर 200 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। यह धमकी उन्होंने इसलिए दी क्योंकि फ्रांस ने अमे. रिका के प्रस्तावित गाजा पीस बोर्ड में शामिल होने से मना कर दिया था। पिछले कुछ हफ्तों में ट्रम्प कई बार कह चुके हैं कि ग्रीनलैंड पर अमेरिका का कंट्रोल होना चाहिए। उनका कहना है कि आर्कटिक इलाके में रूस और चीन के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए वहां अमे. रिकी सेना की मौजूदगी जरूरी है। ग्रीनलैंड को लेकर ट्रम्प ने यूरोप के उन देशों पर भी दबाव बनाया है जो डेनमार्क का समर्थन कर रहे हैं।

■ ग्रीनलैंड बिकाऊ नहीं, ये 800 साल से हमारा हिस्सा

# ट्रम्प बोले: 8 जंग रुकवाई हर एक के लिए नोबेल मिले

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने एक बार फिर नोबेल शांति पुरस्कार को लेकर नाराजगी जताई है। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने अब तक 8 जंग रुकवाए हैं, उन्हें हर जंग रुकवाने के लिए अलग-अलग नोबेल मिलना चाहिए। ट्रम्प ने कहा कि वे बात खुद नहीं कहना चाहते, लेकिन सच यही है। अगर कोई कहता है कि मुझे नोबेल नहीं देने में नार्वे का कोई रोल नहीं है तो यह गलत है। नोबेल वही से दिया जाता है।

इसका फैसला भी वही करते हैं। इससे पहले नार्वे के प्रधानमंत्री जोनस स्टोर ने सोमवार को कहा था कि नोबेल शांति पुरस्कार देने का फैसला नार्वे सरकार नहीं, बल्कि एक स्वतंत्र नोबेल कमेटी करती है। उन्होंने कहा कि यह बात ट्रम्प को भी पहले समझाई जा चुकी है। ट्रम्प ने वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया मचाडो की भी तारीफ की। उन्हें इस बार शांति का नोबेल दिया गया है। ट्रम्प ने कहा कि मचाडो ने मुझे यह प्राइज पेश किया और कहा कि ट्रम्प इसके ज्यादा हकदार हैं। ट्रम्प ने यह भी कहा कि उन्होंने 10 महीनों में भारत और पाकिस्तान समेत आठ युद्ध खत्म करवाए हैं। उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान के हालात बेहद गंभीर मोड़ पर थे और हालात परमाणु युद्ध तक जा सकते थे, लेकिन दुनिया एक बड़े यहां तक कि न्यूक्लियर वार से बच गई। अंतर्राष्ट्रीय संघर्षों को रुकवाने का दावा करते हुए ट्रम्प ने कहा कि उन्हें हर युद्ध रुकवाने के लिए उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार मिलना चाहिए था। अपने दूसरे कार्यकाल के एक साल पूरे होने पर ट्रम्प ने कहा कि उनके फैसलों से अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा मजबूत हुई और दुनिया बड़े युद्धों से बची। ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल का एक साल पूरा होने पर अमे. रिका के कई शहरों में उनके खिलाफ प्रदर्शन हुए। एक्टिविस्ट और आम लोग उनकी अलग-अलग नीतियों से नाराज दिखे। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि ट्रम्प की नीतियों ने दुनिया भर में अमेरिका की सालों से बनी अच्छी छवि और भरोसे को नुकसान पहुंचाया है।



■ इस बार जिसे पुरस्कार मिला, उसे भी पता कि मैं असली हकदार

# पाक रक्षा मंत्री ने फर्जी पिज्जा हट का किया उद्घाटन

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ एक अजीब विवाद में फंस गए हैं। उन्होंने सियालकोट कैंटोनमेंट में पिज्जा हट ब्रांड वाले एक आउटलेट का उद्घाटन किया। लेकिन कुछ ही घंटों बाद पिज्जा हट कंपनी ने इस आउटलेट को फर्जी बता दिया।

सोशल मीडिया पर उद्घाटन की तस्वीरें और वीडियो वायरल होने के बाद पिज्जा हट पाकिस्तान ने बयान जारी कर साफ किया कि इस आउटलेट से उसका कोई लेना-देना नहीं है। वायरल तस्वीरों और वीडियो में ख्वाजा आसिफ सियालकोट कैंटोनमेंट में बने आउटलेट का फीता काटते नजर आ रहे हैं। उन्होंने हाथ में कैंची लेकर कैमरे के सामने पोज भी दिया। तस्वीर पाकिस्तान के फर्जी पिज्जा हट आउटलेट की है। इसे गुब्बारों के साथ सजाया गया था। यह मामला सामने आते ही सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लोगों ने इसे लेकर मजाक उड़ाना शुरू कर दिया। एक यूजर ने लिखा कि रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने सियालकोट में एक फर्जी पिज्जा हट फ्रेंचाइजी का उद्घाटन किया। ये बेवकूफ बूढ़े लोग हम पर थोपे गए हैं। एक अन्य यूजर ने मजाक करते हुए लिखा कि जब पिज्जा हट खुद कह दे, यह हमारी स्लाइस नहीं है। पिज्जा हट पाकिस्तान ने बयान जारी कर कहा कि सियालकोट कैंटोनमेंट में खुला यह रेस्टोरेंटपिज्जा हट के नाम और ब्रांड का गलत इस्तेमाल कर रहा है।

■ कंपनी बोली: हमारा कोई लेना देना नहीं, सोशल मीडिया पर मजाक बना

# सुनीता विलियम्स 27 साल बाद हुई रिटायर

## दिल्ली में बोलीं: भारत आना घर वापसी जैसा, चांद पर जाना चाहती हूं, लेकिन पति इजाजत नहीं देंगे

**नई दिल्ली।** भारतीय मूल की अमे. रिकी एस्ट्रोनाट सुनीता विलियम्स ने मंगलवार को कहा, इस समय दुनिया में अंतरिक्ष को लेकर एक तरह की होड़ (स्पेस रेस) चल रही है। कई देश चांद और अंतरिक्ष में आगे बढ़ने की कोशिश कर रहे हैं। लक्ष्य सिर्फ पहले पहुंचना नहीं है, बल्कि यह है कि इंसान सुरक्षित, टिकाऊ और लंबे समय तक रहने लायक तरीके से चांद पर जाए।

सुनीता ने यह बात दिल्ली के अमेरि. कन सेंटर में आंखें सितारों पर, पैर जमीं पर सेमिनार में कहीं। उन्होंने यह भी कहा कि यह काम सबके फायदे, सहयोग और पारदर्शिता के साथ, लोकतांत्रिक तरीके से किया जाना चाहिए, ताकि किसी एक देश का दबदबा न हो और पूरी मानवता को इसका लाभ मिले। सभी देश सहयोग के साथ आगे बढ़ें, बिल्कुल अंटार्कटिका माडल की तर्ज पर। सुनीता ने 27 साल के बाद रिटायरमेंट ले लिया है। इसकी घोषणा नासा ने 20 जनवरी को की। उनकी रिटायरमेंट 27 दिसम्बर 2025 से लागू होगी।

सुनीता बोलीं: स्पेस से धरती देखने पर महसूस होता है कि हम सब एक हैं। 60 साल की विलियम्स का आखिरी स्पेस मिशन सिर्फ 10 दिन का था, लेकिन वह साढ़े नौ महीने तक इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) पर रहीं। सुनीता 27 साल पहले 1998 में नासा से जुड़ी थीं। उन्होंने नासा के 3 मिशन में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने अंतरिक्ष में 608 दिन बिताए। पहली बार वह 9 दिसम्बर 2006 को अंतरिक्ष में गई थीं। सुनीता ने अंतरिक्ष में 9 स्पेसवाक की। इस दौरान उन्होंने 62 घंटे 6 मिनट तक अंतरिक्ष में चहलकदमी की। यह किसी भी महिला अंतरिक्ष यात्री में सबसे ज्यादा है। वह अंतरिक्ष में पहली बार मैराथन दौड़ने वाली यात्री भी बनीं। भारत आना उन्हें घर वापसी जैसा लगता है, क्योंकि उनके पिता गुजरात के मेहसाणा जिले के झूलासन गांव से थे। वहीं, चांद पर जाने के एनडीटीवी के सवाल पर मजाकिया लहजे में कहा, श्मैं चंद्रमा पर जाना चाहती हूं, लेकिन मेरे पति मुझे इजाजत नहीं देंगे। घर वापसी और जिम्मेदारी सौंपने का समय आ गया है। अंतरिक्ष खोज में अगली पीढ़ी को अपना स्थान बनाना होगा। क्या स्पेस ट्रैवल ने उनकी जिंदगी के नजरिए को बदला है, तो उन्होंने कहा-हां, बिल्कुल। जब आप धरती को स्पेस से देखते हैं, तो महसूस होता है कि हम सब एक हैं और हमें ज्यादा करीब से मिलकर काम करना चाहिए। अंतरिक्ष में फैले कचरे पररू पिछले एक दशक में यह एक बड़ी चुनौती बन गई है और इसे मैनेज करने के लिए नई टेक्नोलाजी की जरूरत है।

■ इसकी घोषणा नासा ने 20 जनवरी को की, उनकी रिटायरमेंट 27 दिसम्बर 2025 से लागू होगी



# शिंजो आबे को गोली मारने वाले अपराधी को आजीवन कारावास

**टोक्या।** जापान की अदालत ने बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की गोली मारकर हत्या करने वाले शख्स को उम्रकैद की सजा सुनाई है। शिंजो आबे की हत्या करने की बात इस शख्स ने कबूल की थी। इस मामले ने जापान की सत्तारूढ़ पार्टी और एक विवादास्पद दक्षिण कोरियाई चर्च के बीच दशकों पुराने घनिष्ठ संबंधों को उजागर किया है। जापान के सबसे प्रभावशाली राजनेताओं में शामिल शिंजो आबे प्रधानमंत्री पद छोड़ने के बाद एक नियमित सांसद के रूप में कार्यरत थे। इसी दौरान 2022 में पश्चिमी शहर नारा में चुनाव प्रचार के दौरान उनकी हत्या कर दी गई। इस घटना ने सख्त बंदूक नियंत्रण वाले देश को स्तब्ध कर दिया। 45 वर्षीय तेत्सुया यामागामी ने अक्टूबर में शुरू हुए मुकदमे में हत्या का अपराध स्वीकार कर लिया था। अदालत ने बुधवार को फैसला सुनाते हुए आजीवन कारावास की सजा का एलान किया। शूटर ने कहा कि वह एक विवादास्पद चर्च के प्रति नफरत से प्रेरित था।

# दक्षिण कोरिया के पूर्व पीएम को 23 साल की सजा

## अदालत ने मार्शल लॉ लगाने को करार दिया विद्रोह

**सियोल।** दक्षिण कोरिया की एक अदालत ने पूर्व राष्ट्रपति यून सुक-योल की ओर से देश में मार्शल ला लगाने को संविधान के खिलाफ विद्रोह करार दिया। इसी के साथ अदालत ने पूर्व राष्ट्रपति के करीबी सहयोगी और पूर्व प्रधानमंत्री हान डक-सू को 23 साल की सजा सुनाई।

यह फैसला यून प्रशासन से जुड़े विद्रोह के मामलों में पहला बड़ा दोषसिद्धि फैसला माना जा रहा है। सियोल सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने बुधवार को दिए गए फैसले में कहा कि यून सुक-योल का मार्शल ला आदेश एक तरह का 'खुद का तख्तापलट' था, जिसका मकसद संवैधानिक व्यवस्था को कमजोर करना था। अदालत ने संसद और चुनाव कार्यालयों में सेना व पुलिस की तैनाती को गंभीर अस्थिरता फैलाने वाला कदम बताया। अदालत के अनुसार, तत्कालीन प्रधानमंत्री हान डक-सू ने मंत्री परिषद की बैठक के जरिए मार्शल ला आदेश को प्रक्रियात्मक वैधता देने की कोशिश की और इस तरह विद्रोह में अहम भूमिका निभाई। उन्हें मार्शल ला घोषणा में हेरफेर, दस्तावेज नष्ट करने और शपथ के तहत झूठ बोलने का भी दोषी ठहराया गया। अदालत के फैसले में कहा गया कि हान ने संविधान की रक्षा करने के अपने कर्तव्य की अनदेखी की और यह मानते हुए विद्रोह का हिस्सा बने कि यह सफल हो सकता है। अदालत ने चेतावनी दी कि ऐसे कृत्यों से देश एक बार फिर उस दौर में लौट सकता था, जहां नागरिक अधिकारों और लोकतांत्रिक व्यवस्था को कुचला जाता है। सजा सुनाए जाने के बाद हान डक-सू को तुरंत जेल भेज दिया गया। इससे पहले वे हिरासत में नहीं थे। गौरतलब है कि स्वतंत्र अभियोजक ने उनके लिए 15 साल की सजा मांगी थी, ऐसे में 23 साल की सजा को अप्रत्याशित माना जा रहा है। हान इस फैसले के खिलाफ अपील कर सकते हैं। यह फैसला राष्ट्रपति यून सुक-योल के खिलाफ चल रहे मामलों के लिए भी अहम माना जा रहा है। यून पर विद्रोह का मास्टरमाइंड होने का आरोप है और उनके खिलाफ स्वतंत्र अभियोजक मृत्युदंड तक की मांग कर चुके हैं। उनके विद्रोह मामले पर 19 फरवरी को फैसला आने की संभावना है।



■ उनके विद्रोह मामले पर 19 फरवरी को फैसला आने की संभावना है

## नेपाल में सुशीला कार्की की सरकार से चार मंत्रियों का इस्तीफा

**काठमांडा।** नेपाल में आगामी आम चुनाव से पहले राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। कार्यवाहक प्रधानमंत्री सुशीला कार्की की अगुवाई वाली सरकार के चार मंत्रियों ने चुनाव लड़ने के लिए अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। नेपाल में 5 मार्च को होने वाले आम चुनाव लड़ने के लिए इन सभी ने अपना नामांकन दाखिल किया है। विज्ञान और शिक्षा मंत्री महाबीर पुन ने मंगलवार को अपने पद से इस्तीफा देने के बाद म्याग्दी जिले से स्वतंत्र उम्मीदवार के तौर पर नामांकन दाखिल किया। इससे पहले सोमवार को संचार मंत्री जगदीश खरेल और खेल मंत्री बबलू गुप्ता ने भी मंत्री पद छोड़कर प्रतिनिधि सभा का चुनाव लड़ने का फैसला किया था।

